**सच, सिर्फ सच** **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 25 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 25, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 14 अरब डॉलर बढ़ा

आरबीआई ने बताया कि समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 14.16 अरब डॉलर बढ़कर 701.36 अरब डॉलर पर पहुंच गया। } 14

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति मुर्मू राष्ट्र को करेंगी संबोधित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित होगा। } 16

# मिर्जापुर धर्मांतरण का मास्टरमाइंड इमरान दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली/मिर्जापुर। यूपी स्थित मिर्जापुर के जिम में चल रहे धर्मांतरण के खेल में शामिल मास्टरमाइंड इमरान को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक इमरान

**❍ दुबई जाने की फिराक में था**

को शुक्रवार रात को दबोच लिया गया था। इसके ऊपर 25 हजार का ईनाम भी घोषित है। यूपी स्थित मिर्जापुर के जिम में दोस्ती कर धर्मान्तरण कराने के मामले में मुख्य आरोपी सरगना इमरान को दिल्ली एयरपोर्ट से इमिग्रेशन डिपार्टमेंट ने गिरफ्तार कर लिया है।

इमरान को शुक्रवार की रात को ही गिरफ्तार कर लिया गया था, जिसके



बाद उसे दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया गया। दिल्ली पुलिस की सूचना पर मिजार्पुर पुलिस शनिवार की सुबह दिल्ली पहुंची। उसे रिमांड पर लेकर वापस आ रही है। पटियाला कोर्ट में पेश करने के बाद मिजार्पुर पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर लेकर उसे मिजार्पुर आ रही है। इस मामले में मिजार्पुर पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि इमरान के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया हुआ था, इसी के आधार पर इमरान की गिरफ्तारी संभव हो पाई। उसे मिर्जापुर पुलिस लेकर आ रही है, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। इससे पहले यूपी पुलिस के सिपाही की भी इस केस में संलिप्पता सामने आ चुकी है। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया है। ये बात जांच में सामने आई है कि आयरन फायर जिम का संचालन सिपाही इरशाद खां की ही निगरानी में होता था। जिसमें इरशाद का शागिर्द फरीद अहमद था। जिसे पुलिस ने मुठभेड़ में गोली मारकर पकड़ा है। सिपाही इरशाद इस समय माधोसिंह रेलवे स्टेशन पर जीआरपी में तैनात था। ...शेष पृष्ठ 14 पर

# युवाओं के लिए नये अवसर खोल रहे व्यापार समझौते : मोदी

## विभिन्न सरकारी नौकरियों के 61000 नियुक्ति पत्र इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सौंपे

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत देश के भीतर और विदेश में युवाओं के लिए नये अवसर पैदा करने के वास्ते विभिन्न देशों के साथ व्यापार और आवागमन संबंधी समझौते कर रहा है।

मोदी ने यह बात 18वें रोजगार मेले में कही, जहां उन्होंने विभिन्न सरकारी नौकरियों के 61,000 नियुक्ति पत्र इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सौंपे। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित रोजगार मेलों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत कई देशों के साथ व्यापार और आवागमन संबंधी समझौते कर रहा है। ये व्यापार समझौते देश के युवाओं के लिए नये अवसर



लेकर आ रहे हैं। मोदी ने कहा कि दुनिया में युवाओं की सबसे अधिक संख्या भारत में है और उनकी सरकार देश के भीतर और विदेश में युवाओं के लिए नये अवसर पैदा करने के प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री ने नियुक्ति पत्र हासिल करने वाले अभ्यार्थियों से अपील की कि वे इन्हें (नियुक्ति पत्रों को) राष्ट्र निर्माण में शामिल होने के निमंत्रण और एक विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करने की प्रतिज्ञा के रूप में लें। मोदी ने युवाओं से पिछले वर्षों में सरकारी कार्यालयों में अपने अनुभवों को याद करने को कहा और उनसे आग्रह किया कि वे अपने कार्यकाल के दौरान नागरिकों को ऐसी कठिनाइयों का सामना न करने देने का संकल्प लें। मोदी ने युवाओं से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय नागरिक देवो भव (नागरिक भगवान के समान है) के आदर्श वाक्य के साथ काम करने का भी आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के दिनों में सरकार ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राज्य को शीर्ष बनाने का लें संकल्प यूपी दिवस पर पीएम का आह्वान

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राज्य के लोगों से आह्वान किया कि वे विकास के हर पैमाने पर राज्य को शीर्ष बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश दिवस की बधाई दी। योगी ने मोदी के पत्र को एक्स पर साझा करते हुए लिखा, उत्तर प्रदेश दिवस के पावन अवसर पर आत्मीय एवं प्रेरणादायी शुभकामनाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हृदय से आभार। मोदी ने पत्र में लिखा, आज का यह दिन उत्तर प्रदेश के हर नागरिक के लिए संकल्प का भी अवसर है। उत्तर प्रदेश के सभी निवासियों को विकास के हर पैमाने पर राज्य को शीर्ष ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### ईडी ने 11.3 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

अहमदाबाद। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुजरात के पंचमहल जिले के गोधरा में खैर की लकड़ी की कथित तस्करी रैकेट के संबंध में 11.3 करोड़ रुपये मूल्य की 14 अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईडी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत संपत्तियों को कुर्क किया गया है। इस मामले में आरोपी मुश्ताक आदम तसिया और मोहम्मद ताहिर हुसैन सहित अन्य लोग तापी, सूरत, वलसाड, नवसारी, नर्मदा और गुजरात के अन्य जिलों के वन्यजीव अभयारण्यों से वन अधिकारियों की अनुमति के बिना खैर के पेड़ अवैध रूप से काटने में शामिल थे। खैर की लकड़ी काफी टिकाऊ होती है। इसका व्यापक रूप से पारंपरिक चिकित्सा, रंगाई और पान में प्रयुक्त कत्था के स्रोत के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। ईडी ने बताया कि तसिया और हुसैन कई अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर लगातार अवैध रूप से खैर के पेड़ काट रहे थे।

### बुजुर्ग दंपति से 14 करोड़ ठगी में आठ गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के तहत एक बुजुर्ग दंपति से 14 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी से जुड़े मामले में एक पुजारी समेत आठ लोगों को तीन राज्यों से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने इस कार्वाई में कंबोडिया और नेपाल से जुड़े साइबर ठगी गिरोह का भी भंडाफोड़ किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को गुजरात, उत्तरप्रदेश और ओडिशा से गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह कानून प्रवर्तन एजेंसियों का भेष धारण कर लोगों को डराता था और म्यूल बैंक खातों के जरिये रकम हड़पता था। म्यूल खाते ऐसे बैंक खाते होते हैं, जिसका इस्तेमाल अपराधी, खाताधारक की जानकारी से या जानकारी के बगैर, अवैध धन प्राप्त करने, धन अंतरित करने या उसे वैध बनाने के लिए करते हैं।

# विकसित भारत का इंजन बनेगा उत्तर प्रदेश: शाह

## परिवारवादी पार्टियां, चाहे वह कांग्रेस हो, सपा हो या बसपा, उत्तर प्रदेश की भलाई और विकास नहीं कर सकतीं



विशेष संवाददाता

लखनऊ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश को देश की आत्मा बताते हुए शनिवार को कहा कि 2047 में देश की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक यह राज्य विकसित भारत के इंजन के रूप में उभरेगा। शाह ने उत्तर प्रदेश दिवस समारोह में राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित सभा में गैर-भाजपा सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश को दशकों तक पिछड़ा रखा और इसे बीमारू राज्य के रूप में प्रचारित किया, जबकि भाजपा सरकार ने इसे सफल राज्य में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि लोग जातिवाद से ऊपर उठकर भाजपा को वंशवादी पार्टियों पर प्राथमिकता दें। शाह ने कहा, परिवारवादी (वंशवादी) पार्टियां, चाहे वह कांग्रेस हो, समाजवादी पार्टी (सपा) हो या बहुजन समाज पार्टी (बसपा) हो, उत्तर प्रदेश की भलाई और विकास नहीं कर सकतींअ केवल भाजपा ही यह कर सकती है। उन्होंने कहा, केंद्र में नरेन्द्र मोदी और राज्य में योगी आदित्यनाथ होने से उत्तर प्रदेश के विकास की हर संभावना खुल गई है। राज्य की भलाई के लिए ईमानदारी से प्रयास किए गए हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, उत्तर प्रदेश को कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने बीमारू राज्य बना दिया था, लेकिन भाजपा सरकार ने इसे सफल राज्य में बदल दिया और हर गांव और घर में विकास हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश को 1980 के दशक में बीमारू माना जाता था, क्योंकि इन राज्यों के आर्थिक व जनसांख्यिकीय संकेतक बहुत खराब थे। शाह ने यह भी कहा कि राज्य देश की प्रगति में एक केंद्रीय स्थान रखता है और 2047 तक इसे पूरी तरह से विकसित कर दिया जाएगा। उन्होंने राज्य के स्थापना दिवस पर कहा, उत्तर प्रदेश भारत की धड़कन है, और दूसरे शब्दों में कहें तो उत्तर प्रदेश भारत की आत्मा भी है। मुझे पूरी तरह से विश्वास है कि उत्तर प्रदेश भारत के विकास का इंजन बनेगा, एक विकसित भारत का इंजन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण का हवाला देते हुए शाह ने कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार संयुक्त रूप से विकसित राष्ट्र और विकसित राज्य के लक्ष्य को हासिल करने के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने एक विकसित भारत ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नयी रोजगार पहल युवाओं को व्यापार के अवसरों से जोड़ने का काम करेगी: योगी

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को युवाओं के लिए एक नयी रोजगार पहल की घोषणा की और कहा कि यह युवाओं की क्षमताओं को नौकरी व व्यापार के अवसरों से जोड़ने का काम करेगी।

वह राज्य के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे, जहां उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत भी किया। राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम में आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस समारोह पूरे राज्य के 75 जिलों में आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भेजे गए संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि देश ने मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में एक परिवर्तित भारत देखा है और उत्तर प्रदेश ने उस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आदित्यनाथ ने इसके बाद प्रधानमंत्री का पत्र मंच से पढ़ा, जिसमें मोदी ने उत्तर प्रदेश की समृद्ध विरासत, विकास की दिशा, बेहतर हुए बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सुविधाओं की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस के समारोह राज्य भर में आयोजित किए जा रहे हैं और राज्य के बाहर तथा विदेश में रहने वाले लोग भी विभिन्न तरीकों से इस कार्यक्रम से जुड़ रहे हैं। उन्होंने इस वार्षिक समारोह की शुरुआत की याद करते हुए कहा कि इस दिन को पहली बार 2018 में औपचारिक रूप से मनाया गया था। उन्होंने राम नाईक राज्य के राज्यपाल थे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में, जबकि अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। आदित्यनाथ ने सरदार वल्लभभाई पटेल रोजगार क्षेत्र की घोषणा की, जिसकी शुरुआत शाह ने की। उन्होंने कहा, इस योजना के तहत, प्रत्येक जिले में लगभग 100 एकड़ भूमि ...शेष पृष्ठ 14 पर

# कैंचीधाम बाईपास निर्माण के लिए धामी सख्त

## यात्रा सीजन से पहले खोलने के निर्देश

प्रमुख संवाददाता

नैनीताल। उत्तराखंड में तीर्थ पर्यटन और सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल में निमार्णाधीन सैनिटोरियम-रातीघाट कैंचीधाम बाईपास का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी और निर्धारित समय-सीमा के भीतर मार्ग को यातायात के लिए तैयार किया जाए।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से परियोजना की वर्तमान प्रगति की जानकारी ली और निर्माण कार्यों में



गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्व प्रसिद्ध कैंचीधाम मंदिर में वर्षभर श्रद्धालुओं का भारी आवागमन रहता है, जिससे क्षेत्र में लगातार यातायात दबाव बना रहता है। इस स्थिति से स्थायी राहत दिलाने के लिए सरकार बाईपास परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि लगभग 18 किलोमीटर लंबा यह ...शेष पृष्ठ 14 पर

## करुणेश बने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ

नोएडा। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी कृष्णा करुणेश को नोएडा प्राधिकरण का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। वह लोकेश एम. का स्थान लेंगे। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। नोएडा प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस नियुक्ति की पुष्टि की। सेक्टर-150 में 16 जनवरी की रात 27-वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के बाद उपजे विवाद के कुछ दिनों बाद 2011 बैच के आईएएस अधिकारी करुणेश ने पदभार संभाला है। इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने डेवलपर और प्राधिकरण की कथित लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। घटना और उसके बाद हुए ...शेष पृष्ठ 14 पर

# हिंदू छात्रा को पहनाया बुर्का, किया ब्रेनवॉश

## पीड़िता के भाई ने मुस्लिम छात्राओं पर लगाया आरोप, केस दर्ज

जिला संवाददाता

मुरादाबाद। बिलारी नगर की साहूकुंज कॉलोनी में ट्यूशन पढ़ने जाने वाली 16 वर्षीय हिंदू छात्रा को उसकी मुस्लिम सहेलियों ने कथित तौर पर दबाव बनाकर बुर्का पहनाया। वीडियो वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता के भाई की ओर से थाना बिलारी में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसमें कहा गया है कि उसकी बहन 12वीं कक्षा की छात्रा है और वह साहूकुंज कॉलोनी में शिक्षक के घर ट्यूशन पढ़ने जाती थी।

उसके साथ पांच मुस्लिम छात्राएं भी पढ़ती थीं, जिनसे 11वीं कक्षा के दौरान उसकी दोस्ती हुई थी। आरोप है कि इसी दोस्ती के दौरान छात्राओं ने



धीरे-धीरे उसका ब्रेनवॉश करना शुरू कर दिया। पीड़िता के भाई का कहना है कि 20 दिसंबर को ट्यूशन से लौटते समय उसकी बहन पर दबाव बनाकर उसे बुर्का पहनाया गया। छात्रा से कहा गया कि बुर्का पहन ले, उस पर अच्छा लगेगा। आरोप है कि यह सब उसकी मर्जी के खिलाफ किया गया। भाई का दावा है कि यह सिर्फ एक घटना नहीं है बल्कि इसके पीछे कोई गहरी साजिश हो सकती है। छात्राओं को आगे करके जबरन धर्म परिवर्तन की मुहिम चलाई जा रही है, जिसकी निष्पक्ष जांच जरूरी है। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जाएगी। उधर, साहूकुंज कॉलोनी के लोगों ने भी इस पूरे घटनाक्रम को लेकर चिंता जताई है। कॉलोनीवासियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर संबंधित कोचिंग सेंटर में छात्र-छात्राओं के आचरण को लेकर शिकायत की। लोगों का आरोप है कि छात्र आपस में लड़ने के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हैं। ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

अधिकतम : 24.06 डिसे.
न्यूनतम : 9.00 डिसे.

**भीतर पढ़ें**

❍ अब पूरी दुनिया चखेगी उत्तर प्रदेश का हर स्वाद (पृष्ठ-02)
❍ 26 हजार से अधिक गांवों में पहुंचा हर घर जल (पृष्ठ-02)
❍ रेलवे ने की 294 दिनों में 23 हजार करोड़ की माल ढुलाई (पृष्ठ-14)
❍ दुनिया में उथल-पुथल के बावजूद वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता (पृष्ठ-16)
❍ वायदा बाजार में कच्चे तेल के भाव में तेजी (पृष्ठ-16)

**विशेष खबर**

## बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट ने राजधानी लखनऊ में जगह-जगह जलवाये अलाव, गरीबों ने ली राहत की सांस

# जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना हमारा संकल्प : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने शनिवार को गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को जाड़े से निजात दिलाने के लिए राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाने की व्यवस्था की। इससे लोगों ने बड़ी राहत महसूस की।

ट्रेन-बस पकड़ने वाले यात्रियों और सवारियों की प्रतीक्षा कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने भी अलाव तापकर सर्दी से राहत पाई। शनिवार को तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह अलाव तापते नजर आए। अस्पताल में भर्ती मरीजों के







तीमारदारों ने भी विराज सागर दास द्वारा जलवाए गए अलाव की सराहना की।

गौरतलब है कि जाड़े की रात गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती है। अलाव सर्दी से लड़ने में उनके सहायक बनते हैं। ऐसे लोगों की मदद के लिए शहर के हर गली-मोहल्ले व चौराहे पर विराजसागर दास अलाव जलवा रहे हैं जो लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोगों ने गुरुवार को शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K





# गृह मंत्री अमित शाह का सीएम योगी समेत वरिष्ठ नेताओं ने किया स्वागत व अभिनंदन

लखनऊ। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह शनिवार को लखनऊ पहुंचे। अमित शाह के राजधानी लखनऊ आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, भाजपा मध्य प्रदेश के प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह, विजय बहादुर पाठक, संतोष सिंह, सलिल विश्नोई, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, अमर पाल मौर्य, अनूप गुप्ता, संजय राय, सुभाष यदुवंश सहित अन्य प्रमुख पार्टी पदाधिकारियों ने स्वागत व अभिनंदन किया।

# ओडीओसी : अब पूरी दुनिया चखेगी उत्तर प्रदेश का हर स्वाद

## आगरा का पेठा, मथुरा का पेड़ा और काशी की मलइयो अब वैश्विक पहचान की ओर, उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर लांच हुई एक जनपद-एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना



**दुनिया तक पहुंचेगा यूपी का स्वाद** : उत्तर प्रदेश का लगभग हर जनपद किसी न किसी विशिष्ट व्यंजन के लिए प्रसिद्ध है। जैसे आगरा का पंछी पेठा, मथुरा का ब्रजवासी पेड़ा, अयोध्या का रामआसरे पेड़ा, अलीगढ़ (इगलास) का चमचम, बाराबंकी की चंद्रकला, पूर्वांचल का बाटी-चोखा व लिट्टी-चोखा, लखनऊ की रेवड़ी व मलाई मक्खन, काशी की लौंगलता व मलइयो, संडीला (हरदोई) के लड्डू और कानपुर के समोसे। ऐसे सैकड़ों व्यंजन हैं, जो अपने शहर में तो लोकप्रिय हैं, लेकिन राज्य या देश से बाहर इन्हें सीमित पहचान मिली है। ओडीओसी योजना के माध्यम से यूपी के सभी 75 जिलों के इन ऐतिहासिक व स्वादिष्ट व्यंजनों को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्ष 2018 में उत्तर प्रदेश में शुरू की गई एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना ने स्थानीय उद्योगों, कारीगरों और निर्यात को नई दिशा दी है। ओडीओपी के सफल क्रियान्वयन से प्रदेश के लाखों कारीगरों को स्वरोजगार मिला, निर्यात बढ़ा और यूपी की पहचान वैश्विक बाजारों तक पहुंची। अब इसी सफलता मॉडल को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश की समृद्ध पाक-कला विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से एक जनपद-एक व्यंजन यानी ओडीओसी (वन डिस्ट्रिक्ट-वन कुजीन) योजना की शुरूआत की है। यह योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरासत संग विकास विजन का विस्तार है, जिसमें सांस्कृतिक पहचान, पर्यटन, रोजगार और निर्यात को एक साथ साधने का प्रयास किया गया है।

ओडीओसी योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद से एक विशिष्ट, ऐतिहासिक और पारंपरिक व्यंजन की पहचान की जाएगी। इस योजना के प्रमुख उद्देश्य प्रदेश की पारंपरिक पाक-कला विरासत का संरक्षण व संवर्धन, व्यंजन तैयार करने वाले स्थानीय कारीगरों, हलवाइयों का पंजीकरण, चयनित व्यंजनों का गुणवत्ता मानकीकरण, ब्रांडिंग और मार्केटिंग, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यंजनों को पहचान दिलाना और स्थानीय आजीविका, स्वरोजगार व एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देना है।

ओडीओपी की तर्ज पर ओडीओसी भी जमीनी स्तर पर रोजगार सृजन का एक प्रभावी माध्यम बनेगी, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। पैकेजिंग जीआई टैग और ई-कॉमर्स से स्थानीय व्यंजनों को वैश्विक मंच मिलेगा। इस योजना के अंतर्गत इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग के सहयोग से फूड पैकेजिंग, शेल्फ लाइफ बढ़ाने और सुरक्षित परिवहन पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्थानीय उद्यमियों को एफएसएसएआई सर्टिफिकेशन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। पारंपरिक फूड वेंडर्स को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स से जोड़ा जाएगा। चयनित व्यंजनों की जीआई टैगिंग कर उनकी प्रामाणिकता और अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता सुनिश्चित की जाएगी।

# योगी के संकल्प से यूपी बना डिजिटल हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर का राष्ट्रीय मॉडल

- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन से प्रदेश में मजबूत हुई हेल्थ डीपीआई की नींव
- एसएमएस, वाट्सऐप और पीएचआर ऐप से मरीजों तक सीधे पहुंच रही जांच रिपोर्ट

लखनऊ। योगी सरकार की दूरदर्शी सोच और नीतिगत फैसलों से हेल्थ डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (हेल्थ डीपीआई) के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पूरे देश के लिए राष्ट्रीय मॉडल के रूप में उभरकर सामने आया है। प्रदेश में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत सुरक्षित, इंटरऑपरेबल स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत नींव रखी जा रही है। अस्पताल से लेकर मरीज तक की पूरी व्यवस्था को डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ा जा रहा है। इसका सीधा लाभ प्रदेश की 24 करोड़ से अधिक आबादी को मिलना शुरू हो गया है। डिजिटल हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर से उत्तर प्रदेश ने न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को तेज, पारदर्शी और मरीज केंद्रित बनाया है, बल्कि एआई आधारित हेल्थकेयर, इंटरऑपरेबिलिटी और सुरक्षित डाटा एक्सचेंज के लिए भी मजबूत आधार तैयार किया है।

स्वास्थ्य सचिव रितु माहेश्वरी ने बताया कि प्रदेश में एबीडीएम को कोर हेल्थ डीपीआई लेयर के रूप में लागू किया गया है। अब तक प्रदेश में 14.52 करोड़ से अधिक आभा आईडी बनाई जा चुकी हैं, जो देश में सर्वाधिक हैं। इसके साथ ही 70 हजार से अधिक स्वास्थ्य संगठनों और 1.04 लाख से ज्यादा हेल्थ प्रोफेशनल्स एबीडीएम के तहत पंजीकृत हो चुके हैं। डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड के क्षेत्र में भी यूपी ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। 13.03 करोड़ से अधिक हेल्थ रिकॉर्ड आभा से लिंक किए जा चुके हैं, जिससे मरीजों का संपूर्ण चिकित्सा इतिहास एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित उपलब्ध है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में हॉस्पिटल इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचआईएस) को डिजिटल हेल्थ बैकबोन के रूप में लागू किया गया है। वर्तमान में एनआईसी का नेक्स्ट-जेन एचआईएस और सीडीएसी का ई-सुश्रुत सिस्टम प्रदेश भर में लागू है। प्रदेश में 15 हजार से अधिक सरकारी और निजी अस्पताल एचआईएस का उपयोग कर रहे हैं, जबकि 1,171 सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान पूरी तरह डिजिटल सिस्टम से जुड़ चुके हैं। इनमें मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) शामिल हैं।

सीएम की मंशा के अनुरूप मरीजों को लाइन में लगने और कागजी झंझट से मुक्ति दिलाने के लिए आभा आधारित पंजीकरण व्यवस्था लागू की गई है। अब मरीज स्कैन और शेयर सुविधा के जरिए ओपीडी पंजीकरण कर सकते हैं। प्रदेश में लगभग 40 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन आभा आधारित हो चुके हैं। इससे मरीज का डाटा एक बार दर्ज होने के बाद भविष्य में किसी भी सरकारी अस्पताल में आसानी से उपलब्ध हो जाता है। योगी सरकार ने ई-प्रिस्क्रिप्शन को भी चरणबद्ध तरीके से लागू किया है। डॉक्टर अब डिजिटल पर्ची जारी कर रहे हैं, जिससे दवाओं में पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। इसके साथ ही स्कैन एंड पे और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सिस्टम (ओआरएस) के जरिए डिजिटल भुगतान की सुविधा शुरू की गई है, जिससे मरीजों को अस्पतालों में कैश लेन-देन से राहत मिली है।

# लोककल्याण केंद्रित बजट की करें तैयारी : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

- मुख्यमंत्री का निर्देश, बजट का हर प्रावधान आम नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला हो: मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री ने कहा: लोककल्याण और वित्तीय अनुशासन एक-दूसरे के पूरक, दोनों से समझौता नहीं

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले लगभग नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने विकास, सुरक्षा और समृद्धि की जिस दिशा में ठोस प्रगति की है, उससे प्रदेश की जनता को सरकार से बड़ी आशा है और जन-अपेक्षाओं पर खरा उतरना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आगामी बजट का केंद्र लोककल्याण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, श्रमिक, महिला, युवा और समाज के वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही बजट की आत्मा होनी चाहिए।

बैठक में मुख्यमंत्री के अधीन विभागों तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के विभागों के बजट प्रस्तावों, नई मांगों और केंद्रीय बजट 2026-27 के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा भी हुई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने बारी-बारी से विभागीय प्रमुख सचिव गणों से चालू वित्तीय वर्ष में बजट के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृति और खर्च के संबंध में अद्यतन जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 01 फरवरी को केंद्र सरकार का आम बजट आने वाला है। उसमें उत्तर प्रदेश से जुड़े प्रावधानों को देखें और तदनुसार अपने विभागीय बजट प्रस्ताव में आवश्यक सुधार करें। बैठक में बताया गया कि 2026-27 के प्रस्तावों में लोककल्याणकारी योजनाओं की निरंतरता, सामाजिक सुरक्षा के विस्तार और बुनियादी सुविधाओं को और मजबूत करने पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा और आवश्यक सेवाओं से जुड़े प्रावधानों को इस दृष्टि से देखा गया है कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मजबूत कानून-व्यवस्था ही विकास और निवेश का आधार है। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस, न्याय और प्रशासन से जुड़े विभागों के प्रस्ताव जन-सुरक्षा, त्वरित न्याय और आम नागरिक के विश्वास को और मजबूत करने वाले हों। बैठक में यह भी बताया गया कि सड़क, भवन और अन्य अवसंरचनात्मक विकास से जुड़े प्रस्तावों का उद्देश्य प्रदेश की कनेक्टिविटी, औद्योगिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है, ताकि विकास का लाभ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों तक समान रूप से पहुंचे।

# विकसित उत्तर प्रदेश : फॉर्च्यून-500 नीति से बदलेगा उत्तर प्रदेश का भविष्य

विशेष संवाददाता (vol)

- वैश्विक निवेश से औद्योगिक महाशक्ति बनने की खुलेगी राह
- वैश्विक कंपनियों की मौजूदगी से अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की फॉर्च्यून-500 नीति अब प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर मजबूत स्थिति में ले जाती दिखाई दे रही है। योगी सरकार के नेतृत्व में लागू की गई यह नीति बड़े बहुराष्ट्रीय औद्योगिक समूहों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए विशेष रूप से आकर्षित कर रही है। इस नीति का उद्देश्य केवल पूंजी निवेश ही नहीं, मैन्युफैक्चरिंग, रिसर्च और इनोवेशन आधारित औद्योगिक इकोसिस्टम का विकास भी है। फॉर्च्यून-500 नीति उत्तर प्रदेश के भविष्य को बदलने का काम कर रही है। वैश्विक निवेशक जिस प्रकार से उत्तर प्रदेश की ओर आकर्षित हो रहे हैं, उससे प्रदेश के औद्योगिक महाशक्ति बनने की राह खुलती दिख रही है। प्रदेश में जापान की फूजी सिल्वरटेक व एचएमआई ग्रुप, पोलैंड की कैनपैक, अमेरिका की पाइन वैली, उर्सा क्लस्टर और विजन सोर्स जैसी वैश्विक फार्च्यून कंपनियां उत्तर प्रदेश को अपना ठिकाना बना रही हैं।

प्रदेश सरकार के लॉजिस्टिक्स सब्सिडी, पेटेंट फीस, प्रतिपूर्ति व आरएंडडी सपोर्ट जैसे प्रावधानों से यह स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि उत्तर प्रदेश अब फॉर्च्यून-500 कंपनियों के लिए दीर्घकालिक व स्थिर निवेश गंतव्य बन चुका है। मशीनरी आयात पर परिवहन लागत की प्रतिपूर्ति से लेकर रिसर्च सेंटर और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तक की सुविधाएं वैश्विक कंपनियों के लिए शुरूआती जोखिम को कम कर रही हैं। इस नीति का असर यह हो रहा है कि बड़ी कंपनियां उत्तर प्रदेश में अपनी यूनिट शिफ्ट करने या नई उत्पादन इकाइयां लगाने में रुचि दिखा रही हैं। पेटेंट और आरएंडडी से जुड़े प्रोत्साहन प्रदेश में हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग और एडवांस टेक्नोलॉजी को बढ़ावा दे रहे हैं। इससे निवेश बढ़ने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर कुशल रोजगार के नए अवसर भी तैयार हो रहे हैं।

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में जब फॉर्च्यून-500 कंपनियों के प्रोजेक्ट पूरी तरह जमीन पर उतरेंगे तो उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमता कई गुना बढ़ेगी। निर्यात में वृद्धि होगी, प्रदेश का राजस्व बढ़ेगा और उत्तर प्रदेश देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों की श्रेणी में आगे खड़ा होगा। इससे पारंपरिक उद्योगों को भी नई तकनीक अपनाने का अवसर मिलेगा और उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी। नीति का एक अहम पहलू क्षेत्रीय संतुलन पर इसका प्रभाव है। बुंदेलखंड और पूर्वांचल जैसे क्षेत्रों में अधिक सब्सिडी और प्रोत्साहन देकर वहां उद्योगों को स्थापित करने का रास्ता खोला गया है। इससे इन क्षेत्रों में लगातार आधारभूत ढांचे का विकास हो रहा है। इस नीति के मौजूदा लाभ के अनुसार प्रदेश में बड़े औद्योगिक निवेश लगातार बढ़ रहे हैं। वैश्विक कंपनियों की मौजूदगी से उत्तर प्रदेश की औद्योगिक साख मजबूत हुई है। हाईटेक और वैल्यू एडेड मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिल रहा है। स्थानीय युवाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां सृजित हो रही हैं। निर्यात और सप्लाई चेन में उत्तर प्रदेश की भागीदारी बढ़ी है।

आने वाले समय में मिलने वाले लाभ में उत्तर प्रदेश वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन हब के रूप में उभरेगा। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक मजबूती मिलेगी। फॉर्च्यून-500 कंपनियों के जरिए नई तकनीक और आधुनिक स्किल प्रदेश में आएंगी। योगी सरकार का उद्योग, रोजगार और विकास का मॉडल और सशक्त होगा।

# विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करेंगे योगी आदित्यनाथ

विशेष संवाददाता (vol)

- आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में आयोजित होगा कार्यक्रम
- पिछड़ा वर्ग, समाज कल्याण व अल्पसंख्यक विभागों का संयुक्त आयोजन

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत राजधानी लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में 25 जनवरी को छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे, जो विभिन्न वर्गों के पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की योजनाओं और भविष्य की प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालेंगे। दोपहर 4:30 बजे जुपिटर हॉल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी सहभागिता होगी। छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए सहयोग प्रदान करना है। इस अवसर पर पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ओम प्रकाश राजभर, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण असीम अरुण, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप, समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड तथा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी भी उपस्थित रहेंगे।

# भाजपा सरकार में हर स्तर पर हो रहा भेदभाव : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

- सपा अध्यक्ष ने पत्रकारवार्ता कर भाजपा सरकार और चुनाव आयोग पर साधा निशाना



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार अधिकारियों से मिलकर मतदाता सूची में घपले और घोटाले कर रही है। फर्जी वोट जुड़वा रही है। पीडीए का वोट कटवा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भी निष्पक्ष नहीं है, अगर संवैधानिक संस्था ही निष्पक्ष कार्य नहीं करेगी तो कौन उन पर भरोसा करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपनी मनमर्जी से काम करा रही है। हर स्तर पर भेदभाव हो रहा है। सभी संवैधानिक संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि कोई भेदभाव न होने दे। आधार कर्ड को मतदाता सूची से जोड़ने की मांग करते हुए कहा कि आधार कार्ड को मेटल का बनाकर उसे मतदाता सूची से जोड़ दिया जाये। इससे मतदाता सूची की गड़बड़ी और फजीवाड़ा बंद हो जायेगा। पार्टी के राज्य मुख्यालय पर शनिवार को एसआईआर के बाद भी मतदाता सूची में आ रही खामियों को लेकर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि मतदाता सूची को लेकर जिस तरह की खबरें आ रही हैं उससे चुनाव आयोग की बहुत बदनामी हो रही है। उन्होंने कन्नौज विधानसभा में 200 से अधिक फर्जी और डबल वोटरों की सूची दिखाते हुए कहा कि भाजपा कुछ अधिकारियों से मिलकर फर्जी वोट बनवा रही है। उन्होंने कहा कि इस एसआईआर के माध्यम से भाजपा सरकार साजिश, षड्यंत्र और विपक्ष को कमजोर करने की तैयारी चल रही है। ऐसा लगता है कि एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग की कोई तैयारी नहीं थी। चुनाव आयोग बताए कि कौन लोग उन्हें टेक्निकल सपोर्ट उपलब्ध करा रहे हैं।

# यूपी ने बनाया नया रिकॉर्ड : 26 हजार से अधिक गांवों में पहुंचा हर घर जल

## केंद्र सरकार के सचिव ने लाभान्वित महिलाओं से किया संवाद

विशेष संवाददाता (vol)

- ग्रामीण जीवन में बड़ा बदलाव: ढाई करोड़ परिवारों को क्रियाशील गृह नल संयोजन प्रदान किया गया
- ग्रीन एनर्जी से हर साल 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में आएगी कमी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने जल जीवन मिशन के तहत एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए ग्रामीण पेयजल व्यवस्था में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। प्रदेश में अब तक 26,564 गांवों को ग्राम पंचायत की ओर से हर घर जल प्रमाणित किया जा चुका है। जबकि लगभग ढाई करोड़ ग्रामीण परिवारों को क्रियाशील गृह नल संयोजन प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि न सिर्फ ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता में सुधार का प्रमाण है, बल्कि सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा कदम माना जा रहा है।

जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश में गांव-गांव तक पाइप पेयजल योजना को तेजी से आगे बढ़ाया गया है। वर्तमान में 97 हजार से अधिक गांवों में पाइप पेयजल योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर नल से पानी पहुंचाने का लक्ष्य तेजी से साकार हो रहा है।

प्रदेश सरकार ने पेयजल योजनाओं को दीर्घकालिक और किफायती बनाने के लिए सौर ऊर्जा आधारित मॉडल को प्राथमिकता दी है। आज उत्तर प्रदेश की 80 प्रतिशत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाएं ग्रीन एनर्जी पर आधारित हैं। इसके तहत अब तक 33 हजार से ज्यादा ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाएं सौर ऊर्जा आधारित बनाई जा चुकी हैं, जिससे बिजली खर्च में कमी आई है। सोलर आधारित पेयजल योजनाओं से हर साल करीब 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आ रही है।

### केंद्रीय सचिव ने स्वचालन प्रणाली का किया गहन अवलोकन

केंद्र सरकार से आए सचिव अशोक कुमार मीना ने उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ के अन्तर्गत संचालित विकास खण्ड-गोसाईगंज की चांद सराय ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। सचिव ने योजना की गुणवत्ता, तकनीकी दक्षता, अत्यन्त स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित परिसर तथा सम्पूर्ण परियोजना के संचालन को उत्कृष्ट एवं आदर्श बताया। उन्होंने योजना के अन्तर्गत निर्मित ट्यूबवेल, पंप हाउस, ओवरहेड टैंक, 6 किमी से लंबी वितरण प्रणाली, 486 फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन (एफएचटीसी), 17.50 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट, डीजी सेट तथा क्लोरिनेशन एवं स्वचालन प्रणाली का गहन अवलोकन किया, जिसके बाद परिसर में पौधरोपण भी किया गया। सचिव ने एफएचटीसी से लाभान्वित महिलाओं, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों, ग्राम प्रधान तथा पंप ऑपरेटर से बातचीत की। इस योजना की कुल लागत 260.95 लाख रुपए है।

### महिलाओं-बच्चों को पानी ढोने से मिल रही मुक्ति

- जल जीवन मिशन की यह बड़ी कामयाबी प्रदेश के ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य सुधार और महिला सशक्तिकरण से भी जुड़ी है। घर-घर नल से पानी पहुंचने से महिलाओं और बच्चों को पानी लाने की कठिनाई से मुक्ति मिली है, वहीं स्वच्छ पानी उपलब्ध होने से जलजनित बीमारियों में भी कमी दर्ज की जा रही है।

# नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने छोड़ी कांग्रेस

- अविनाश व अजय से मुलाकात के बाद कर सकते हैं वापसी

**लखनऊ।** विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को शनिवार को बड़ा राजनीतिक झटका लगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। वह वर्तमान में संगठन में पश्चिमी क्षेत्र के प्रांतीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उन्होंने अपना इस्तीफा पार्टी हाईकमान को भेजा है।

हालांकि कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार देर शाम सीतापुर से लौटने के बाद नसीमुद्दीन सिद्दीकी से मुलाकात की। उन्होंने नसीमुद्दीन से उनकी नाराजगी की वजह जाननी चाही। सूत्रों के मुताबिक संगठन में उनकी तवज्जो को लेकर नसीमुद्दीन ने अपनी बात रखी है। हालांकि, तकरीबन आधे घंटे चली मुलाकात के बाद नसीमुद्दीन ने कहा है कि वह अपने लोगों के साथ एक बार फिर इस निर्णय पर बातचीत करेंगे और सबकी राय के आधार पर फैसला लेंगे। नसीमुद्दीन इस्तीफे पर पुनर्विचार कर सकते हैं। उनके इस्तीफे के बाद से प्रदेश की सियासी पारा चढ़ गया है। वह एक कद्दावर नेता माने जाते हैं और इससे पहले बसपा की सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। उनका राजनीतिक अनुभव और पकड़ पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मजबूत मानी जाती है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस में अपने सभी साथियों के साथ इसलिए शामिल हुए थे कि जातिवाद और संप्रदायवाद के साथ हो रहे अन्याय की लड़ाई लड़ी जा सके लेकिन कांग्रेस में यह लड़ाई नहीं लड़ पा रहा हूं इसलिए इस्तीफा दे दिया है।

# यूपी रेरा ने कराया 2,040 करोड़ का भुगतान

## 11,300 मामलों में 5,920 करोड़ की संपत्तियों का हुआ समाधान




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण ने वर्ष 2025 तक आवंटियों के हितों की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यूपी रेरा ने जहाँ एक ओर वसूली प्रमाणपत्रों के माध्यम से प्रमोटर द्वारा आवंटियों को देय धनराशि की प्रभावी वसूली कराई, वहीं आपसी समझौते और सुलह की प्रक्रिया को बढ़ावा देकर हजारों लंबित विवादों का समाधान भी सुनिश्चित कराया।

यूपी रेरा की पीठों के समक्ष धारा-31 के अंतर्गत धनवापसी, रजिस्ट्री सहित कब्जा या कब्जे में देरी पर ब्याज आदि से संबंधित शिकायतें बड़ी संख्या में दायर हुईं। सुनवाई के उपरांत पीठों ने आवंटियों के पक्ष में निर्णय दिए तथा प्रमोटरों के विरुद्ध वसूली प्रमाणपत्र (आर.सी.) निर्गत किए, जिसके आधार पर सम्बंधित जिलाधिकारियों की ओर से देय धन राशि की वसूली कराई गई।

रेरा से जारी 6,018 वसूली प्रमाणपत्रों (आर.सी.) में कुल 1,505 करोड़ रुपए की धनराशि वैधानिक कार्यवाही करके प्रमोटर से वसूली गई साथ ही रेरा ने वसूल की गई धनराशि को सीधे आवंटियों के बैंक खातों में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सीधे अंतरित कर दी गई। इसके अतिरिक्त 1,734 वसूली प्रमाणपत्रों में प्रमोटरों से 535 करोड़ रुपए की राशि का भी भुगतान आवंटियों को कराया गया। इन मामलों में आर.सी. जारी होने के बाद प्रमोटर और आवंटी के मध्य आपसी समझौते हुए, जिससे वसूली की नौबत आने से पहले ही मांग का समाधान हो गया। इस प्रकार रेरा द्वारा कुल 7,752 मामलों में आवंटियों को 2,040 करोड़ रुपए की धनराशि का भुगतान सुनिश्चित कराया गया है।

### आपसी समझौतों से संपत्ति विवादों का पूर्ण समाधान

प्रोमोटरों से वसूली की कार्यवाही के साथ-साथ यूपी रेरा ने घर खरीददारों से जुड़े विवादों, जैसे धनवापसी, कब्जा दिलाना तथा अन्य शिकायतों के शीघ्र, सरल और स्थायी समाधान के लिए आपसी सुलह -समझौतों को भी प्रमुखता से अपनाया। रेरा का उद्देश केवल दंडात्मक कार्यवाही करना नहीं, बल्कि कानून के अंतर्गत रहते हुए आवंटी और प्रमोटर दोनों के हितों को संतुलित करते हुए विवादों का समाधान करना है। रेरा की पीठों के सामने ऐसे अनेक मामले आए, जिनमें शिकायतों पर सुनवाई के दौरान आवंटी और प्रमोटर के बीच आपसी सहमति से समझौता हो गया। ऐसे मामलों में संबंधित पक्षों द्वारा समझौते की जानकारी रेरा को दी गई तथा समझौतानामा की प्रति रेरा पोर्टल पर अपलोड कर दी गई। इसके पश्चात पीठ ने उक्त समझौते को रिकॉर्ड पर लेते हुए मामले का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण कर दिया गया, जिससे आवंटियों को लंबी कानूनी प्रक्रिया से राहत मिल गई। इस प्रकार प्रोमोटरों की ओर से 3,073 आवंटियों से संबंधित मामलों में 1,872 करोड़ मूल्य की संपत्तियों का समाधान किया गया।

### कन्सिलिएशन फोरम के माध्यम से विवादों का समाधान

कन्सिलिएशन फोरम विवादों के समाधान का एक महत्वपूर्ण और प्रभावी मंच है। इस मंच का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आवंटी और प्रमोटर आपसी संवाद के माध्यम से, बिना लंबी न्यायिक प्रक्रिया में फंसे, अपने विवादों का समाधान कर सकें। कन्सिलिएशन फोरम की कार्यवाही में प्रभावित आवंटी, संबंधित प्रमोटर, आवंटियों के संघ के प्रतिनिधि तथा प्रमोटरों संघ के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सुनिश्चित करायी जाती है। इस प्रक्रिया के माध्यम से 1,617 आवंटियों की 648 करोड़ रुपए की संपत्तियों से संबंधित समस्याओं का समाधान कराया गया। इसके अतिरिक्त, बहुत से मामलों में प्रमोटरों ने स्वेच्छा से आवंटियों के साथ समझौते द्वारा रेरा के आदेशों का अनुपालन कर लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष यूपी रेरा संजय भूसरेड्डी ने बताया कि जिन मामलों में प्रमोटरों द्वारा देय धनराशि के भुगतान में अनावश्यक विलंब किया गया, वहां सख्त कानूनी दृष्टिकोण अपनाते हुए रिकवरी सर्टिफिकेट जारी किए गए और राशि वसूल कर सीधे आवंटियों के खातों में अंतरित कराई गई। वहीं, जहां आपसी समझौते की संभावना थी, वहां संवाद और सहमति के माध्यम से विवादों का समाधान कराया गया।

# सील करने से पहले दुकानदारों को मिले समय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आलमबाग नटखेडा रोड व्यापारियों ने शुक्रवार को नटखेडा रोड युवा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मनीष अरोडा सहित संगठन के पदाधिकारियों वरिष्ठ महामंत्री राजेश बत्रा, विवेक सक्सेना, विनय मलिक, इंद्रपाल ओबेरॉय सहित अन्य संगठन के पदाधिकारियों संग नगर निगम जोन पांच कार्यालय पहुंच जोनल अधिकारी विनीत कुमार सिंह, से मुलाकात की।

व्यापारियों ने दुकानें सील करने से पहले दुकानदारों को एक हफ्ते का समय दिए जाने सहित अन्य समास्याओं के निवारण किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। वहीं नटखेडा रोड युवा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मनीष अरोडा ने बताया आलमबाग नटखेड़ा रोड पर जलकल विभाग द्वारा साफ-सफाई के बाद सिलवट बाहर निकाल कर रख दी जाती है, जिससे नटखेड़ा रोड गोविंद गली के अंदर दूषित पानी आ रहा है। लोगों को आस-पास से पानी भरना पड़ रहा है, जिससे आम जनमानस को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसका ज्ञापन वह पूर्व में नगर निगम को दे चुके हैं। लेकिन अभी तक नगर निगम ने कोई सुनवाई नहीं की और न ही दुकानों के बाहर डस्टबिन रखा गया जिसके चलते उन्होंने व्यापारियों संग मिलकर नटखेडा रोड गोविंद गली सहित क्षेत्र में प्रतिदिन नटखेड़ा रोड से कूड़ा उठाए जाने सहित नगर निगम द्वारा दुकानें सील करने से पहले दुकानदारों को एक हफ्ते का समय दिये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।



### होटल समेत गृहकर बकायेदारों के प्रतिष्ठान सील

**लखनऊ।** गृहकर जमा न करने वाले बड़े बकायेदारों के विरुद्ध शहर के विभिन्न जोनों में व्यापक स्तर पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। इस अभियान का उद्देश्य राजस्व वसूली को सुदृढ़ करना, कर प्रणाली को मजबूत करना तथा नागरिकों को समय पर गृहकर जमा करने के लिए जागरूक करना है। जोन-2 के अंतर्गत राजा बाजार वार्ड में बड़े बकायेदारों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान तुलसीदास मार्ग एवं यहियागंज रोड क्षेत्र में कई भवनों पर कार्रवाई की गई। जोन-3 में जानकीपुरम द्वितीय वार्ड स्थित स्टार फील्ड होटल को गृहकर न जमा करने पर सील कर दिया गया। इस होटल पर लगभग 41 लाख रुपए का भारी बकाया था, जिसे लंबे समय से जमा नहीं किया गया था। वहीं जोन-7 में गौराबाग गुडंबा, लिबर्टी कॉलोनी सर्वोदय नगर इंदिरा नगर, सेक्टर-11 तकरोही इंदिरा नगर, सुगामऊ रोड, सलमानी मार्केट इंदिरा नगर, विवेकानंदपुरम कल्याणपुर, टेढ़ी पुलिया रिंग रोड, बजरंग नगर प्रगति विहार कल्याणपुर, आदिल नगर तथा गायत्रीपुरम कल्याणपुर क्षेत्रों में अभियान चलाकर 23 अनावासीय भवनों को सील किया गया। इन सभी भवनों पर कुल मिलाकर लगभग 17 लाख रुपए का गृहकर बकाया पाया गया।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर दिखी उत्तर प्रदेश के उत्सव की सतरंगी छटा

## लोकधुनों, रंगों और स्वाद में रचा-बसा 'उत्तर प्रदेश दिवस-2026' का जनोत्सव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुबह की हल्की धूप के बीच शनिवार को राष्ट्र प्रेरणा स्थल का पूरा परिसर ही उत्तर प्रदेश के रंग में रंगा नजर आया। ढोलक की थाप, शहनाई की मधुर स्वर लहरियां और लोकगीतों की मिठास के बीच उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का जनोत्सव केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राज्य की आत्मा को महसूस कराने वाला उत्सव बनकर सामने आया।

परिसर में कदम रखते ही चारों ओर सजी लोकचित्रों की प्रदर्शनी और रंग बिरंगे परिधानों में सजे कलाकार ध्यान खींचते रहे। हर दृश्य उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता की कहानी कह रहा था। कहीं ब्रज की होली की झलक दिखी, तो कहीं पूर्वांचल की लोकनृत्य शैली ने दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर चेहरे पर उत्साह और अपने प्रदेश को लेकर गर्व साफ झलक रहा था।



### प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को बनाये रखा जीवंत

लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को जीवंत बनाए रखा। कठपुतली नृत्य में लोककथाएं जैसे सजीव हो उठीं। रामायण के पात्रों के स्वांग ने श्रद्धा और मनोरंजन को एक साथ जोड़ दिया। हर प्रस्तुति के बाद तालियों की गूंज यह बताती रही कि यह उत्सव केवल देखने का नहीं, महसूस करने का अनुभव है। वहीं दूसरी ओर, विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा भी साफ नजर आई। यह परंपरा और प्रगति का ऐसा संगम था, जहां एक ओर विरासत को संजोया जा रहा था, तो दूसरी ओर भविष्य की दिशा भी स्पष्ट दिखाई दे रही थी।

### केवल राजधानी तक सीमित नहीं आयोजन

तीन दिनों तक चलने वाला यह आयोजन राजधानी तक सीमित नहीं है। प्रदेश के हर जिले में इसी भाव और उत्साह के साथ यूपी दिवस मनाया जा रहा है। यूपी दिवस-2026 ने यह साफ संदेश दिया है कि उत्तर प्रदेश केवल आंकड़ों और योजनाओं को धरातल पर उतारने वाला राज्य ही नहीं, बल्कि संस्कृति, संवेदना और सामूहिक गर्व से जुड़ा हुआ जनप्रदेश है, जहां उत्सव भी नीति बन जाता है और परंपरा भी विकास का हिस्सा बनकर आगे बढ़ती है।

**एक जनपद एक व्यंजन योजना के स्टॉल पर सर्वाधिक भीड़ :** कार्यक्रम स्थल पर सबसे अधिक भीड़ एक जनपद एक व्यंजन योजना के स्टॉल पर दिखाई दी। आगरा के पेठे की मिठास, मथुरा के पेड़ों की खुशबू, बनारस की ठंडाई और पान की पारंपरिक महक, चंदौली के काले चावल से बने व्यंजन, इन सभी ने यूपी की सांस्कृतिक पहचान को एक ही थाली में सजा दिया। लोग न केवल इन व्यंजनों का स्वाद ले रहे थे, बल्कि अपने अपने जनपद से जुड़ी स्मृतियों और पहचान को भी साझा कर रहे थे।

# हिंदू सम्मेलन और तहरी भोज संपन्न

**लखनऊ।** हिंदू समाज की एकता, आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित हिंदू सम्मेलन एवं तहरी भोज कार्यक्रम शनिवार को ओम नगर बस्ती, मधुकर नगर दक्षिण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ धार्मिक वातावरण में श्री हनुमान चालीसा के पाठ के साथ किया गया। इसके पश्चात समाज के विभिन्न वर्गों से आए लोगों ने एक-दूसरे से संवाद कर सामाजिक सहयोग, प्रेम और स्वाभिमान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही। वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकजुटता, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा और सामाजिक समरसता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान आपसी सौहार्द का भाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। सम्मेलन के उपरांत आयोजित तहरी भोज में सभी उपस्थित लोगों ने सहभागिता की। आयोजन शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# गुलाब और ग्लैडिओलस प्रदर्शनी से महकी फुलवारी

## सीएसआईआर एनबीआरआई में दो दिवसीय प्रदर्शनी शुभारंभ

**लखनऊ।** दो दिवसीय गुलाब और ग्लैडिओलस प्रदर्शनी का शुभारम्भ वनस्पति उद्यान के केंद्रीय लॉन में आज किया गया। सीएसआईआर-सीडीआरआई, लखनऊ की निदेशिका डॉ. राधा रंगराजन एवं संस्थान के निदेशक डॉ. अजित कुमार शासनी की उपस्थिति में एवं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रो. प्रदीप कुमार जोशी ने किया।

डॉ. के. जे. सिंह, प्रदर्शनी के संयोजक ने बताया कि गुलाब एवं ग्लैडियोलस प्रदर्शनी में कुल आठ वर्गों में प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें कट फ्लॉवर, स्पेसिमन ब्लूम्स, पुष्प सज्जा, गमले में लगे पौधे तथा फोटोग्राफी शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं में संस्थानों, नर्सरियों, व्यक्तिगत प्रतिभागियों, महिलाओं, माली एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रदर्शनी के विभिन्न अनुभागों में हाइब्रिड टी, फ्लोरिबुंडा, पोलिएन्था, मिनिएचर गुलाब तथा ग्लैडियोलस की आकर्षक किस्में प्रदर्शित की गईं। प्रत्येक श्रेणी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे, जबकि समग्र उत्कृष्टता के लिए निदेशक ट्रॉफी एवं महानिदेशक ट्रॉफी भी प्रदान की जाएगी। प्रदर्शनी की विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत प्रविष्टियाँ विभिन्न सरकारी, अर्ध-सरकारी विभागों, स्वायत्त संस्थाओं, नर्सरी संचालकों, व्यक्तिगत उत्पादकों, मालियों, महिलाओं आदि से प्राप्त हुईं। इस प्रदर्शनी में विभिन्न सरकारी, अर्द्ध सरकारी विभाग, स्वायत्त निकाय, व्यक्तिगत उत्पादक, महिलायें, नर्सरियों के लोग एवं मालियों से विभिन्न वर्गो में प्रतिभागिता हेतु 73 प्रदर्शकों से कुल 510 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं।

इसके अलावा, सीएसआईआर-एनबीआरआई द्वारा विकसित विभिन्न हर्बल उत्पादों, सूक्ष्मजैविक प्रौद्योगिकी आदि को जन-मानस के लिए अवलोकनार्थ रखी गयी हैं। प्रदर्शनी में पौधे व पर्यावरण प्रदूषण, बोन्साई पौधों, संकटग्रस्त एवं कैक्टस पौधों आदि पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं संस्थान में स्थापित पौधे एवं प्रदूषण विषयक पर्यावरण संबंधी जानकारी, जागरूकता, क्षमता निर्माण और आजीविका कार्यक्रम केंद्र की ओर से प्रदूषण प्रबंधन के लिए एक जागरूकता कार्नर भी लगाया गया हैं। इसके साथ साथ ग्लेडियोलस एवं गुलाब की कृषि से संबंधित तकनीकी जानकारी को भी अलग से प्रदर्शित किया जा रहा हैं।



# पुलिस ही ले सकती है अस्पतालों की सीसीटीवी फुटेज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अस्पताल परिसर की सीसीटीवी फुटेज किसी पुलिस जांच या न्यायालय के आदेश पर ही मिलेगा इसके अलावा किसी अन्य व्यक्ति को उपलब्ध नहीं कराया जा सकता। सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम की पीठ ने सूचना अधिकार के तहत अस्पतालों की फुटेज उपलब्ध कराने की मांग पर यह व्यवस्था दी है। उन्होंने कहा कि अस्पताल एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों मरीज, उनके परिजन, चिकित्सक एवं स्टाफ का आवागमन रहता है। सीसीटीवी फुटेज में केवल अपीलकर्ता ही नहीं, बल्कि अनेक अन्य मरीजों एवं व्यक्तियों की गतिविधियां भी रिकॉर्ड होती हैं। यह उन सबकी निजता से जुड़ा मामला है और जब तक कोई वाजिब वजह या लोक महत्व न हो, आरटीआई कानून किसी की निजता के उल्लंघन की इजाजत नहीं देता।ो। बिजनौर जिले के एक अस्पताल की सीसीटीवी फुटेज की मांग वाली कुलवंत सिंह की अपील पर सुनवाई करते हुए सूचना आयुक्त ने आदेश में लिखा है कि यदि किसी प्रकार के फर्जी मेडिकल से संबंधित आरोप सत्य भी हैं, तो उनके परीक्षण के लिए पुलिस जांच, सक्षम न्यायालय अथवा विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही उपयुक्त मंच है।

सूचना का अधिकार अधिनियम को जांच अथवा ट्रायल का विकल्प नहीं बनाया जा सकता। सूचना आयुक्त ने कहा कि हम किसी व्यक्ति को उसकी शिकायत को पुख्ता करने के लिए सैकड़ों दूसरे लोगों की निजता में दखलंदाजी करने का अधिकार नहीं दे सकता है।

# रथ सप्तमी आज, भगवान सूर्य की होगी पूजा-अर्चना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। माघ मास की सप्तमी तिथि को रथ सप्तमी के रूप में विशेष महत्व प्राप्त है। माना जाता है कि सृष्टि के आरंभ में सूर्य देव की पहली किरण इसी तिथि को पृथ्वी पर आई थी। रथ सप्तमी को माघी सप्तमी, महती सप्तमी, सप्त सप्तमी या पुत्र सप्तमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन भगवान सूर्य का अवतरण हुआ था और इसे सूर्य पूजा का सबसे शुभ अवसर माना जाता है। रथ सप्तमी के दिन सूर्य देव की पूजा और व्रत करने से पापों का नाश होता है और व्यक्ति को उत्तम लोक में स्थान प्राप्त होता है। पद्म पुराण और भविष्य पुराण में इस व्रत की महिमा का उल्लेख मिलता है। इस बार रथ सप्तमी कब है, इसका शुभ मुहूर्त, पूजा विधि और मंत्र जानना भक्तों के लिए महत्वपूर्ण है, ताकि वे इस पवित्र अवसर का सही ढंग से लाभ उठा सकें। पंचांग के अनुसार, माघ मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि इस बार 24 जनवरी, शनिवार की रात 12 बजकर 40 मिनट से शुरू होगी और 25 जनवरी, रविवार की रात 11 बजकर 11 मिनट तक रहेगी। इसलिए, उदया तिथि के अनुसार रथ सप्तमी इस बार 25 जनवरी 2026 को मनाई जाएगी। इस दिन स्नान, दान, व्रत और सूर्य देव की पूजा करना शास्त्र अनुसार अत्यंत शुभ माना जाता है।

इस बार रथ सप्तमी और भी विशेष है क्योंकि यह दिन सूर्य जयंती के साथ-साथ रविवार के दिन पड़ रहा है, जो स्वयं सूर्य देवता को समर्पित माना जाता है। इसलिए इस दिन किए गए सभी पूजा और व्रत का फल अत्यंत शुभ और लाभकारी माना जाता है।



### रथ सप्तमी पूजा विधि और मंत्र

माघी सप्तमी के दिन सूर्योदय के बाद स्नान करना चाहिए। इसके लिए पहले आक के सात पत्ते और बेर के सात पत्ते लेकर तिल और तेल से भरे दीपक में रखें और उसे सिर पर रख लें। इसके बाद सूर्य देवता का ध्यान करते हुए गन्ने के जल को हल्के से हिलाकर दीपक को बहते जल में प्रवाहित कर दें। दीपक बहाने से पहले नमस्ते रुद्ररूपाय रसानां पतये नमः। वरुणाय नमस्तेस्तु मंत्र का उच्चारण करें। इसके बाद यद् यज्जन्मकृतं पापं यच्च जन्मान्तरार्जितम... मंत्र का जाप करते हुए गंगाजल या चरणामृत से स्नान करें। इससे पाप नष्ट होते हैं और मन, वचन और कर्म से हुई गलतियां क्षमा होती हैं। सूर्य देव को अर्घ्य देने के लिए अक्षत, पुष्प, दूर्वा, जल, गंध और सात आक के पत्ते और बदरी पत्र का प्रयोग करें। सप्तसप्तिवह प्रीत सप्तलोकप्रदीपन, सप्तम्या सहितो देव गृहाणार्घ्य दिवाकर और जननी सर्वलोकानां सप्तमी सप्तसप्तिके, सप्तव्याहृतिके देवि नमस्ते सूर्यमण्डले बोलते हुए सूर्य देव को अर्घ्य दें। यदि पास में सूर्य मंदिर हो तो वहीं बैठे और सूर्य भगवान की मूर्ति को अष्टदल कमल पर स्थापित करके संकल्प करें ममाखिलकामना-सिद्धयर्थे सूर्यनारायणप्रीतये च सूर्यपूजनं करिष्ये। इसके बाद ॐ सूर्याय नमः या पुरुष सूक्तादि के मंत्रों से षोडशोपचार पूजा करें। सप्तमी के दिन उपवास करके सूर्य पूजा करना विशेष लाभकारी माना जाता है। इस दिन रथ में सूर्य को स्थापित कर पूजा करने और प्रत्येक शुक्ल सप्तमी पर इसे दोहराने से जीवन के सात जन्मों के पाप दूर होते हैं। साथ ही, वर्ष के अंत में ब्राह्मण को दान करने से विशेष फल प्राप्त होता है।

### पूजा का शुभ मुहूर्त

रथ सप्तमी के दिन स्नान करने का सबसे उत्तम समय सुबह 5:32 बजे से 7:12 बजे तक रहेगा। वहीं, सूर्य देव की पूजा, दान और व्रत करने का शुभ मुहूर्त सुबह 11:13 बजे से 12:33 बजे तक रहेगा। इस समय अवधि में पूजा करना सबसे फलदायी माना जाता है और भक्तों को इसका अधिक लाभ प्राप्त होता है।

# वर्टिकल व्यवस्था में कार्य ज्यादा कर्मचारी कम, उपभोक्ता परेशान

## सातवें दिन लग रही है झटपट रिपोर्ट, उपभोक्ता भी नहीं दे पा रहे जवाब

**लखनऊ।** बिजली व्यवस्था को सही कने के लिए वर्टिकल व्यवस्था लागू किया गया है। लेसा में बिजली व्यवस्था को चलाने के लिए चार जोन है, जिनमें गोमती नगर, लखनऊ मध्य जोन, अमौसी जोन, जानकीपुरम जोन है। चार मुख्य अभियंता है। अभी भी संभल नहीं रहा है। कही उपभोक्ता अस्थाई कनेक्शन लेने के लिए महिनो परेशान हो रहा है तो कही बिजली बिल सुधरवाने के लिए परेशान हो रहा है। उपभोक्ता 1912 पर फोन करता है फिर भी समस्या समाप्त नही हो रही है। उपभोक्ता बिजली घर जाता है तो उसे इधर-उधर टहलाया जाता है। कहते है यह कार्य हम नही देखते है तो कोई कहता है बाबू के पास चले जाइये।



### वर्टिकल व्यवस्था के फायदे

- कर्मचारी (जेई से एई) एक ही प्रकार के काम के लिए जिम्मेदार होते हैं, जिससे काम में तेजी आती है।
- लाइन हानियों में कमी और राजस्व में वृद्धि, लखनऊ जैसे क्षेत्रों में ट्रिपिंग में 60 प्रतिशत से अधिक की कमी देखी गई है।
- आप घर बैठे आनलाइन शिकायत दर्ज कराए और आपकी समस्या निर्धारित तिथि पर ठीक हो जाएगी।
- उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन, बिलिंग और मीटर की समस्याओं के लिए अलग-अलग दफ्तर भटकना पड़ता था अब 1912 पर शिकायतें सीधे निस्तारित होती हैं।
- बिजली लाइनों और उपकरणों का बेहतर रखरखाव (भारतीय मानक संस्था के अनुसार)।

### नुकसान

- 30 प्रतिशत तक कम स्टाफ की आवश्यकता के कारण, विशेषकर संविदा कर्मचारियों की नौकरियों पर संकट, जिसके कारण आंदोलन हो रहे हैं।
- इस व्यवस्था के बारे में जानकारी के अभाव में उपभोक्ता अभी भी उपकेंद्रों पर भटकने को मजबूर हो रहे हैं।

### कर्मचारियों की समस्या

- अकुशल संविदा कर्मचारियों को मजबूरी में 11 केवीए लाईन पर करना पड़ रहा है कार्य
- कुशल संविदा कर्मी 33 केवीए पर कार्य कर रहे है जिससे संविदकर्मियों में आक्रोश
- कई एक्सीएन और एसडीओ के पास आईडी नही होने से सिस्टम पर नही हो पा रहा है कार्य
- बिजली लिखा पड़ी के ही टीजी टू से कही भी कनेक्शन पर लगवाया जा रहा है रिपोर्ट

### उपभोक्ता की समस्या

- वर्टिकल से कोई फायदा नही आनलाईन करने के बाद भी कर्मचारी फोन कर आवेदक से करते है पुछताछ
- हमेशा के लिए कनेक्शन हटाने पर पहले कनेक्शन देने वाले एक्सीएन के पास जायेगी फाईल फिर मीटर उतारने के लिए 11 केवीए के एक्सीएन के पास जायेगी इसके बाद मीटर में जो बिलिंग होगी उसके लिए बिलिंग के एक्सीएन के पास जायेगी फाईल इसके बाद पीडी हो सकेगा। तब तक उपभोक्ता परेशान हो रहा है।
- गलती से उपभोक्ता पावर हाऊस चला जाता है तो उसकी शिकायत तक दर्ज नही होती है।
- झटपट पोर्टल पर आनलाईन जबाब सही नही दिया जाता है जिससे उपभोक्ता जबाब नही दे पाता है।
- सातवें दिन पार्टल पर बिजली कनेक्शन का जबाब दे रहे है कर्मचारी अधिकारी
- गोमतीनगर जोन में लग रही है सैकड़ो उपभोताओं की लाईन

### संसाधनों का दुरुपयोग

- कुछ जगहों पर मोबाइल वैन सिर्फ दिखावे के लिए खड़े होने या फोटो खिंचवाने के आरोप
- फील्ड स्तर के अधिकारियों की स्वायत्तता में कमी, जो निजीकरण की तरह कार्यप्रणाली को ले जा सकती है। यह व्यवस्था, जिसका उद्देश्य सुशासन था, प्रारंभिक तौर पर परिचालन में सुधार तो ला रही है लेकिन व्यापक विरोध के कारण इसके क्रियान्वयन में चुनौतियां बनी हुई हैं।

# एमएसएमई सेक्टर के लिए एक अलग पोर्टल बनाये जाने की मांग की

- नोडल अधिकारी व्यापारियों की सहायता करने में कोई रुचि नहीं लेते

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता की अध्यक्षता में जेम पोर्टल (गवर्नमेंट ई मार्केट प्लेस) में आ रहीं दिक्कतों को लेकर बैठक बुलाई गयी। बैठक में व्यापारियों ने एमएसएमई सेक्टर के लिए एक अलग पोर्टल बनाए जाने की मांग की जिसमें कॉरपोरेट सेक्टर का दखल ना हो। जेम पोर्टल से व्यापार करने वाले व्यापारियों ने कहा कि सरकार की कोशिश एमएसएमई को बढ़ावा देने की है लेकिन जेम पोर्टल पर बड़ी-बड़ी कॉरपोरेट कंपनियां अपने हिसाब से पॉलिसी बनवा रही है। जिसमें कई कई वर्षों का अनुभव एवं लाखों करोड़ों का टर्न ओवर होने की शर्त रखी जाती है। जिसके कारण एमएसएमई सेक्टर बिड में हिस्सा नहीं ले पाता है जबकि सरकार की पूरी कोशिश एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने की है। बैठक में संगठन के नगर उपाध्यक्ष परवेश जैन ने प्रोडक्ट अप्रूवल में कई कई दिन तक अप्रूवल नहीं मिलने का विषय उठाया। उन्होंने कहा कई कई दिन तक जानबूझकर अप्रूवल को लटकाया जाता है ताकि छोटे कारोबारी बिड में हिस्सा ना ले सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए समय सीमा का निर्धारण होना चाहिए। बिड से पहले उचित समय पर उत्पाद का स्वीकृतिकरण या अस्वीकृति हो जाना चाहिए। कैटेगरी के बार-बार चेंज होने से भी कई कई बार सर्टिफिकेट लेना पड़ता है जिससे भारी परेशानी होती है। व्यापारी राघवेंद्र तिवारी ने बैठक में हेल्प डेस्क पर जिम्मेदार कर्मचारियों की उपलब्धता ना होने का विषय उठाया। उन्होंने कहा हेल्प डेस्क पर मदद मांगने पर 30 मिनट से ज्यादा की वेटिंग मिलती है जिससे उचित समय पर मदद नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा सरकार ने सभी राज्यों में नोडल अधिकारी बनाए हैं लेकिन वह नोडल अधिकारी व्यापारियों की सहायता करने में कोई रुचि नहीं लेते हैं।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# सड़क हादसे में दुकानदार की मौत, साथी घायल




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में दुबग्गा के आईआईएम रोड स्थित अवंती बाई लोधी चौराहे पर शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार बुलेट सवार धीरज राजपूत (26) अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गए।

हादसे में उनकी मौत हो गई और साथी चंदा घायल हो गए। धीरज ने हेलमेट नहीं पहनी थी। इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय के अनुसार विकासनगर के सबौली गांव निवासी धीरज घर के पास मंडी में सब्जी की दुकान लगाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके भाई छोटू ने बताया शुक्रवार शाम धीरज दोस्त चंदा के साथ काकोरी के चिलौली गांव में एक दोस्त की जन्मदिन पार्टी में शामिल होने गया था। वहां से रात करीब 12 बजे दोनों बुलेट से लौट रहे थे। बुलेट धीरज चल रहे थे।

अवंती बाई लोधी चौराहे तेज रफ्तार की वजह से बुलेट सवार धीरज अनियंत्रित हो गए और 30 मीटर तक घिसटते हुए डिवाइडर से टकरा गए। उनके सिर पर गंभीर चोट लगी। चंदा भी घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान धीरज की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के परिजनो को हादसे की खबर दी।

**हेलमेट होता तो बच सकती थी जान:** इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय ने बताया कि बुलेट चला रहे युवक धीरज ने हेलमेट नहीं पहनी थी। उनकी मौत सिर पर लगी चोट की वजह से हुई। अगर उनके सिर पर हेलमेट होती तो शायद उनकी जान बच सकती थी। धीरज के परिवार में पिता राजकुमार की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। मां निर्मला देवी और चार भाई और बहन हैं। धीरज की शादी की तैयारियां चल रही थीं। परिजनों को जब धीरज की मौत की खबर मिली तो घर में कोहराम मच गया।

## हादसे के बाद रातभर खंती में पड़ा रहा बाइक सवार, मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के खुजौली रोड के पास शुक्रवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार शिवम कुमार (20) घायल हो गए और रातभर सड़क किनारे खंती में पड़े रहे। शनिवार की सुबह पुलिस ने घायल शिवम को अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

नगराम के करोरा गांव निवासी शिवम कुमार ब्लिंकइट कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करते थे। भाई शुभम ने बताया शिवम शुक्रवार को ड्यूटी पर गया था। रात को वह चचेरे भाई मुकेश से मिलने के लिए उसके घर खुजौली पहुंचे। रात 11:00 बजे वह मोटरसाइकिल से घर के निकले। रास्ते में खुजौली रोड पर पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक से टकरा गई। टक्कर में शिवम गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क किनारे बनी खंती में जा गिरे। देर रात होने पर परिजनों ने शिवम को फोन किया पर फोन नहीं उठा।

**रात भर खंती में पड़े रहे किसी ने नहीं देखा:** पूरी रात वह घायल अवस्था में वहीं पड़ रहे। शनिवार सुबह लोगों ने सड़क किनारे उनकी बाइक गिरी हुई देखी। लोगों ने जब खंती में झांक कर देखा तो शिवम नजर आए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनको अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को खबर दी। परिजन अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि शिवम की मौत हो चुकी है। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक रामबाबू सिंह ने बताया परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**समय से मिल जाता इलाज तो बच जाती बेटे की जान:** अस्पताल में मौजूद शिवम के पिता भारत लाल ने रोते हुए कहा कि अगर समय से बेटे को इलाज मिल जाता तो शायद उसकी जान बच जाती है। शिवम के परिवार में पिता के अलावा मां निर्मला देवी, बड़ा भाई शुभम और एक बहन हैं।

## बेटी का गला दबाया, मरा समझकर अपराधबोध में गोमती में कूदकर दे दी जान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रहीमनगर में किराये के मकान में रहने वाले सत्येंद्र सिंह ने घरेलू कलह में बेटी की गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की। उसे मरा समझकर शुक्रवार रात सत्येंद्र गोमती के किनारे पहुंचे और छलांग लगा दी। शनिवार सुबह उनका शव 1090 चौराहे के पास नदी में उतराता मिला। सिविल अस्पताल में भर्ती उनकी बेटी समृद्धि की हालत खतरे से बाहर है। विभूतिखंड स्थित निजी बैंक में पीआर मैनेजर सत्येंद्र मूल रूप से हरदोई स्थित फतेहपुर गाजी के रहने वाले थे। उनके पिता इंद्रपाल सिंह के मुताबिक बृहस्पतिवार को बेटे सत्येंद्र और बहू ज्योति में विवाद हुआ। झगड़े के बाद दोनों ने महानगर थाने में एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। बाद में दोनों में समझौता कराया गया। इंद्रपाल ने बहू पर प्रेमी के साथ मिलकर बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि 1090 चौराहे पर शुक्रवार देर रात खड़ी बाइक देखकर गौतमपल्ली पुलिस ने छानबीन की। बाइक में रखे कागजात के आधार पर ज्योति से संपर्क किया गया। पूछताछ में उसने पूरी बात बताई। शनिवार सुबह मिले शव की पहचान ज्योति ने पति सत्येंद्र के रूप में की। ज्योति एक एनजीओ के तहत संचालित संस्था में शिक्षिका की ट्रेनिंग कर रही हैं। उन्होंने बताया कि पति सत्येंद्र कई दिन से डिप्रेशन में थे। वह उन्हें नौकरी करने से मना कर रहे थे। इसे लेकर दोनों में बृहस्पतिवार रात विवाद हुआ था। सत्येंद्र ने ज्योति की पिटाई करने के साथ प्रेस से जला दिया। ज्योति का आरोप है कि सत्येंद्र अक्सर मारपीट और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। शुक्रवार को ज्योति ने उनके खिलाफ घरेलू हिंसा की शिकायत की। सत्येंद्र ने भी पत्नी की दूसरे व्यक्ति से नजदीकियों और जान का खतरा बताकर तहरीर दी थी।

## जुआ हारने के बाद लात घूसों से पीटा

**लखनऊ।** जुआ में हार होने पर खिलाड़ी ने किसान को गालियां दी। विरोध करने पर लात घूसों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर न्याय की मांग की। थाना क्षेत्र के बीघापुर गांव निवासी किसान अजय ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह शनिवार सायं लगभग पांच बजे अपने खेत की तरफ गया था। वहीं रास्ते में कुछ लोग तास खेल रहे थे जहां मैं (अजय) रुककर तास खेल देखने लगा। जहां बीघापुर गांव निवासी अर्जुन भी जुआ खेल रहा था। तभी अर्जुन ने अजय को गालियां देते हुआ कहा कि जब से अजय आ गया तब से मैं तीन सौ रुपए हार चुका हूं। जिसका अजय ने विरोध किया तो अर्जुन ने अजय को लात घूसो से मारपीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने माल थाने पहुंचकर लिखित शिकायत कर न्याय और सुरक्षा की मांग की है।

## दहेज की मांग पूरी न करने पर तलाक की धमकी

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके में रहने वाली एक विवाहिता ने दहेज मांग पूरी न करने पर तीन तलाक की धमकी सहित ससुर पर अश्लील हरकत का लगाया आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। आशियाना थाना इलाके में रहने वाली विवाहिता के अनुसार उसका विवाह बीते दिसंबर वर्ष 2022 में मदीन पुरवा छोटी मस्जिद गौतमपल्ली में रहने वाले युवक से हुआ था। आरोप है कि पति, ससुर, सास, व ननद कम दहेज लाने का ताना मार दस लाख रुपए की मांग को लेकर आए दिन एकराय होकर उसे मारते पीटते व और प्रताड़ित करने लगे साथ ही तीन तलाक की धमकी दी और ससुर ने उसके साथ अश्लील हरकते करते रहे। वही पीड़िता का कहना था सास नजरीन खाना तक नही देती थी और किचन में ताला लगा देती थी। बीते वर्ष अगस्त माह में उसके पति और ससुरलीजनों ने एक राय होकर उसे काफी मारा-पीटा व ससुर ने हाथ मोड़कर मोबाइल छीन लिया और धमकी देते हुए घर से निकाल दिया। जिसकी जानकारी होने पर उसके भाई ने बीते 23 अगस्त को नई बस्ती सदर में स्थित यश हास्पिटल में भर्ती करा कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दे स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित नामजद शिकायत की। पुलिस के अनुसार पीड़ित विवाहिता की शिकायत पर शुक्रवार को पति समेत सास ससुर व ननद के खिलाफ मारपीट दहेज उत्पीड़न सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

## महिला सुरक्षा व सशक्तीकरण को लेकर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**लखनऊ।** महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर थाना सरोजनीनगर पुलिस टीम द्वारा बुधवार को पराग रोड एवं एलडीए कॉलोनी क्षेत्र में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।



अभियान के तहत महिलाओं को महिला सुरक्षा केंद्रों, मिशन शक्ति योजनाओं तथा साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस कर्मियों ने साइबर ठगी, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और ऑनलाइन अपराधों से सतर्क रहने की अपील की। साथ ही आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। पुलिस टीम ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए विभिन्न योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर जागरूकता पंपलेट वितरित कर महिलाओं को अपने आसपास होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए कहा गया। स्थानीय महिलाओं ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के अभियानों से न केवल जागरूकता बढ़ती है, बल्कि महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा भी मजबूत होता है।

## सीएचसी व पीएचसी में फार्मासिस्टों की कमी के चलते स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

**लखनऊ।** मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एवं इसके अंतर्गत आने वाले चारों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में फार्मासिस्टों की भारी कमी के चलते स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। इस कारण मरीजों को लंबी कतारों, समय पर दवा न मिलने जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



सूत्रों के अनुसार, मलिहाबाद सीएचसी के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कहला एवं कसमंडी कला वर्तमान में बिना फार्मासिस्ट के संचालित हो रहे हैं। इस पर अधीक्षक का कहना है कि एक फार्मासिस्ट को तीन तीन की ड्यूटी लगाई जा रही है। वहीं बात की जाए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद की तो यहां तैनात फार्मासिस्ट किरण सिंह अन्यत्र संबद्ध हैं। इसके अलावा फार्मासिस्ट अनुज कुमार श्रीवास्तव को नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में संबद्ध कर दिया गया है। उनके स्थानांतरण के बाद मलिहाबाद सीएचसी पूरी तरह फार्मासिस्ट विहीन होने की स्थिति में पहुंच जाएगी। गौरतलब है कि मलिहाबाद सीएचसी में प्रतिदिन औसतन 400 से अधिक मरीज उपचार के लिए आते हैं। फार्मासिस्ट की जिम्मेदारी मरीजों को डॉक्टर द्वारा लिखी दवाएं देना, इंजेक्शन लगाना, ड्रेसिंग करना, मरीजों को भर्ती कराने सहित दवाओं से संबंधित अन्य आवश्यक कार्यों की होती है। ऐसे में फार्मासिस्ट के अभाव में मरीजों को जरूरी दवाएं न मिल पाने और गलत दवा दिए जाने का खतरा बढ़ गया है, जो किसी बड़ी स्वास्थ्य समस्या को जन्म दे सकता है। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि जिन फार्मासिस्ट का स्थानांतरण हुआ था, लेकिन उन्हें फिलहाल रोक लिया गया है। उन्होंने बताया कि बाल महिला चिकित्सालय में तैनात दो फार्मासिस्टों की मदद से कार्य संचालित किया जा रहा है।

## सूचना के अभाव में अपराध नियंत्रण में कठिनाई आती है : डीजीपी

- तीन दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण और कार्यशाला का शुभारम्भ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यश ऐप के सफल क्रियान्वयन के लिए शनिवार को पुलिस महानिदेशक मुख्यालय उत्तर प्रदेश में तीन दिवसीय व्यवाहरिक प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। बीट पुलिसिंग की मूल इकाई है, लेकिन सूचना के अभाव में अपराध नियंत्रण में कठिनाई आती है। एकीकृत व आई आधारित ऐप से अपराधी संबंधी सूचना स्वतः सभी संबंधित बीटों तक तुरन्त पहुंचेगी। इससे समय की बचत होगी और निगरानी, सत्यापन, अभियानों व प्रभावशीलता बढेगी। यह ऐप उत्तर प्रदेश पुलिस को आधुनिक एवं नई पीढी की पुलिसिंग की ओर ले जाए गा। यह बात पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण ने तीन दिवसीय व्यवाहरिक प्रशिक्षण एवं कार्यशाला के शुभारम्भ पर अपने सम्बोधन में कही।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध जीरो टालरेंस की नीति है, परन्तु प्रभावी पुलिसिंग के लिए बीट प्रणाली अत्यंत महत्वपूर्ण इकाई रही है, जो पिछले 100&125 वर्षों से पुलिस की मूल संरचना पर आधारित है। बीट कांस्टेबिल की भूमिका ऐतिहासिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। समय के साथ बीट



क्षेत्रों का आकार एवं संख्या मैनपॉवर की उपलब्धता के अनुसार बदलती रही है, जिससे अपराधियों की सही जानकारी संकलन एवं अद्यतन में कठिनायां आती थीं। 'फर्द क' व 'फर्द ख' जैसी व्यवस्थाएं होते हुए भी व्यवाहरिक रूप से सूचनाओं का आदान-प्रदान प्रभावी नहीं हो पाता था। परिणाम स्वरूप अपराधियों की गतिविधयों, उनके विनास स्थान, व अपराधिक इतिहास की सुमचित जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं हो पा्त थी।

अभियानों के दौरान भी सूचना के अभाव में कार्यवाही अपेक्षाकृत कम प्रभावी रहती थी। इस समस्या के समाधान के लिए पूर्व 'त्रिनेत्र' बीट प्रहरी' व आपरेशन पहचान' जैसे ऐप विकसित किए गए, जिससे आंशिक सुधार हुआ। इन सभी अनुभवों को समाहित करते हुए बीट कर्मियों, हल्का एवं थाना प्रभारियों की सुविधा के लिए एक एकीकृत ऐप विकसित किया गया है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी समावेश किया गया है। इस प्रणाली के माध्यम से कि अपराध की प्रविष्टि होते ही संबंधित सभी बीटों व थाना क्षेत्रों को अपराधी की सूचना स्वतः ही उपलब्ध हो जाएगी। इससे समय की बचत होगी व अपराधियों की निगरानी और सत्यापन अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा।

उन्होंने विशेष रुप से कम्प्यूटर आपरेटरों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रारम्भिक 'मास्टर फाइल्स' में बीट क्षेत्र, गांव, मोहल्ला व मूल सूचनाओं की सही प्रविष्टि अत्यन्त आवश्यक है। यदि प्रारम्भिक डाटा शुद्ध होगा तो आगे का विष्लेषण व कार्यवाही सटीक होगी, अन्यथा त्रुटियां लम्बे समय तक बनी रहेंगी। पुलिस महानिदेशक ने विश्वास व्यक्त किया कि यह ऐप उत्तर प्रदेश पुलिस को आधुनिक व नई पीढी की पुलिसिंग की ओर ले जाएगा तथा सभी आधिकारियों व कर्मचारियों से इसे गंभीरता से समझकर प्रभावी रूप से लागू कराने का आह्वान किया।

इस मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था अभिताभ यश, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एसके भगत व पुलिस महानिरीक्षक कार्मिक/पुलिस महानिदेशक केजीएसओ शलभ माथुर व यक्ष ऐप मिनार्ण में सहयोग करने वाली कम्पनी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बच्चों व जरूरतमंदों को कपड़े, खाने पीने का सामान एवं किताबें बांटीं

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उन्नति फाउंडेशन के युवा फाउंडर रोहित सिंह द्वारा आओ मिलकर खुशियां बांटे जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाये अभियान के अंतर्गत प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गरीब बच्चों और जरूरतमंदों को पढ़ाई लिखाई का सामान, गर्म कपड़े एवं भोजन का वितरण 24 जनवरी 2026 को दोपहर 2:00 बजे इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे के झुग्गी झोपड़ी में किया गया !

उन्नति फाउंडेशन संस्था के संस्थापक रोहित सिंह एवं उन्नति की युवा टीम कवच से हर्ष गोस्वामी, शैलजा, हर्ष अवस्थी, अनिकेत ,लकी, सैफ लोग मौजूद रहे उन्नति की युवा टीम ने झुग्गी झोपड़ी में कपड़े एवं खाने पीने का सामान के साथ-साथ उनको पढ़ाई लिखाई के लिए जागरूक किया गया जिसमें हर्ष ने बच्चों को कॉपी, पेंसिल आदि स्टेशनरी का सामान तथा अनिकेत ने खाद्य सामग्री का वितरण किया्।

साथी में लकी ने बच्चों को शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया बच्चों से कुछ प्रश्न उत्तर भी पूछे गए सही जवाब देने वाले को प्रोत्साहन के लिए इनाम भी दिया गया अनिकेत एवं हर्ष ने भी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना की उचित सुझाव दिया एवं सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी उसके बाद अनिकेत, सैफ ने लोगों को शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रति सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी।

कार्यक्रम के अंत में संस्थापक रोहित सिंह द्वारा स्वच्छता ,स्वास्थ ,शिक्षा सुरक्षा ,स्वदेशी एवं समृद्ध भारत कैसे बनाएं उसकी जानकारी लोगों को बताई गई एवं सबको शपथ दिलाई कि हम अपने आसपास स्वच्छता जरूर रखेंगे और नशा से दूर रहेंगे तथा नशा मुक्त भारत बने उसके लिए सभी युवा जनों के साथ झुग्गी झोपड़ी के लोगों को ना नशा करेंगे ना किसी को करने देंगे ऐसी शपथ भी दिलाई।

## वाहन चोर गिरफ्तार, बाइक और स्कूटी बरामद

**लखनऊ।** कैसरबाग पुलिस ने वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से स्कूटी व बाइक बरामद हुई है।




गिरफ्त में आया सिद्धार्थ सिंह पुत्र शिशिर जनपद गौतमबुद्ध नगर के पाण्डेयपुर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी का रहने वाला है, जो वर्तमान में जेल रोड मोहनलालगंज में रहता था। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति चोरी के वाहन से घूम रहा है। पुलिस ने उसकी घेराबन्दी की और मौके पर दबोच लिया। पूछताछ में बताया कि उसने कई वाहन चोरी की हैं। पुलिस ने उसके कब्जे से एक स्कूटी व बाइक बरामद की। इसके अलावा दो मोबाइल फोन व 150 रुपए बरामद किए हैं। पुलिस ने वाहन चोरी के आरोप में उसे जेल भेज दिया है।

## नदी में मिला बैंककर्मी का शव

**लखनऊ।** शनिवार को गोमती नदी में बैंककर्मी सतेन्द्र सिंह (35) का शव मिला है। सतेन्द्र मूलरूप से जनपद हरदोई के मझिला फतेहपुर गाजी का रहने वाला था। पुलिस का कहना है कि परिवारिक कलह के चलते उसने जान दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## प्रैक्टिकल समझ थ्योरी को और मजबूत बनाती है

- बसंत पंचमी पर टॉपरैंकर्स में टॉपर्स टॉक का आयोजन
- टॉपर्स को मिली सफलता की सौगात

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ज्ञान, विद्या और बुद्धि की देवी माँ सरस्वती को समर्पित वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर टॉपरैंकर्स लखनऊ में टॉपर्स टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जब टॉपर्स ने स्वयं अपनी सफलता की कहानी साझा की, तो माहौल प्रेरणा और उत्साह से भर गया। कार्यक्रम के साथ ही टॉपरैंकर्स के चौथे संस्थान का आलमबाग में आधिकारिक उद्घाटन शौर्यवर्धन और अपूर्वश्री एवं उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक की धर्मपत्नी नम्रता पाठक ने किया।

टॉपर्स टॉक कार्यक्रम में टॉपरैंकर्स के होनहार छात्र शौर्यवर्धन और अपूर्वश्री ने अपने सहपाठियों और जूनियर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता न तो एक दिन की मेहनत से मिलती है और न ही केवल किस्मत से। इसके लिए निरंतरता, अनुशासन और एक




समान जज्बे के साथ की गई मेहनत जरूरी है। उन्होंने बताया कि किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए 12-14 घंटे पढ़ाई करना आवश्यक नहीं, बल्कि यह जरूरी है कि जो भी पढ़ा जाए, वह पूरी एकाग्रता और फोकस के साथ हो तथा कॉन्सेप्ट को गहराई से समझा जाए।

टॉपर्स ने छात्रों को किताबों तक सीमित न रहने की सलाह देते हुए कहा कि अपने विषय से जुड़े घटनाक्रमों और व्यावहारिक उदाहरणों को समझना भी उतना ही आवश्यक है, क्योंकि प्रैक्टिकल समझ थ्योरी को और मजबूत बनाती है। न्होंने कहा कि लीगलएज एक ऐसा संस्थान है जो रिवीजन थ्योरी, मॉक टेस्ट, कॉन्सेप्ट क्लियर क्लासेज, अनुपस्थित छात्रों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं, डाउट क्लियरिंग सेशन, वन-टू-वन मेंटरिंग और पैरेंट्स-टीचर मीटिंग पर विशेष ध्यान देता है।

इस अवसर पर लीगलएज लखनऊ के निदेशक विशाल शर्मा ने कहा कि संस्थान की हर सफलता और हर नया कदम उसके छात्र-छात्राओं की मेहनत और विश्वास का परिणाम है। उन्होंने बताया कि टॉपर्स टॉक कार्यक्रम और टॉपरैंकर्स के चौथे संस्थान का उद्घाटन आलमबाग में किया गया है, जिसके पीछे छात्रों की उपलब्धियों की अहम भूमिका रही है। साथ ही आलमबाग स्थित संस्थान में क्लैट आईपीएमएटी, सीयूइटी से संबंधित कोर्स की पढ़ाई कराई जाएगी। निदेशक विशाल शर्मा ने जानकारी दी कि इस वर्ष लीगलएज के छात्रों ने एआईआर-1, एआईआर-2 और एआईआर-3 सहित टॉप-10 में कुल 7 रैंक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर संस्थान की सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि छात्रों और फैकल्टी की एकजुट मेहनत है।

## विवाहिता ने दी जान

**लखनऊ।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती सात माह की गर्भवती थी। बताया जाता है कि ग्राम तिलसुआ थाना मलिहाबाद निवासी निधी शर्मा पत्नी निर्देश शर्मा ने गृहकलह के चलते यह कदम उठाया है। सूचना पाकर पुलिस मौक पर पहुंची और शव का पंचनामा कर फील्ड यूनिट की उपस्थिति में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## श्री खाटू श्याम मंदिर में मनी बसंत पंचमी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में बसंत पंचमी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएँ की गईं। मंदिर के संस्थापक एवं व्यवस्थापक अलंकार पाण्डेय आशु ने बताया कि श्री खाटू श्याम जी की असीम कृपा से मंदिर समिति द्वारा सभी तैयारियाँ पूर्ण निष्ठा और श्रद्धा के साथ संपन्न की गईं।

बसंत पंचमी के अवसर पर बाबा को पीतांबरी वस्त्र धारण कराए गए, जिसे प्रसाद स्वरूप सभी भक्तों में वितरित किया गया। प्रसाद वितरण के दौरान भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, लेकिन मंदिर समिति द्वारा की गई सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के कारण श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। इसके साथ ही प्रभु इच्छा अनुसार भंडारे एवं कीर्तन का आयोजन भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री के.के. अग्रवाल, नमन अग्रवाल, सर्वेश सिंह अर्चना पाण्डेय, सामर्थ अग्रवाल, शुभम मिश्रा, विशाल गुप्ता, राजीव तिवारी, अमित सिंह, अमन अग्रवाल, राजश्री पांडेय, रिशु सहित मंदिर के अनेक सेवादार उपस्थित रहे।

अलंकार पाण्डेय आशु ने आगे बताया कि आगामी 5 जून को मंदिर स्थापना दिवस पर आयोजन की तैयारियाँ की जा रही हैं। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रमों में सहभागिता करने की अपील की है।

## शरणागत की रक्षा करना ही प्रभु का परम धर्म है

**लखनऊ।** शिव श्याम मंदिर समिति की ओर से सदर कैंट हाता रामदास स्थित शिव श्याम मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के पाचवे दिन शनिवार को कथा वाचक देवेश अवस्थी (द्वारिकानाथ जी महाराज) ने महारास लीला, मथुरा गमन एवं श्री कृष्ण-रुक्मणी विवाह महोत्सव का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाते हुए आचार्य देवेश ने कहा कि रुक्मणी का पत्र भगवान के प्रति अटूट विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान ने शिशुपाल जैसे अधर्मियों के बीच से रुक्मणी का वरण किया, जो यह दशार्ता है कि शरणागत की रक्षा करना ही प्रभु का परम धर्म है। विवाह के मंगल गीतों और झांकी के दौरान पूरा पंडाल जयकारों से गुंजायमान हो उठा। कथा मे मुख्य संयोजक राजेंद्र कुमार पांडे गुरुजी, मुख्य यजमान ब्रम्ह प्रकाश व पुष्पा अग्रवाल मौजूद रहे। कथा 26 जनवरी तक दोपहर 3:00 बजे शाम 7 बजे तक होगी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं।
**क्रम सं.-01,** ई-निविदा सूचना सं.: टेण्डर नं. "44-जीकेपी-एमडब्लूएस-2025-26" निविदा कार्य का विवरण: "एएमसी ऑफ नॉर-ब्रेम्से मेक फिटेड एक्सल माउन्टेड डिस्क ब्रेक सिस्टम (एएमडीबीएस) ईन एलएचबी कोचेज एट मेकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर"। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 42,86,33,178.02, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 22,93,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: दिनांक 16-02-2026 11:00 बजे, संविदा की अवधि: 18 माह।
• उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखें।
उप मुख्य यांत्रिक इन्जी./कार्य,
मुजाधि/यॉत्रिक-129 यांत्रिक कारखाना,गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
ई-निविदा सूचना सं0-01-DYCEGA-2026
उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।
**क्र.स. 1:- कार्य का विवरण:** गोरखपुर मे-डिजिटल आनलाइन क्लोरीन एनेलाइजर की स्थापना एवं 5 वर्ष हेतु पानी का क्लोरीनेशन, स्वचालित बैक्टीरियालाजिकल ट्रीटमेंट प्लाण्ट एवं डिजीटल आनलाइन वाटर प्रोफाइल मीटर का रख-रखाव। अनुमानित लागत (रु0 में): ₹3,20,74,963.20, बयाने की राशि (रु0 में): ₹3,10,400.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य-रू. 0.00, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/समय रू 60 माह। कुल योग-3,20,74,963.20
1. ई-निविदा के खुलने की तिथि दिनांक 16.02.2026 को 11.00 बजे। 2. ई-निविदा की बिडिंग तिथि 02.02.2026 से 16.02.2026 समय 10.59 बजे तक। 3.उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 4. यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंगेजी संस्करण ही मान्य होगा।
उप मुख्य इंजीनियर
मुजाधि/डब्लू-436 गो0क्षे0
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# उत्तरायणी कौथिग : चन्दना म्यारा पहाड़ आये...

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंडित गोविन्द बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन में आकाशवाणी उत्तराखण्ड के मशहूर लोकगायक स्व. प्रहलाद मेहरा के पुत्र कमल मेहरा ने पिता के गाए गीत ऐजा रे ऐजा मेरा दानपुरा...,चन्दना म्यारा पहाड़ आए...,पहाड़ की च्येली ले कभैं नि खाया दु रवाटा सुखैले..कां छू म्यरो जलेबी को डाब... जैसी अनेक प्रस्तुतियों से स्व. लोकगायक की छवि जीवंत हो उठी और भावविभोर प्रशंसकों की तालीयों की गड़गड़ाहट परिसर में गूंजती चली गयी।

स्व. प्रहलाद मेहरा व उनका जन जागृति सांस्कृतिक कला समिति दल बिन्दुखत्ता विगत दो दशकों से पर्वतीय महापरिषद से जुड़ा है और लखनऊ के प्रशंसकों के बीच उत्तरायणी कौथिग में निरंतर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां करता आ रहा है स्व. मेहरा के बाद उनके पुत्र कमल मेहरा सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ा रहे हैं और अपने गीतों से प्रशंसकों में अपनी पैठ स्थापित कर रहे हैं। मेहमान कलाकारों की श्रृंखला में आज उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत के लोकगायक कैलाश कुमार व उभरती लोकगायक मेघना चन्द्रा ने गिटार बाजे टना टन..., हिट मधु उत्तरैणी कौतिक जूलौं...कोसी गाड़ा धाना घस्यारी... व इण्टर मा फेल... इत्यादि प्रस्तुतियों से प्रशंसकों का मन मोहा। उत्तराखण्ड संस्कृति विभाग से आया रघुनाथ छोलिया दल अल्मोड़ा के कलाकार छोलिया नृतक रघुनाथ आर्या और भवान राम, ढोल वादक केशव राम, नगाड़ा वादक नवीन प्रसाद, दमाऊ वादक सागर आर्या और ललित राम, मसकबीन वादक मोहन राम, प्यानू वादक ललित कोहली, तुरी वादक हरीश राम व लोकगायक पूरन राम प्रत्येक दिन रंगबिरंगी पारंपरिक पोशाक धारण किए, वाद्ययन्त्रों का नाद करते घूम घूम कर विविध करतब नृत्य करते हुए आगंतुकों को भी नृत्य करने के लिए विवश कर पूरे कौथिग परिसर और मंच में इन्द्रधनुषीय छठा बिखेर रहे हैं। आज उत्तराखण्डी लोक गाथा पर आधारित नृत्य नाटिका भिटौली राधिका बोरा के निर्देशन व ख्याली सिंह कड़ाकोटी, राधा कड़ाकोटी व मंजू बिष्ट द्वारा प्रस्तुत की गई। नाटक की कहानी दो भाई बहन के अटूट प्रेम की गाथा पर आधारित है। आज की मुख्य अतिथि महापौर लखनऊ सुषमा खर्कवाल का जी डी भट्ट, लक्ष्मण सिंह धामी, के एस रावत, महेन्द्र सिंह मेहता ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर विशन दत्त जोशी, शंकर पाण्डेय ने अंगवस्त्र धारण कराकर के एन पाण्डेय ने उत्तराखण्डी शीश आभूषण (टोपी) पहनाकर व अध्यक्ष गणेश जोशी, संयोजक के एन चन्दोला ने प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। एवं अतिविशिष्ठ अतिथि विधायक सरोजनी नगर डा. राजेश्वर सिंह का के एन पाठक एवं भुवन पाण्डेय जहाँवासी ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर जितेन्द्र उपाध्याय व बीना रावत ने अंगवस्त्र धारण कराकर आनन्द कपकोटी ने शीश आभूषण पहनाकर अध्यक्ष गणेश जोशी एवं महासचिव महेन्द्र सिंह रावत ने प्रतीक चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि सुषमा खर्कवाल ने पर्वतीय महापरिषद द्वारा प्रदान किये गये पर्वत गौरव सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

**निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन:** पर्वतीय महापरिषद चिकित्सा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आज सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में वरूनिका हॉस्पिटल एवं राज पॉली क्लिनिक कानपुर रोड लखनऊ के संयुक्त सहयोग से कुल 234 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क औषधियाँ वितरित की गईं। शिविर के दौरान एमण्डीण पैथोलॉजी के सहयोग से मरीजों की शुगर हीमोग्लोबिन एवं यूरिक एसिड की जांच पूर्णतः निशुल्क की गई जिससे आमजन को समय रहते स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं परामर्श प्राप्त हुआ। चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डाण बीण्एसण नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्वतीय महापरिषद द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने के उद्देश्य से यह अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनके नेतृत्व में रोज निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर चिकित्सा प्रकोष्ठ से जुड़े चिकित्सकों स्वास्थ्यकर्मियों एवं स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा। स्थानीय नागरिकों ने इस जनकल्याणकारी पहल की भूरि.भूरि प्रशंसा की। कौथिग के सुचारू आयोजन में गोपाल सिंह गैलाकोटी, के एन पाण्डेय, देवेन्द्र मिश्रा, बसन्त भट्ट, शंकर पांडे, चंचल सिंह बोरा, सुनील किमोठी, गोविन्द बोरा, आनन्द कपकोटी, ख्याली सिंह, के एस रावत, महेंद्र मेहता, बिशन दत्त जोशी, लक्ष्मण सिंह धामी, भीम सिंह मेहता, के एन पाठक, कैलाश बिनवाल, हरीश काण्डपाल, भुवन पाण्डेय, आनन्द भण्डारी, जितेन्द्र उपाध्याय, उमेद सिंह दयोपा, लक्ष्मण सिंह भण्डारी, कमल नेगी, पी सी पंत, के सी पन्त, के डी पाण्डेय, राजेश भट्ट इत्यादि ने सहयोग किया।

# मोती महल लॉन में 'एक शाम वतन के नाम' आज



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जश्न-ए-आजादी ट्रस्ट द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर एक शाम वतन के नाम शीर्षक से एक भव्य देशभक्ति एवंसांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन मोतीमहल लॉन में सायं 6 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष श्री मुरलीधर आहूजा जी ने बताया कि यह आयोजन देशप्रेम, संस्कृति और सामाजिक समरसता को समर्पितरहेगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध गुंजन मैसी बैंड की शानदार प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए ट्रस्ट की महामंत्री निगहत खान ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारे देश में संविधान लागू हुआ और भारत एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्यबना। हमारा संविधान हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का अधिकार देता है। उन्होंने इस अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान निमार्ताओं, विशेष रूप से डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए नागरिककर्तव्यों के पालन का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. शक्ति कुमार पांडेय ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश की गौरवशाली सांस्कृतिक एवंऐतिहासिक विरासत का स्मरण किया। आज हम यहाँ उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर एकत्रित हुए हैं। 24 जनवरी 1950 को हमारे गौरवशाली राज्य उत्तर प्रदेश की स्थापना हुई थी। उत्तर प्रदेश केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, इतिहास और सभ्यता की आत्मा है। यह भूमि भगवान राम, श्रीकृष्ण, गौतम बुद्ध, कबीरदास, तुलसीदास जैसे महान व्यक्तित्वों की जन्मभूमि रही है।


## कार्यालय नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़

संख्याः 713/न0पं0लालगंज-2025-26 दिनांकः 24 जनवरी:2026

**साधारण निविदा सूचना**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 मे उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष मा. अध्यक्ष महोदया की प्राप्त वित्तीय एवं प्रषासनिक स्वीकृति के अनुपालन में 01 ता 30 पर अंकित कार्य नीचे लिखे विवरण के अनुसार राज्य वित्त मद अन्तर्गत कार्य कराया जाना है। क्रम संख्या 01 से 30 पर अंकित कार्यो को कराये जाने हेतु साधारण निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र कार्यालय कार्यदिवस मे दिनांक 11 व 12 एवं 13 फरवरी 2026 को प्राप्त की जाती सकती है। साधारण निविदा को निकाय मे रखे गये निविदा बाक्स मे दिनांक 16 फरवरी 2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक समस्त अभिलेखों के साथ डाला जा सकता है। फर्म के पक्ष मे कार्य स्वीकृत होने के पश्चात अवशेष जमानत धनराशि नगद/एफ0डी0आर0 के रूप मे जमा करने के उपरान्त ही अनुबन्ध आदि की कार्यवाही पूर्ण करते हुए कायादेश निर्गत किया जायेगा। प्रकाशित किये जाने रहे कार्यो की निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। बिना निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अझारा वार्ड में मुस्लिम बस्ती में मन्जूर अहमद के घर से रज्जब अली के घर तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 329.00 | 5064.00 | 03 माह |
| 2 | अझारा वार्ड मे शिवानन्द मिश्रा के घर दिनेश पाण्डेय के घर तक सी0सी0 रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 714.00 | 11008.00 | 03 माह |
| 3 | अझारा वार्ड मे नागेश्वर के घर के पास से अमरनाथ मिश्र के घर तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 714.00 | 11008.00 | 03 माह |
| 4 | पण्डित का पुरवा वार्ड मे पक्की सड़क पीपल के पेड से सुबेश्याम शुक्ल के घर तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 877.00 | 13519.00 | 03 माह |
| 5 | पण्डित का पुरवा वार्ड मे राम किशोर कोरी के घर से होते हुए बैजनाथ कोरी के घर तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 412.00 | 6342.00 | 03 माह |
| 6 | पण्डित का पुरवा वार्ड मे राज नारायण वर्मा के घर से होते हुए राम मिलन वर्मा के घर तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 371.00 | 5714.00 | 03 माह |
| 7 | गौतमपुर वार्ड मे नगर पंचायत आफिस के सामने से नई बस्ती पक्की सड़क षिव कुमार गुप्ता के घर से नीरज शुक्ला के घर तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 1005.00 | 15484.00 | 03 माह |
| 8 | पूरेनेवाज खां वार्ड में दुखी वर्मा के घर से गुटकू यादव के घर तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 1004.00 | 15464.00 | 03 माह |
| 9 | पूरेनेवाज खां वार्ड मे चीकू के घर के पास मोड़ से लेकर रामलखन कोटेदार के घर तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 440.00 | 6773.00 | 03 माह |
| 10 | सांगीपुर वार्ड में काली सड़क राम किशुन गौतम के मकान से श्रीनाथ तिवारी के मकान तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 873.00 | 13448.00 | 03 माह |
| 11 | सांगीपुर वार्ड में आशीष तिवारी के मकान के सामने से एल.आई.सी. आफिस के पास राधा कृष्ण तिवारी के मकान तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 605.00 | 9328.00 | 03 माह |
| 12 | सांगीपुर वार्ड मे काली सड़क (मनीपुर) से फूलचन्द्र पाल के मकान तक सी.सी.रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 235.00 | 3618.00 | 03 माह |
| 13 | सलेम भदारी वार्ड मे पिच मार्ग से जावेद मास्टर के घर तक सी.सी.रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 783.00 | 12065.00 | 03 माह |
| 14 | सलेम भदारी वार्ड में पिच मार्ग से केदार शर्मा के घर तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 535.00 | 8246.00 | 03 माह |
| 15 | सलेम भदारी वार्ड मे गौसपुर पिच मार्ग से महावीर यादव के घर तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 389.00 | 5993.00 | 03 माह |
| 16 | खानापट्टी वार्ड मे राजाराम पाण्डेय के घर से होते हुए कल्लू कोरी के घर से शंकर कोरी के घर तक सी.सी.रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 886.00 | 13658.00 | 03 माह |
| 17 | नेताजीपुरम वार्ड मे संगम मोदनवाल उर्फ पप्पू मोदनवाल के घर से राजकुमार पाण्डेय के घर तक सी.सी.रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 336.00 | 5185.00 | 03 माह |
| 18 | नेताजीपुरम वार्ड मे सत्य प्रकाश मिश्र के घर से सागर सिंह के घर तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 604.00 | 9303.00 | 03 माह |
| 19 | बाजार खास वार्ड मे रामचन्द्र रजक के घर से मुन्ना षर्मा के घर से होते हुए गामा जायसवाल के घर के बगल से होकर मेन रोड तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 518.00 | 7976.00 | 03 माह |
| 20 | बाजार खास वार्ड मे राज कुमार सरोज के घर से होते हुए सुन्दर यादव के घर तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 694.00 | 10686.00 | 03 माह |
| 21 | बाजार खास वार्ड मे पुरानी षिव मन्दिर के पास सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 243.00 | 3739.00 | 03 माह |
| 22 | बाजार खास वार्ड मे मुन्ना दरबेस के घर से लेकर सिराज कुरैशी के घर तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 184.00 | 2828.00 | 03 माह |
| 23 | पाण्डेय का पुरवा वार्ड में सी0सी0रोड से माँ शीतला मन्दिर तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 452.00 | 6970.00 | 03 माह |
| 24 | षीतलमऊ वार्ड मे रोशन सिंह के घर से गौरव सिंह के घर के पास से होते हुए जलेशरगंज मार्ग तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 939.00 | 14469.00 | 03 माह |
| 25 | शीतलमऊ वार्ड मे नवनीत सिंह के घर से अभिषेक सिंह के घर होते हुए कालाकांकर मुख्य मार्ग तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 1040.00 | 16030.00 | 03 माह |
| 26 | शीतलमऊ वार्ड मे अशोक पाण्डेय के घर से मंजीत के घर होते हुए विष्णु प्रिया के घर तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 534.00 | 8225.00 | 03 माह |
| 27 | शीतलमऊ वार्ड मे कालाकांकर रोड से सन्तोश सिंह के घर तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 818.00 | 12597.00 | 03 माह |
| 28 | उमापुर वार्ड में राम मिलन वर्मा के दुकान से गुडिया वर्मा के घर तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 719.00 | 11080.00 | 03 माह |
| 29 | उमापुर वार्ड मे कल्लू वर्मा के घर से माताफेर वर्मा के घर तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 302.00 | 4655.00 | 03 माह |
| 30 | उमापुर वार्ड मे राममूर्ति मिश्र के घर से गुलाब वर्मा के घर तक सी0सी0रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 642.00 | 9895.00 | 03 माह |

1 निविदादाता के फर्म की जी.एस.टी. रजिस्टर्ड होने का प्रमाण-पत्र की फोटोप्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2 निविदादाता हैसियत प्रमाण-पत्र व चरित्र प्रमाण-पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3 निविदादाता को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के सदस्यों का होगा।
4 निविदादाता द्वारा निविदा प्रत्रत्र की हार्डकापी, धरोहर धनराशि, निविदा शुल्क, डिमाण्ड ड्राफ्ट की मूलप्रति नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़ में रखे गये निविदा पेटिका में निर्धारित समय के अन्दर जमा करना अनिवार्य है।
5 सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी।
6 निविदा स्वीकृति के पश्चात नियमानुसार स्टाम्प पेपर पर ठेकेदारों के व्यय पर अनुबन्ध लिखना अनिवार्य होगा।
7 समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जनपद प्रतापगढ़ होगा।
8 कार्य का निरीक्षण करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/प्रशासक/अपरजिलाधिकारी(वि/रा)/जिलाधिकारी व लोक निर्माण विभाग प्रतापगढ़ के सक्षम अधिकारी का होगा। किसी भी बिल का भुगतान तब तक नही होगा जब तक लोक निर्माण विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा बिलों का सत्यापन न कर दिया जाय।
9 मा0उच्च न्यायालय में पारित आदेशानुपालन में कार्यो हेतु निर्धारित जमानत धनराशि के अनुसार ई-स्टाम्प कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा।
10 इस योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यो में यदि गुणवत्ता खराब होने, अधोमानक होने तथा ठेकेदार की लापरवाही एवं तकनीकी त्रुटि के कारण टूटफूट होती है तो निर्माण कार्यो की पूर्णता की तिथि से तीन वर्श के अन्दर उसका रख-रखाव संबंधित ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
11 यह समस्त कार्य ठेकेदार द्वारा नियत समय पर पूर्ण करना अनिवार्य है। निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण होने की दशा में निकाय प्रशासन विभागीय कार्यवाही प्रचलित करने पर बाध्य होगा।
12 उक्त समस्त कार्य शासनादेश में उल्लिखित शर्तो के अनुसार ही कराया जाना है।

इन्द्र प्रताप
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़।

अनीता द्विवेदी
अध्यक्ष
नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़।

# लखनऊ-गाजियाबाद रेलवे ट्रैक 4 लाइन का होगा, यहां बाईपास होकर निकलेगी एक लाइन



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गाजियाबाद से लखनऊ तक बरेली होते हुए चार लाइन के रेलवे ट्रैक प्रोजेक्ट पर तेजी से काम चल रहा है। रेलवे बोर्ड के निर्देश में डीपीआर तैयार हो चुका है। समस्या बरेली और रामपुर के बीच काम जगह की है। दोनों स्टेशन से होकर एक ही रेल लाइन डालने की जगह है, जबकि दो लाइन डाली जानी हैं। अब एक लाइन बरेली और रामपुर में बाईपास से होकर निकलेगी। इसके लिए जमीन का सर्वे कर डीपीआर तैयार हो गई है। बरेली होकर गाजियाबाद से लखनऊ के बीच करीब 450 किलोमीटर रेल मार्ग पर 24 घंटे में 300 से 350 ट्रेनों का संचालन होता है। मेल, एक्सप्रेस और मालगाड़ी ट्रेनों का अधिक बोझ है। दो ही रेल लाइन होने के चलते ट्रेनों का संचालन प्रभावित होता है। गाड़ियां लेट हो जाती हैं, इसलिए अब दो लाइनें और बढ़ेंगी।

**डेढ़ साल से योजना पर काम चल रहा :** चार लाइन वाला ट्रैक गाजियाबाद से लखनऊ तक बनेगा। करीब डेढ़ साल से बोर्ड के निर्देशन में एजेंसी और इंजीनियरिंग टीम सर्वे कर रही थी, जो अब अंतिम चरण में है। डीपीआर तैयार है। बरेली और रामपुर में जगह की कमी है। दोनों रेलवे स्टेशन से होकर दो नई लाइन निर्माण को जगह नहीं है। आसपास आबादी है। सिर्फ एक ही नई लाइन बनने की जगह है। ऐसे में उच्च स्तरीय टीम ने एक लाइन बाईपास होकर निकालने का प्रस्ताव बनाया।

**यहां से होकर निकलेगी लाइन :** रामपुर और बरेली में बाईपास से एक रेल लाइन निकालने की तैयारी है। बरेली में भिटौरा से रामगंगा, बुखारा होते हुए टिसुआ स्टेशन के पास रेल लाइन को जोड़ा जाएगा। यह रेल लाइन करीब 40 किलोमीटर लंबी होगी। इसी तरह से रामपुर से पहले बाईपास होकर एक लाइन तैयार होगी, जो रामपुर और नगरिया सादात के बीच में आकर जुड़ेगी। यह लाइन भी करीब 20 किलोमीटर लंबी होगी। बरेली और रामपुर में बाईपास से निकलने वाली रेल लाइन के संबंध में डीपीआर भी तैयार हो चुकी है। जल्द इसे मंजूरी मिलने के बाद काम शुरू होने की उम्मीद है।

आदित्य गुप्ता, सीनियर डीसीएम, "गाजियाबाद से लखनऊ तक चार लेन का रेल ट्रैक बनेगा। अभी दो लाइन ही अप-डाउन की हैं। दो नई रेल लाइन बनाने को डीपीआर तैयार है। रामपुर और बरेली में एक लाइन ही बनने की जगह है, इसलिए एक लाइन बाईपास होकर निकलेगी। नए सत्र बजट में बोर्ड से स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।

**विस्तार से पहले इंटरसिटी एक्सप्रेस को मिलेगी नई रैक :** बरेली-दिल्ली के बीच चलने वाली 14315-16 इंटरसिटी एक्सप्रेस को भी जल्द नई रैक मिल जाएगी। मंडल स्तर पर इसके लिए कार्रवाई शुरू हो गई है। नई रैक मिलने के बाद गाड़ी को बदायूं होते हुए कासगंज तक विस्तार दिया जाएगा। इंटरसिटी एक्सप्रेस जर्जर पुरानी आईसीएफ रैक से संचालित की जा रही है। आए दिन कोचों में खराबी के कारण गाड़ी में स्लीपर और सामान्य श्रेणी के डिब्बों को लगाकर चलाना पड़ता है। एसी चेयरकार का किराया देने के बाद जब यात्रियों को स्लीपर कोच में यात्रा करनी पड़ती है तो अक्सर जंक्शन पर हंगामा भी होता है। मंडल के पास अतिरिक्त चेयरकार कोच न होने के कारण पुराने कोचों की बार-बार मरम्मत की जा रही है। ट्रेन को कासगंज तक विस्तार दिया जा चुका है, लेकिन संचालन शुरू नहीं हो सका है। मुरादाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि इंटरसिटी एक्सप्रेस के लिए चेयरकार श्रेणी के एसी कोच की दूसरी रैक उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रैक मिलने के बाद जल्द कासगंज से इसका संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

## 12 से थाईलैंड के फुकेट, क्राबी की सैर करायेगा आईआरसीटीसी

- गोमतीनगर स्थित कार्यालय में लॉन्च किया गया टूर पैकेज

**लखनऊ।** आईआरसीटीसी पर्यटकों को 12 फरवरी से थाईलैंड के फुकेट व क्राबी की सैर कराएगा। शुक्रवार को टूर पैकेज गोमतीनगर स्थित कार्यालय में लॉन्च किया गया। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि टूर 12 से 19 फरवरी तक चलेगा। इसमें यात्रियों को फ्लाइट से लाना-ले जाना, तीन सितारा होटल में ठहराव, ब्रेकफास्ट, लंच व डिनर, यात्रा बीमा, गाइड की सुविधा दी जाएगी। साथ ही फिफि आइलैंड टूर, क्राबी 4 आइलैंड टूर (स्पीड बोट द्वारा), टाइगर केव टेम्पल, रेलै बीच, नाइट मार्केट एवं सिटी टूर कराया जाएगा। अकेले ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रतिव्यक्ति 102500 रुपये, दो या तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर प्रतिव्यक्ति 82800, माता-पिता के साथ रुकने पर प्रति बच्चे के लिए पैकेज की दर 76200 रुपये है। पैकेज की बुकिंग गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन में आईआरसीटीसी कार्यालय एवं वेबसाइट एवं मोबाइल नंबरों 9236367954 व 8287930922 कराई जा सकती है।

## 20 को उदयपुर-जैसलमेर की सैर करायेगा आईआरसीटीसी

**लखनऊ।** यात्रियों की मांग को देखते हुए आईआरसीटीसी की ओर से 20 फरवरी से उदयपुर-जैसलमेर की सैर कराई जाएगी। बुधवार को गोमतीनगर स्थित कार्यालय में पैकेज लॉन्च किया गया। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि यह हवाई टूर पैकेज छह रात व सात दिनों का होगा। इसमें पर्यटकों को राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थलों उदयपुर, माउंट आबू, जोधपुर एवं जैसलमेर का भ्रमण कराया जाएगा। टूर में लखनऊ से हवाई यात्रा एवं वापसी की सुविधा रहेगी। तीन सितारा श्रेणी के होटलों में ठहरने, उदयपुर की झीलें एवं ऐतिहासिक महल, माउंट आबू का प्रसिद्ध दिलवाड़ा जैन मंदिर, जोधपुर का मेहरानगढ़ किला, जैसलमेर में डिजर्ट कैंप शामिल है। अकेले रुकने पर प्रतिव्यक्ति 73,000 रुपये, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर 55,200 प्रतिव्यक्ति, तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर 53,200 रुपये प्रतिव्यक्ति पैकेज की दर है। पैकेज की बुकिंग पर्यटन भवन स्थित आईआरसीटीसी के कार्यालय, वेबसाइट एवं 9236391909, 9236391911 नंबरों पर उपलब्ध है।

## भारत गौरव पर्यटन ट्रेन करायेगी अयोध्या समेत कई तीर्थों की यात्रा

**लखनऊ।** भारत गौरव पर्यटन ट्रेन 18 फरवरी को बरेली से होकर गुजरेगी। यह गाड़ी नौ रात और 10 दिन अयोध्या, वाराणसी, पुरी, जगन्नाथ धाम, गंगा सागर समेत कई तीर्थ स्थलों का भ्रमण कराएगी। इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने यात्रा पैकेज जारी करने के साथ बुकिंग भी शुरू कर दी है।

आईआरसीटीसी के रीजनल मैनेजर अजीत सिन्हा ने बताया कि भारत गौरव पर्यटन ट्रेन 18 फरवरी को ऋषिकेश से चलेगी। ट्रेन में स्लीपर, एसी द्वितीय और एसी तृतीय श्रेणी में कुल 767 सीटें रहेंगी। यह गाड़ी विष्णुपद मंदिर (गया), पुरी जगन्नाथ मंदिर, कोणार्क मंदिर (उड़ीसा), कोलकाता, गंगासागर, बैजनाथ धाम (जसीडीह), काशी विश्वनाथ मंदिर (वाराणसी), राममंदिर, हनुमानगढ़ी, सरयू आरती (अयोध्या) के दर्शन कराएगी। उन्होंने बताया कि आसान मासिक किस्तों में ईएमआई पर भी यात्रा की सुविधा दी जा रही है। ईएमआई सुविधा आईआरसीटीसी पोर्टल पर उपलब्ध बैंकों से ली जा सकती है।

**यात्रा पैकेज :** स्लीपर श्रेणी- 19110 रुपये प्रति व्यक्ति व पांच से 11 साल तक के बच्चों के लिए 17950 रुपये रखा गया है। एसी द्वितीय श्रेणी- 31720 रुपये प्रति व्यक्ति व पांच से 11 साल तक के बच्चों के लिए 30360 रुपये रखा गया है। एसी तृतीय श्रेणी- 41980 रुपये प्रति व्यक्ति व पांच से 11 साल तक के बच्चों के लिए 40350 रुपये रखा गया है।

## पुनर्वास विवि में दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को मिला विशेष पुरस्कार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश की सामान्य ज्ञान पर आधारित एक ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 21 प्रतिभागियों ने भाग लेकर ज्ञान और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया, जिनमें 12 दृष्टिबाधित (VI), 1 श्रवण बाधित (HI) और 8 सामान्य श्रेणी के छात्र शामिल थे। इसके अलावा विश्वविद्यालय के कई विभागों में अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए।

प्रतियोगिता में बीएड के छात्र अनूप यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा दिखाई, जबकि एमए की प्रगति रावत द्वितीय और बीए की स्मृति कुशवाहा ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, विशेष पुरस्कार दृष्टिबाधित छात्र सनोज बेंजामिन और श्रवण बाधित छात्रा कुमारी सोनी को प्रदान किया गया, जिन्होंने अपनी श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. मल्लिका सक्सेना भी उपस्थित रहीं। पुरस्कार वितरण सहायक आचार्य डॉ. बृजेश रावत और कार्यक्रम संयोजन सहायक आचार्य डॉ. अपर्णा ने किया।

विश्वविद्यालय के ब्लॉक ए2 के कक्ष संख्या 224 में उत्तर प्रदेश अतीत से वर्तमान तक विषय पर भाषण प्रतियोगिता में बीए प्रथण सेमेस्टर के अरुण पाल ने प्रथम स्थान हासिल किया। एमएसडब्यू प्रथम सेमेस्टर के ऐनुल हुडा अंसारी द्वितीय और बीए प्रथम सेमेस्टर की स्मृति कुशवाहा तृतीय रहीं। उत्तर प्रदेश में जन्मे महान व्यक्तित्त्व, स्वतंत्रता सेनानियों कवियों, लेखकों, अभिनेताओं और राजनेताओं पर भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम का आयोजन स्थाई आयोजन समिति के सदस्य राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विभाग सह आचार्य डॉ. शशि सौरभ ने किया।

## एकेटीयू में धूमधाम से मनाया गया यूपी दिवस

- उत्तर प्रदेश पर आधारित आयोजित किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न धार्मिक मंचन के जरिये दिखी प्रदेश की वैभवशाली विरासत की झांकी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में शनिवार को उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्रों ने उत्तर प्रदेश पर आधारित विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन एवं कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में कार्यक्रम की शुरूआत उत्तर प्रदेश पर आधारित एक लघु फिल्म से हुई। प्रदेश के उद्गम से लेकर अब तक की विकास यात्रा एवं सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पक्षों को समेटे यह लघु फिल्म काफी रोचक रही।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने उत्तर प्रदेश की पावन धरा पर जन्मे भगवान राम और कृष्ण के रूप में प्रस्तुति दी। साथ ही काशी में भगवान शिव के विभिन्न पक्षों को मनमोहक ढंग से दिखाया। इसके अलावा विन्ध्याचल मां के रूप में सजी छात्राओं ने प्रस्तुति से मन मोह लिया। साथ ही छात्रों के दल ने प्रदेश के विभिन्न पक्षों पर आधारित सामूहिक नृत्य एवं गीत की शानदार प्रस्तुति दी।

रंगोली और पेंटिंग में दिखी यूपी की संस्कृति कार्यक्रम के दौरान छात्रों की बनाई रंगोली और पेंटिंग में उत्तर प्रदेश की संस्कृति, सभ्यता, ऐतिहासिकता एवं सामाजिक तानेबाने का चित्र उभरा। विभिन्न रंगों के संयोजन से छात्रों ने प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थलों, मंदिरों एवं स्थानों को अपने रंगोली और पेंटिंग का हिस्सा बनाया। इन प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के घटक संस्थान जिसमें, सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज, फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड डिजाइन, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एवं फैकल्टी ऑफ फॉमेर्सी के छात्रों ने हिस्सा लिया।

इसके अलावा प्रदेश की सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक विशेषताओं पर छात्रों ने भाषण भी दिया। मध्य प्रदेश के सामान्य ज्ञान पर छात्रों के बीच एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित करायी गयी। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विजेता छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही छात्रों ने प्रदेश के 75 जिलों के बारे में संक्षिप्त जानकारी भी दी।

इस मौके पर प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार ने प्रदेश की गौरवशाली विरासत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश हमेशा से संभावनाओं और प्रतिभा से भरा रहा है। जरूरत है अपनी क्षमताओं को पहचानने की। विकसित भारत के लक्ष्य को उत्तर प्रदेश के योगदान से पाना आसान है। इसके लिए युवाओं को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। कुलसचिव रीना सिंह ने विषय स्थापना करते हुए कहा कि यह उत्तर प्रदेश का अतीत गौरव से भरा हुआ है तो वर्तमान सशक्त है जबकि इस प्रदेश का भविष्य उज्ज्वल है। हमें प्रदेश की विरासत को आगे बढ़ाते हुए विकास के नये सोपान गढ़ने होंगे।

## लोहड़ी की मिठास के साथ गणतंत्र दिवस के स्वागत में मचा धमाल



**लखनऊ।** एसिड अटैक सर्वाइवर द्वारा संचालित शिरोज कैफे में ए टच ऑफ आनंद इवेंट मैनेजमेंट द्वारा आज एक रंगारंग कार्यक्रम अयोजित किया गया। इस आयोजन में शहर भर से विभिन्न क्षेत्र की महिलाओं ने हिस्सा लिया और लोहड़ी एव गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में जम कर धमाल मचाया। अयोजक आकांक्षा आनंद ने बताया कि लोहाड़ी बसंत पंचमी साथ-साथ गणतंत्र दिवस का स्वागत करने के लिए हम महिलाएं इन एसिड सर्वाइवर के साथ एक शाम गुजार कर समाज को यह संदेश देना चाहते हैं कि महिलाएं समाज की दशा और दिशा बदल सकती हैं। आज के इस रंगारंग कार्यक्रम में महिलाओं ने ढोलक की थाप पर जहां नृत्य किया वहीं रैम पर कैटवॉक भी हुआ। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मनीषा ने बताया कि शिखा को लोहड़ी क्वीन और रिशु को तिरांगा क्वीन के खिताब से नवाजा गया.जबकी गेम विजेता विनीता रही। कार्यक्रम में ऋचा मोनिका, अलका, शिखा, सोनी, शालू, ज्योति, मेनका, संगीता, चारू, आकांक्षा बधावन, पल्लवी समेत कई महिलाओं ने अपने-अपने हुनर का प्रदर्शन किया।

## पेपर क्राफ्ट वर्ल्ड में बच्चों का अद्भुत प्रदर्शन

**लखनऊ।** सेंट फ्रांसिस कॉलेज, हजरतगंज की कक्षा 1 सी एवं 1 डी के विद्यार्थियों ने पेपर क्राफ्ट वर्ल्ड थीम पर आधारित एक रंगारंग हस्तशिल्प प्रदर्शनी में अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी में पांच आकर्षक वर्ग शामिल थे, उसमें बीन क्राफ्ट, लीफ क्राफ्ट, न्यूजपेपर क्राफ्ट, गणतंत्र दिवस पर आधारित क्राफ्ट तथा पेपर रोल क्राफ्ट रहे। प्रदर्शनी में बच्चों ने सरल, पर्यावरण-अनुकूल एवं पुनः उपयोग योग्य सामग्रियों का प्रयोग करते हुए रंग-बिरंगे बीन एनिमल्स, प्राकृतिक पत्तियों से बनी कलाकृतियां, समाचार पत्रों से निर्मित कल्पनाशील मॉडल, देशभक्ति से प्रेरित तिरंगे पर आधारित शिल्प और पेपर रोल से उपयोगी वस्तुएं तैयार कीं। इन कलाकृतियों के माध्यम से बच्चों ने रचनात्मकता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और पुनः उपयोग (री-यूज) का सशक्त संदेश भी दिया। इस प्रदर्शनी का मार्गदर्शन अनिशा वर्मा एवं मोनिका थॉमस द्वारा किया गया, जिनके सहयोग और प्रोत्साहन से विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ अपनी कल्पनाओं को कला के रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में प्रारंभिक स्तर से ही हाथों से सीखने की प्रक्रिया (हैंड्स-ऑन लर्निंग), पर्यावरण जागरूकता और सृजनात्मक सोच को विकसित करना था। यह आयोजन एक आनंददायक शिक्षण अनुभव में परिवर्तित हो गया, जिसने उपस्थित अभिभावकों एवं आगंतुकों को बच्चों की कल्पनाशीलता, परिश्रम और उत्साह से अत्यंत प्रभावित किया।



## ग्रीन बिल्डिंग्स अभियान बनें जन-आंदोलन : डॉ. राजेश्वर सिंह

- पर्यावरण संकट पर चेतावनी हरित समाधान पर संकल्प

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने शनिवार को होटल ग्रैंड जेबीआर, गोमती नगर में लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित ट्रांसफॉर्मिंग रियल एस्टेट इन उत्तर प्रदेश थ्रू ग्रीन बिल्डिंग्स विषयक सम्मेलन में सहभागिता की। अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि ग्रीन एनर्जी अब विकल्प नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पर्यावरणीय संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज वायु प्रदूषण, गिरता भूजल स्तर और बढ़ता अदक भविष्य के लिए गंभीर चेतावनी हैं।

उन्होंने बताया कि विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष 70 लाख से अधिक लोगों की असमय मृत्यु वायु प्रदूषण के कारण होती है, जिनमें से लगभग 24 लाख भारत में हैं। उन्होंने अर्थ ओवरशूट डे का उदाहरण देते हुए कहा कि 1972 में यह दिन 26 दिसंबर था, जबकि अब यह अगस्त के पहले सप्ताह तक आ चुका है—जो यह दशार्ता है कि मानवता प्रकृति की क्षमता से कहीं अधिक उपभोग कर रही है। ग्रीन बिल्डिंग्स पर बल देते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि यह केवल तकनीकी समाधान नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन बनना चाहिए।

उन्होंने बताया कि ग्रीन बिल्डिंग्स से 30-40 प्रतिशत ऊर्जा तथा 20-30 प्रतिशत जल की बचत संभव है। जब देश की लगभग 70 प्रतिशत इमारतें अभी बननी शेष हैं, तब यह सही समय है कि ग्रीन कंस्ट्रक्शन को मुख्यधारा बनाया जाए। उन्होंने सरकार से अधिक कर छूट, कम ब्याज दर पर ऋण, ऋ्रअफ में बढ़ोतरी और संपत्ति कर में रियायत जैसे प्रोत्साहनों को और मजबूत करने का आग्रह किया।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने ग्रीन बिल्डिंग कोड को अपनाकर देश में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 1 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित हो चुकी है और 22,000 मेगावाट का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो भारत के नेट जीरो 2070 संकल्प के अनुरूप है। उन्होंने बताया कि उनके कार्यालय में सोलर हेल्प डेस्क संचालित है और लखनऊ की कुल 120 मेगावाट सौर क्षमता में से 60 मेगावाट से अधिक अकेले सरोजनीनगर में स्थापित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त उन्होंने शिविरी वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संयंत्र प्रतिदिन लगभग 2100 मीट्रिक टन कचरे को ऊर्जा में परिवर्तित करने की क्षमता रखता है और इसके माध्यम से लखनऊ उत्तर प्रदेश का ऐसा शहर बन रहा है, जो अपने संपूर्ण कचरे को ऊर्जा में बदलने की दिशा में अग्रसर है।

सम्मेलन को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी संबोधित लिया, इस दौरान सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, छटअ ए.के. माथुर, अमित श्रीवास्तव, जय कुमार गुप्ता, अशोक कुमार, राज वर्मा, आर्किटेक्ट एस.के. सारस्वत, प्रवीन कुमार द्विवेदी सहित अनेक विशेषज्ञ, नीति-निमार्ता और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अंत में डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि इस सम्मेलन से प्राप्त सुझावों और विचारों को नीति स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि उत्तर प्रदेश को हरित, स्वच्छ और सतत विकास का मॉडल राज्य बनाया जा सके।

## जय जगत का परचम लहराने को तैयार है सीएमएस झांकी




**लखनऊ।** सारे जग में गूंज उठे जय जगत का नारा है की भावना से लबरेज सीएमएस की अनूठी झांकी गणतंत्र दिवस परेड में वसुधैव कुटुम्बकम, सर्वधर्म समभाव एवं जय जगत का संदेश देगी। चारबाग में रवींद्रालय स्थित झांकी स्थल पर शनिवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में यह झांकी पत्रकारों को दिखाई गई। इस अवसर पर झांकी के विभिन्न पहलुओं से पत्रकारों को अवगत कराते हुए सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विगत 21 नवम्बर 2025 को विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा था कि हजारों वर्षों से भारत पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में मानता आ रहा है और मुख्यमंत्री द्वारा व्यक्त किये गये विचार सीएमएस की इस अनूठी झांकी में विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि सारे जग में गूंज उठे जय जगत का नारा है की प्रेरणादायी थीम पर आधारित झांकी सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का सशक्त संदेश देती है और युद्ध, हिंसा और वैमनस्य के स्थान पर शान्ति, सहयोग और मानवीय मूल्यों की स्थापना का आह्वान करती है। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि सीएमएस की यह झांकी वर्तमान समय में अत्यन्त प्रासंगिक है।

## नवयुग महाविद्यालय में मना मतदाता दिवस



**लखनऊ।** लोकतांत्रिक उत्साह के शानदार प्रदर्शन में, नवयुग कन्या महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शनिवार को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना और नागरिकों को राष्ट्र के शासन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाना था। वर्ष 2026 के राष्ट्रीय विषय मेरा भारत, मेरा वोट और टैगलाइन भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक के तहत, इस कार्यक्रम ने लोकतंत्र के ढांचे को मजबूत करने में प्रत्येक वोट के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया। कार्यक्रम की शुरूआत मतदाता शपथ के साथ हुई। प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय के नेतृत्व में, छात्राओं, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने धर्म, मूलवंश, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर प्रभावित हुए बिना, निर्भीक होकर हर चुनाव में मतदान करने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। रैली का नाका हिंडोला से होते हुए महाविद्यालय प्रांगण में सफल समापन हुआ। इसी क्रम राष्ट्रीय सेवा योजना एक स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का परिणाम में प्रथम प्रियंका भारती , द्वितीय अर्चना प्रजापति (बीकॉम द्वितीय वर्ष), तृतीय सौम्या मिश्रा और सांत्वना पुरस्कार सना कुरैशी रहीं। प्राचार्या ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की और इसी प्रकार आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्वेता उपाध्याय, डॉ मनीषा बड़ौनियां, डॉ. चंदन मौर्या एवं दीक्षा तथा सभी स्वयंसेविकायें उपस्थिति रहीं।

## जिला स्टेडियम कुशीनगर में मनाया गया उत्तर प्रदेश दिवस

विशेष संवाददाता (vol)

**कुशीनगर/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जिला स्टेडियम, कुशीनगर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुशीनगर के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने उपस्थित जनसमूह को उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रभारी मंत्री के रूप में कुशीनगर आने से पूर्व नेपाल सीमा से सटे इस जनपद को लेकर कुछ आशंकाएं थीं, किंतु यहां आकर यह अनुभव हुआ कि कुशीनगर सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध जनपद है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास सदैव स्मरणीय रहेंगे। प्रभारी मंत्री ने कुशीनगर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को खोजकर आगे बढ़ाने तथा जनपद के समग्र विकास के लिए सामूहिक संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे ने कहा कि वर्ष 1950 में उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना हुई थी, लेकिन यूपी दिवस को औपचारिक रूप से मनाने की शुरूआत लगभग 70 वर्ष बाद हुई।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत प्रशस्ति पत्र एवं डमी चेक के माध्यम से लगभग 16 करोड़ 4 लाख रुपये की धनराशि का वितरण मुख्य अतिथि एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों ने विभागीय स्टालों का निरीक्षण भी किया।

## अटल विश्वास का 104वां स्थापना दिवस : इं. एके द्विवेदी

- स्थापना दिवस पर 101 अभियंताओं का सम्मान
- इं. भरतजी गुप्ता और इं. रामकिशन प्रसाद को मिला संघ रत्न सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ का शताब्दी स्थापना दिवस समारोह में शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष इं. एके द्विवेदी, प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन इं. विजय कनौजिया ने समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि अटल विश्वास का 104 वां स्थापना दिवस वाकई संघ एवं विभाग के लिए गर्व का विषय होना चाहिए। किसी संघ का निर्विवाद रूप से सौ का आंकडा वह भी विशेष उपलब्धियों के साथ पूरा करना इस बॉत का प्रमाण है कि संघ के प्रति सदस्यों का विश्वास अटल है।

उन्होंने डिप्लोमा इंजीनियर्स से कहा कि देश के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए उनका फर्ज है कि वे सरकार की प्राथमिकता को ध्यान में रखकर विकास कार्यों में अपनी भागीदारी दर्ज कराये। सबसे खास बात यह कि डिप्लोमा इंजीनियर्स की संख्या विभाग में सर्वाधिक है। हमने संघ के साथ ही बैठकर अधिकत्तर समस्याओं का निराकरण किया और कराया है। संघ के 104 स्थापना दिवस समारोह में संघ द्वारा 61 से 93 वर्ष के 101 सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस दौरान संघ द्वारा इं. भरतजी गुप्ता और इं.रामकिशन प्रसाद को संघ रत्न से सम्मानित किया गया।

स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष इं. एनडी द्विवेदी ने कहा कि आज संघ एक वटवृक्ष की तरह अपने सदस्यों की रक्षा के लिए खड़ा है। हमारे अग्रजों ने इसके लिए बड़ी कुर्बानिया दी है। संघ ने काफी कुछ हासिल किया है। संघ को आईएसओ अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है। हमारा पूरा प्रयास है कि हम संघ की गरिमा को बनाए रखकर अपने सदस्यों के हितार्थ प्रयासों को जारी रखेगें। हमारा एवं संघ के प्रत्येक पदाधिकारी का एक महत्वपूर्ण दायित्व यही है कि किसी भी प्रकार से किसी सदस्य का कोई अहित न हो इसके लिए संघ एवं संघ के पदाधिकारी हमेशा सजग और सर्तक रहते है। स्थापना दिवस के अवसर पर इ. दिवाकर राय, इं. एलएन सचान, इं. अमरनाथ, इं. भागेर्वेन्दु मिश्रा, इं. संतोष श्रीवास्तव, इं. संतोष मिश्रा, इं. मिनाजुल हक, इं. एके पाण्डेय, इं. संजय कुमार पाण्डेय, इं. आरपी यादव, इं. एके मिश्रा, इं. हेमेन्द्र प्रताप सहित 101 सेवानिवृत्त अभियंताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन इं. राजर्षि त्रिपाठी ने किया।

स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अभियंता विद्युत यांत्रिक इं. यूके सिंह, डप्लोंमा इंजीनियर्स महासंघ के अध्यक्ष इं. एचएन मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष एसपी मिश्रा, शिवशंकर दुबे, विद्युत जूनियर इंजीनियर्स संघ के अध्यक्ष इं. जेबी पटेल, इं. ओपी यादव, इं. वीके पाण्डेय, इ. राघवेन्द्र गुप्ता, संघ के पूर्व महामंत्री इं. वीके कुशवाहा एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं. श्रवण कुमार, एसके त्रिपाठी, इं. राजेश वर्मा, इं. विनोद कुमार, इं. राजेश श्रीवास्तव, इं. मस्त राम वर्मा, इं. मोहित कटियार, विभागीय संघ के पद्मनाभ त्रिपाठी, मनीष शुक्ला, मो. अली मक्की, भारत सिंह यादव, शिव कुमार यादव, लेखपाल संघ से सुजीत कुमार पदाधिकारियों के साथ विभागीय संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## कंपोजिट विद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया

देवरिया ,सदर ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय बगहा मठिया में आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया जो भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस के रूप में भी जाना जाता है ।16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विद्यालय में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ,बच्चों, रसोइयों और उपस्थित अभिभावकों को इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया ।

सभी को निर्भीक और निष्पक्ष होकर मतदान करने की शपथ दिलाई गई । राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम माई इंडिया - माई वोट के आधार पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया ।

विजयी प्रतिभागी बच्चों को प्रभारी प्रधानाध्यापिका इंद्रावती देवी द्वारा पुरस्कृत किया गया ।इस अवसर पर अनिल कुमार राय, राहुल सिंह ,संध्या यादव ,स्वाति सिंह ,रजनीकांत तिवारी, विनीता कुमारी ,शाहजहां बेगम, सुमन चौहान ,मोहम्मद जाकिर हुसैन ,मनभावती देवी सहित बच्चे और अभिभावक उपस्थित रहे।

## कृषि यंत्रों के लिए ई-लॉटरी सम्पन्न,:आठ कृषकों का हुआ चयन

देवरिया । शासन के निर्देशानुसार संचालित कृषि यंत्रीकरण योजनाओं के अंतर्गत जनपद में शनिवार को ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन तथा इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजनाओं के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान हेतु लाभार्थियों का चयन किया गया।

जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद स्तरीय गठित समिति की उपस्थिति में गांधी सभागार, विकास भवन देवरिया में ई-लॉटरी आयोजित की गई। ई-लॉटरी के माध्यम से कुल 18 कृषकों ने बुकिंग कराई थी, जिसमें से 8 कृषकों का चयन किया गया।

चयनित कृषकों को रोटावेटर, लेजर लैंड लेवलर, कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना, सुपर सीडर तथा ऑयल मिल विद फिल्टर प्रेस जैसे कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ प्रदान किया जाएगा। चयनित किसानों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से बिल अपलोड करने की अंतिम तिथि की सूचना भेज दी गई है।

उप कृषि निदेशक ने बताया कि चयनित कृषक निर्धारित समय सीमा के भीतर कृषि यंत्र क्रय कर पोर्टल पर बिल, यंत्र के साथ फोटो, लेजर कटिंग नंबर की फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, जाति प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं बैंक स्टेटमेंट अपलोड करें।

साथ ही पत्रावली स्वयं कार्यालय में संबंधित कर्मचारी के पास जमा करनी होगी। किसी अन्य व्यक्ति द्वारा पत्रावली स्वीकार नहीं की जाएगी।

ई-लॉटरी कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी सहित प्रगतिशील कृषक वेदव्यास सिंह, ज्ञानेश्वर सिंह, गंगा कुशवाहा, अशोक कुमार मल्ल, भीम बहादुर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भव्य आयोजन के साथ जिला स्टेडियम में मनाया गया यूपी दिवस



कुशीनगर। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जिला स्टेडियम कुशीनगर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री माननीय दिनेश प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन

**●प्रभारी मंत्री ने कुशीनगर की सांस्कृतिक विरासत और विकास पर दिया विशेष जोर**

मुख्य अतिथि एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस अवसर पर प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने यूपी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब उन्हें कुशीनगर जनपद का प्रभारी मंत्री बनाया गया था, तो नेपाल सीमा से सटे इस जनपद की जिम्मेदारी को लेकर मन में आशंका थी, परंतु यहां आने के बाद उन्हें अनुभव हुआ कि कुशीनगर सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध जनपद है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमारी संस्कृति और परंपराएं रामायण जैसे महान ग्रंथों के माध्यम से आगे बढ़ी हैं, उसी प्रकार उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रयास सदैव स्मरणीय रहेंगे। उन्होंने विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज कजरी जैसी लोक विधाएं विलुप्त होती जा रही हैं, किंतु बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों से यह स्पष्ट है कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाने का कार्य नई पीढ़ी द्वारा किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कुशीनगर की विरासत को खोजकर उसे आगे बढ़ाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे तथा जनपद के समग्र विकास के लिए सभी को संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि वर्ष 1950 में उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना हुई, किंतु यह आश्चर्यजनक है कि जिस भूमि पर प्रभु श्रीराम और श्रीकृष्ण का अवतरण हुआ, जहां अयोध्या, काशी जैसी महान धरोहरें हैं, वहां यूपी दिवस मनाने में लगभग 70 वर्ष लग गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में देश और प्रदेश सुरक्षित हाथों में हैं और निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हैं। राज्यसभा सांसद कुंवर आर.पी.एन. सिंह ने उपस्थित जनसमूह को यूपी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुशीनगर जनपद जिस गति से विकास कर रहा है, उसमें और तेजी लाई जाएगी तथा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनपद को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया जाएगा। डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक राज्य किसी देश कम नहीं है। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है, क्योंकि 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना हुई थी।

उन्होंने कहा कि प्रशासन निरंतर सभी वर्गों को साथ लेकर विकास के कार्यों को आगे बढ़ा रहा है और आने वाले समय में हर तीन माह में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देगा। उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं डमी चेक के माध्यम से लगभग 16 करोड़ 4 लाख रुपये की योजनाओं का वितरण मुख्य अतिथि एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। इस दौरान मंत्री के साथ अन्य जन प्रतिनिधि गण व अधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम में, विधायक हाटा मोहन वर्मा, विधायक खड्डा विवेकानंद पांडे, विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौंड, विधायक पडरौना मनीष जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गेश राय, पिछड़ा आयोग सदस्य फूल बदन कुशवाहा, सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, परियोजना निदेशक पियूष कुमार सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निष्पक्ष, निर्भीक और प्रलोभन-मुक्त मतदान की शपथ दिलायी

बरहज,देवरिया। तहसील परिसर में 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं ने रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। श्रुति कीर्ति बौद्ध कन्या महाविद्यालय बरहज की छात्राएं रीतिका गुप्ता, वैष्णवी पांडेय, कीर्ति सिंह, मानसी सिंह, भाग्य श्री ने रंगोली,पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। एसडीएम विपिन द्विवेदी, तहसीलदार अरुण कुमार ने मेडल एवं

**●रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता के श्रुति कीर्ति बौद्ध कन्या महाविद्यालय की छात्राओं को मिला मेडल**

प्रणाम पत्र प्रदान किया। उपजिलाधिकारी विपिन कुमार द्विवेदी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों, अधिवक्ताओं,नागरिकों को निष्पक्ष, निर्भीक एवं प्रलोभन-मुक्त मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान पर निर्भर करती है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से बिना किसी दबाव, भय अथवा प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया। शिक्षकों, छात्राओं से आमजन को मतदाता जागरूकता के लिए प्रेरित करने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का प्रमुख उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं को मतदान के महत्व से अवगत कराना, उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना एवं मतदाता सहभागिता को बढ़ावा देना है छात्राओं, नागरिकों एवं कर्मचारियों ने लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां निष्पक्ष एवं प्रलोभन-मुक्त मतदान की शपथ ली। कार्यक्रम के माध्यम से जनमानस को यह संदेश दिया गया कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है।इस अवसर पर नायब तहसीलदार रविंद्र मौर्य खंड शिक्षा अधिकारी राजेश यादव,नागेंद्र सिंह, श्रवण सिंह, राजन यादव आदि मौजूद रहे।

## निकली मतदाता जागरूकता रैली

देवरिया ।16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद देवरिया में लोकतंत्र को सशक्त करने का संदेश देते हुए भव्य मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आत्मा है और प्रत्येक पात्र नागरिक का यह संवैधानिक दायित्व है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे।उन्होंने विशेष रूप से युवा मतदाताओं से आह्वान किया कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें और देश की दिशा तय करने में अपनी निर्णायक भूमिका निभाएँ।

रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री, स्काउट-गाइड, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।हाथों में तख्तियाँ और नारों के माध्यम से प्रतिभागियों ने ह्यपहले मतदान, फिर जलपानह्न, ह्यमेरा वोट, मेरी ताकतह्न जैसे संदेशों के जरिए आमजन को जागरूक किया।रैली जीआईसी से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट, पोस्टमार्टम चौराहा एवं जलकल रोड होते हुए पुनः जीआईसी ग्राउंड पहुँची।इसके उपरांत आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने उपस्थित नागरिकों को मतदाता शपथ दिलाई।

इस दौरान नव पंजीकृत मतदाताओं को एपिक कार्ड वितरित किए गए तथा मतदाता जागरूकता अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने शत-प्रतिशत मतदान का प्रभावशाली संदेश दिया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा।अपने उद्बोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि एक जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की नींव होता है। उन्होंने सभी नागरिकों से निर्भीक होकर मतदान करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की अपील की।

## धूमधान से मनाया गया प्रदेश का 77वां स्थापना दिवस

देवरिया। उत्तर प्रदेश के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी), देवरिया परिसर में भव्य प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम्य विकास राज्यमंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम, भाटपारानी विधायक सभाकुंवर, सांसद सलेमपुर प्रतिनिधि राम प्रकाश यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजपा राजेश मिश्र तथा जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके पश्चात विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। राज्यमंत्री श्रीमती गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस प्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं विकासात्मक उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर है।उन्होंने कहा कि प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के प्रत्येक लाभान्वित किया जा रहा है।

# समता मूलक क्रांति के अग्रदूत थे कर्पूरी ठाकुर: विधायक

जिला संवाददाता

कुशीनगर। बिहार के पूर्व मुख्य मंत्री, जननायक स्व कपूरी ठाकुर की 102 वीं जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पार्चन किया गया। वक्ताओं ने स्व. कपूरी ठाकुर के सादगी व ईमानदारी की चर्चा करते हुए उन्हें युग पुरुष बताया। मुख्य अतिथि विधायक ने जन नायक कपूरी की प्रतिमा लगवाने और अगली जयंती वहीं मनवाने की घोषणा की।

शनिवार को अखिल भारतीय नाई महा पंचायत जिला इकाई द्वारा नगरपालिक परिषद कुशीनगर अंतर्गत महन्थ अवैद्यनाथ नगर (सिसवा-महन्थ) रामलीला मैदान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक ने अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि लोकप्रियता के कारण उन्हें जन नायक कहा जाता है। कपूरी ठाकुर दूरदर्शी होने के साथ ही समता मूलक क्रांति के अग्रदूत थे। समाजवादी अन्दोलन

**शोषितों वंचितों के मसीहा थे कर्पूरी: शैलेन्द्र प्रताप सिंह**

के कपूरी ठाकुर को उनकी सादगी और ईमानदारी के लिए जाना जाता था। उनका भाषण सत्य, संयम और संवेदना से भरपूर होता था। विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने शिष्टाचार और मयार्दा की लक्ष्मण रेखा को कभी पार नहीं किया। अपनी नीति और नियत की वजह से वह सर्व समाज के स्थापित नेता थे। विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि वहां शोषितों वंचितों के मसीहा थे। मुख्य वक्ता शिक्षक राम नरेश शर्मा ने कहा कि जन नायक ने राष्ट्र और समाज का उत्थान किया। रालोद प्रदेश अध्यक्ष सिया शरण पाण्डेय ने कहा कि स्व. कपूरी ठाकुर के सिद्धांतों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। बीओसी डब्ल्यू बोर्ड सदस्य अभय प्रताप नारायण सिंह ने उन्हें महा मानव बताया। भंते डॉ नन्द ने स्व कपूरी के सामाजिक उत्थान और संघर्ष पर चर्चा की।

बिहार में प्रधानाचार्य रहे गोरखनाथ सिंह ने स्व कपूरी के जीवन पर प्रकाश डाला।इसी क्रम में एयरपोर्ट सलाहकार समिति सदस्य ओम प्रकाश जायसवाल, डॉ राघवेंद्र शरण सिंह, संरक्षक सुशील प्रताप वर्मा, सुदामा प्रसाद, किसान नेता गोबद्धन प्रसाद गोंड़, मंडल अध्यक्ष एडवोकेट नरेंद्र शर्मा, सभासद प्रभुनाथ सिंह, बौद्ध संग्रहालय के सहायक तेज प्रताप शुक्ला, माकपा जिला सचिव अयोध्या लाल श्रीवास्तव, रालोद जिलाध्यक्ष विनोद प्रताप कुंवर, राजू जायसवाल ने अपने विचार रखे। अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण, अंग वस्त्र देकर पूर्व प्रधान रविन्द्र शर्मा, नगर संरक्षक महिउद्दीन, जिला सचिव गुडडू शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रवेश शर्मा, अभिषेक नन्द वंशी, निखिल प्रताप, छात्र नेता अशोक कुमार सिंह, सभासद विजेंद्र प्रताप सिंह, गिरिजेश सिंह, अजेंद्र सिंह, राम लक्षण शर्मा, संदीप शर्मा, छोटेलाल शर्मा आदि ने किया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ठाकुर, आभार संयोजक व नगर अध्यक्ष जटा शंकर शर्मा व हृदया नन्द शर्मा ने व्यक्त किया। संचालन राम छबीला ठाकुर ने किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष आद्या पांडेय, रामायण कुशवाहा, रजनीश तिवारी, मोहम्मद इदरीश, बीपी गुप्ता, हीरालाल सिंह, प्रदीप सिंह, विक्रम भारती, सनउवर अंसारी, महेश पासवान, एडवोके राहुल शाह, हरिओम शर्मा, वशिष्ठ यादव, चंद्रिका शर्मा, उदित शर्मा, प्रदीप सिंह, रामजीत, मुन्ना शर्मा, इंद्रजीत, राम प्यारे, रामजी सिंह, राजेंद्र प्रसाद, अंबिका शर्मा, मनोज शर्मा, सुरेश शर्मा, सन्नी राव, केश्वर ठाकुर, रामप्रीत सिंह, जयराम सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य मौजूद रहे।

# एसआईआर के झंझावात में फंसे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष

जिला संवाददाता

कुशीनगर।विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर ) अभियान अब केवल आम मतदाताओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसकी आँच सीधे राजनीतिक नेतृत्व तक पहुँच गई है। पडरौना नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन नरेन्द्र वर्मा का नाम मतदाता सूची से गायब होने के बाद इलाके में हलचल मच गई है। हैरानी की बात यह है कि पूर्व चेयरमैन को बाकायदा नोटिस

**●पडरौना के पूर्व चेयरमैन नरेन्द्र वर्मा का नाम मतदाता सूची से गायब, नोटिस मिलने से मचा**

जारी कर जवाब माँगा गया है, जिससे एसआईआर प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं ।बतादे कि सूबे के उत्तर प्रदेश में लगभग 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट वोटर सूची से हटाए गए हैं। इसका मुख्य कारण यह बताया गया है कि वे मर चुके हैं या फिर दूसरे स्थान पर चले गए हैं, उनका पता नहीं मिला या मैपिंग (वर्ष 2003 की सूची से मिलान) नहीं हुई। ऐसे मतदाताओं को दावा-आपत्ति प्रक्रिया के तहत दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस के माध्यम से मौका दिया जा रहा है।

### एसआईआर ने चौंकाया

पूर्व चेयरमैन भी ह्यअपात्रह्न? एसआईआर के तहत जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची में जब पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा ने अपना नाम तलाशा, तो वह सूची से नदारद मिले ।इसके बाद निर्वाचन तंत्र द्वारा उन्हें नोटिस थमा दिया गया, जिसमें तय समयसीमा के भीतर दस्तावेज प्रस्तुत कर दावा करने के लिए कहा गया है। मजे की बात यह कि जिस व्यक्ति ने वर्षों तक नगर का नेतृत्व किया, अपने मत का प्रयोग किया और लोकतंत्र की रक्षा का दायित्व निभाया, उसी व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट से कट जाना प्रशासनिक लापरवाही है या फिर व्यवस्था की खामी का नजीर।

### पूर्व चेयरमैन नरेन्द्र वर्मा बोले

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा ने मतदाता सूची से नाम कटने के बाद नाराजगी जताते देते हुए कहा कि





मैं वर्षों से पडरौना का स्थायी निवासी हूँ। मैं पिछले पचास वर्षों से लगातार विधानसभा, लोकसभा और नगर पालिका, तीनों स्तरों के चुनावों में मतदान करते आ रहा हूँ।

इसके अलावा लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नगर पालिका अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद पर रहकर जनता की सेवा की है। इसके बावजूद एसआईआर के नाम पर मेरा नाम मतदाता सूची से काट दिया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। मेरा नाम कभी किसी चुनाव में मतदाता सूची से नहीं कटा, फिर अचानक एसआईआर के नाम पर मुझे अपात्र साबित करने की कोशिश की जा रही है ।ह्वउन्होंने कहा किह्लयह मामला सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि हर उस नागरिक का है, जिसका मताधिकार प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ रहा है। अगर एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि को नोटिस देकर अपनी नागरिकता और मतदाता होने का प्रमाण देना पड़ रहा है, तो आम आदमी की स्थिति का अंदाजा सहज लगाया जा सकता है। नरेन्द्र वर्मा ने तल्ख लहजे मे कहा कि ह्लमैं नियमानुसार अपने सभी दस्तावेज प्रस्तुत करूँगा, लेकिन साथ ही निर्वाचन प्रशासन से यह भी पूछना चाहता हूँ कि बिना पूर्व सूचना और ठोस सत्यापन के नाम काटने की जिम्मेदारी किसकी है ?ह्व उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा किह्लअगर इस तरह एसआईआर के नाम पर मतदाताओं के अधिकारों से खिलवाड़ जारी रहा, तो जनता को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ेगा लोकतंत्र में वोट देने का अधिकार किसी की दया पर नहीं, संविधान की गारंटी है ।ह्व

### नोटिस और दावा-आपत्ति

जानकारों की माने तो जिनके नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं हैं, उन्हें नोटिस भेजा गया है ।नोटिस प्राप्त मतदाता निर्धारित समय सीमा में अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर दावा दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए मतदाता को पहचान और निवास दस्तावेजों के साथ दावा फॉर्म 6,7 और 8 भरना होगा। तय समय सीमा के बाद अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जिसमें दावे स्वीकार होने के बाद नाम जोड़े जा सकते हैं।

## पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

अयोध्या। आगामी गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार कोतवाली नगर पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और चिन्हित संवेदनशील मोहल्लों में विशेष सतर्कता के साथ संचालित किया गया। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की गहन जांच मेटल डिटेक्टर की सहायता से की गई। यात्रियों के सामान की भी बारीकी से तलाशी ली गई और आमजन को जागरूक करते हुए कहा गया कि यदि कहीं कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें ।इसी क्रम में शहर के उदया चैराहा और रिकाबगंज क्षेत्र में वाहनों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच कर दस्तावेजों की पड़ताल की गई। कैंट थाना क्षेत्र के सहादतगंज इलाके में भीअभियान चलाया गया, जहां काली फिल्म लगे वाहनों को रुकवाकर फिल्म उतरवाई गई।

## गिरोहबन्द एक्ट के दो वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भटनी(देवरिया)। स्थानीय पुलिस ने गिरोहबन्द अधिनियम में वांछित दो अभियक्तो को चाँदपार अण्डरपास के पास के पास गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है ।पुलिस अधीक्षक देवरिया संजीव सुमन द्वारा चलाये गये जनपद मे अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी अंशुमन श्रीवास्तव के पर्यवेक्षक में थाना भटनी पंजीकृत मु अ सं 23/2026 धारा 3(1) उ प्र गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप के वांछित अभिययुक्त पंकज कुमार पुत्र रमेश प्रसाद ग्राम परसौनी थाना भटनी एवं विकास कुमार पुत्र पवन कुमार मिश्र पुरनाछापर थाना भटनी को शुक्रवार की रात्रि चाँदपार के अण्डरपास के पास मुखवीर की सूचना पर पुलिस ने गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया ।गिरफतार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार राय, आरक्षी बृजेन्द्र सिंह यादव विकास मौर्या शामिल रहे ।

## कांग्रेसियों ने कर्पूरी ठाकुर को याद किया

देवरिया ।टाउन हॉल परिसर कांग्रेस कार्यालय में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर जी जयंती मनाई गई।इस मौके पर उपस्थित जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन हमेशा गरीब, किसान, मजदूर और समाज के वंचित लोगों के लिए आवाज बुलंद करते रहते थे।उन्होंने आगे कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश के नेता थे।उनके बताए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।आगे वक्ताओं ने कहा कि यह कपूर्री ठाकुर की ही सोच थी कि पिछड़ो में आरक्षण का लाभ उन लोगों को मिले जो ज्यादा पिछड़े हुए है, इसके लिए उन्होंने आरक्षण का कपूर्री फामूर्ले को लागू किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने पूर्व मुख्यमंत्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वरुण राय, सुभाष राय सैथवार,विनोद त्रिपाठी, भरत मणि त्रिपाठी,सत्य प्रताप मिश्र अंशू,शिवशंकर सिंह, ऋषिकेश मिश्र,सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी,सोहन मिश्र चन्दन वर्मा चंदू, मधु शर्मा, रवीन्द्र मल्ल,शनि गौतम,गंगा कुशवाहा,अखिलेश शुक्ला, सुनील यादव उपस्थित थे।

## बालिका दिवस: विधिक जागरूकता और साक्षरता शिविर का आयोजन



कुशीनगर। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभात सिंह ने शासन के पत्र के क्रम में बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

यह जागरूकता शिविर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पडरौना ब्लाक के अन्तर्गत पाण्डेय देवरिया में और जिला स्टेडियम में आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम के द्वारा बालिकाओ के हितों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह को रोकना, गभार्धान एवं प्रसव पूर्व जानकारी, लिंग चयन निषेधु, बालिकाओ के लिये पोषण, मासिक धर्म स्वच्छता, शिक्षा और अन्य सरकारी कल्याणकारी योजनाओ के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय की बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

## छात्रवृत्ति आवेदनों का जल्द करें निस्तारण: सीडीओ

देवरिया । मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समीक्षा बैठक की गयी, जिसमें पाया गया कि जनपद के उच्च शिक्षण संस्थानों के लॉगिन पर सामान्य वर्ग के 485 आवेदन, अनुसूचित जाति के 713 आवेदन, अनुसूचित जनजाति के 183, अन्य पिछड़ा वर्ग के 1795 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 321 आवेदन लम्बित है। छात्रवृत्ति आवेदन अग्रसारित/निरस्त करने की अन्तिम तिथि 27 जनवरी है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि अन्तिम तिथि के उपरान्त यदि किसी शिक्षण संस्थान के स्तर पर आवेदन लम्बित पाया जाता है तो उसका उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## शिक्षा चौपाल में नैतिक और संस्कारिक शिक्षा की दी गई जानकारी





कसया, कुशीनगर। ब्लाक के सिसवा- धोकरहा न्याय पंचायत अंतर्गत शिक्षा चौपाल का आयोजन नगरपालिका कुशीनगर के कंपोजिट विद्यालय बेलवा पलकधारी सिंह के परिसर में किया गया ।शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि सभासद प्रतिनिधि अजेंद्र कुमार सिंह ने कंपोजिट विद्यालय सबया की शिक्षिका रंजीता सिंह और कंपोजिट विद्यालय की शिक्षिका शिल्पी सिंह द्वारा लगाए गए टीएल एम स्टाल का निरीक्षण करते हुए कहा कि संस्कारिक और अनुशासन युक्त शिक्षा से ही नौनिहालों का विकास होगा। एआरपी आशुतोष दूबे, प्रधानाध्यापक रामचंद्र सिंह, प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक भरदूल प्रसाद, कृपा शंकर तिवारी, ब्रजेन्द्र शाही, धनंजय मणि, सभासद सरफराज अंसारी, शैलेश पांडेय ने बेसिक शिक्षा पर प्रकाश डाला। अतिथियों का माल्यार्पण और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता सन्नर पति देवी ने किया। इस दौरान शिव कुमार नाथ तिवारी, राहुल पांडेय, कमलेश कुशवाहा, ओमकार सिंह, प्रदीप कुमार, अमित मिश्रा, नीलम मिश्रा, रामचंद्र गुप्ता, मनोरमा कन्नौजिया, प्रतिभा सिंह, बबीता मद्धेशिया, अमिता सिंह, सिराजावती देवी सहित अभिभावक मौजूद रहे।

## बालिकाएं आत्मनिर्भर बन अपने अधिकारों के प्रति सजग रहकर कुरीतियों के विरुद्ध उठायें आवाज: डॉ. पूजा

ललितपुर। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा मूल्यांकित संस्थान पहलवान गुरुदीन महिला महाविद्यालय, पनारी, ललितपुर में शनिवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एक विचारोत्तेजक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सितारा देवी, पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ कॉलेज कॉलेज के डायरेक्टर सौरभ यादव, प्रबंध निर्देशिका डॉ पूजा यादव, प्राचार्य डॉ सूफिया एनसीसी कैप्टन डॉक्टर वंदना याज्ञिक एनएसएस द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी असि०प्रो० साधना नागल एवं समस्त स्टाफ द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया ।प्रबंध निर्देशिका डॉ पूजा यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि बालिकाएं किसी भी समाज की आधारशिला होती हैं। यदि उन्हें समान अवसर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाए तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया ।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सूफिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि आज भी कई स्थानों पर बालिकाओं को शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य की पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पातीं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ तभी सार्थक होगा ।

संक्षेप

## बाइक टकराने से तीन युवकों की मौत

पुरवा, उन्नाव। अचलगंज मार्ग पर क्षेत्र के भूलेमऊ गांव के पास स्थित लोन नदी पुल के पास बने संकेतक बोर्ड में शुक्रवार रात बाइक टकराने से हुई तीन युवकों की मौत के मामले में शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद अपने अपने गांव पहुंचे शवों को देख परिजनों में चीत्कार मच गई। परिजनों ने अलग अलग घाट पर शवों का अंतिम संस्कार कर दिया। वही दिवंगत के परिजन ने किसी ट्रक द्वारा बाइक में टक्कर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की बात कह रही है। बता दे कि बीघापुर क्षेत्र के गांव बैसनखेड़ा निवासी राहुल अपने ममेरे भाई क्षेत्र के ही गांव अढौली निवासी अनुराग पाल व पुरवा क्षेत्र के गांव तौरा निवासी मित्र सौरभ के साथ शुक्रवार रात लगभग 11 बजे मोहनलालगंज में मौसा के यहां दिन में आयोजित भंडारे में ना पहुंच पाने के चलते रात में बाइक से जा रहे थे। जहां रात में रुककर शनिवार सुबह वापस आने की योजना बनाई थी। पुरवा अचलगंज मार्ग पर भूलेमऊ गांव के पास लोन नदी पुल के पास लगे संकेतक बोर्ड में बाइक टकरा गई थी। हेलमेट ना लगा होने से सिर में चोट लगने से तीनों की मौत हो गई थी। पुलिस ने सभी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। राहुल के भाई रोहित ने किसी ट्रक चालक द्वारा बाइक में टक्कर मारने का आरोप लगाया है। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि अभी तक परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बड़े पीर की मजार पर उर्स का आयोजन

हसनगंज उन्नाव। न्योतनी कस्बे में बड़े पीर सरकार रहमत उल्ला शाह की मजार पर हर साल की तरह इस बार भी बसंत पंचमी के दिन उर्स मुबारक का आयोजन धूमधाम से हुआ। कासिम बाबा ने चादर पोशी की रस्म अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी। इसके बाद कव्वालों ने कानपुर, सफीपुर और लखनऊ से आकर कलाम पेश किया। कव्वालों ने भर दो झोली मेरी या मोहम्मद, लौट कर मैं न जाऊंगा खाली जैसे भावपूर्ण कलामों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अकीदत मंद लोग पूरी तरह डूब गए। कासिम बाबा की निगरानी में कुल शरीफ 4105 के साथ शाम तक कार्यक्रम चला, जिसमें कस्बे के अलावा आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों भक्त पहुंचे इस उर्स ने एक बार फिर हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल कायम की। दोनों समुदायों के लोग मिलजुलकर शामिल हुए। मौके पर गद्दीनशीन कासिम बाबा, यादव, भक्त सिंह, मोहम्मद कामिल अली, अफजाल अहमद, मोहम्मद काशिफ अली, मुस्तफा, हिमांशु प्रसाद, अनिल प्रसाद, सूफियान, राम खिलावन, गुलजार अख्तर (पूर्व जिला महासचिव, कांग्रेस कमेटी उन्नाव), राजु अहमद, समीर हाफिज, अयूब, देशराज, हबीब, रज्जाक, गुड्डू कुरैशी, राजु कुरैशी, इस्लाम मामू, रमजान अली, पप्पू, आशुर, नदीम अहमद आदि उपस्थित रहे।

## संगोष्ठी में प्रदीप ने उठायीं व्यापारियों की समस्याएं

फतेहपुर। आदर्श व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग के नेतृत्व में आज शहर के समस्त व्यापारियों के साथ पूर्व विधायक विक्रम सिंह के कार्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में नगर के व्यापारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर शहर की प्रमुख समस्याओं को लेकर खुलकर अपनी बात रखी। संगोष्ठी के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने व्यापारियों की ओर से नगर से जुड़ी विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को पूर्व विधायक विक्रम सिंह के समक्ष विस्तार से रखा। व्यापारियों ने कर व्यवस्था, प्रशासनिक कठिनाइयों, सुरक्षा, अतिक्रमण सहित अन्य विषयों पर अपनी परेशानियां साझा कीं। प्रदीप गर्ग ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराना संगठन की प्राथमिकता है और इसके लिए निरंतर संघर्ष किया जाएगा। पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा व्यापारियों के लिए संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में वे हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका विधायक होना महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि फतेहपुर उनका अपना जनपद है और वे सदैव व्यापारियों एवं आम जनता के सुख-दुख में साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चाहे व्यापारी हों या किसी भी समाज अथवा संगठन के लोग, वे फतेहपुर की जनता के साथ हमेशा मजबूती से खड़े रहेंगे।

# कृषक श्रमिक चौपाल में बतायीं सरकार की उपलब्धियां



जिला संवाददाता (vol)

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के कस्बा पाटन में कृषक श्रमिक चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि मनरेगा से गांव में ज्यादा भ्रष्टाचारियों का विकास हो रहा था।

प्रधानमंत्री मोदी ने मनरेगा की खामियों को दूर कर वीबी जीरामजी एक्ट शुरू किया। जिससे वीबी जीरामजी में मनरेगा की तुलना में सौ दिन की जगह 125 दिन कार्य की गारंटी व मजदूरी 235 रुपए की जगह 252 रुपए मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवादी पार्टी है। जो विरोधी बाबा साहब के संविधान को बदलने की अफवाह फैला रहे हैं उन्हें पता होना चाहिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बाबा साहब के संविधान को कोई हाथ नहीं लगा सकता। भारत गांव में बसता है जब गांव का विकास होगा तभी भारत विकसित होगा। चौपाल को भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी व भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला ने भी संबोधित कर विकसित भारत जी राम जी पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर सरकार की योजना से लाभान्वित हुये लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बाटे गये। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेई, बैजनाथ सिंह, मुन्ना सिंह, अमितेश सिंह, सूरज सिंह, गोविंद नारायण शुक्ल, कुलदीप चौधरी, महेश तिवारी, राघवेन्द्र सिंह, प्रभात सिंह समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 35 स्वास्थ्य कर्मी सम्मानित



उन्नाव। जिला महिला अस्पताल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें परिवार नियोजन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों को सम्मानित किया गया। महिला अस्पताल में आयोजित सम्मान समारोह में एसीएमओ डॉ. नरेंद्र, डॉ.अखिलेश विक्रम, डॉ. निधि, डॉ. पीयूष मिश्रा, एनएम अमृता, मनीषा, धीरेंद्र कुमार, शशिधर शैलेंद्र मिश्रा, इशहाक अली, अनीता, जमुना देवी, विजय कुमारी, कमलेश, सुनीता, प्रीति बाला, सुमति सहित 35 स्वास्थ्य कर्मियों को प्रभारी सीएमओ डॉ.एचएन प्रसाद ने सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि मातृ शिशु स्वास्थ्य में परिवार नियोजन की अहम भूमिका है। इसे अपना कर मातृ शिशु मृत्यु दर और कुपोषण के स्तर को काम किया जा सकता है। बताया कि पहला बच्चा होने के बाद तुरंत गर्भधारण मां और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति से उचित नहीं है। इस स्थिति से बचने के लिए दंपति को प्रेरित कर परिवार नियोजन का मनपसंद साधन उपलब्ध करवाना चाहिए।इस दौरान सीएमएस डॉ. फौजिया अंजुम नोमानी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक इंतजार अहमद सिद्दीकी, जिला कम्युनिटी प्रबंधक ज्योति भूषण पांडेय, डॉ. आरिफ आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम ने हरी झण्डी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली रवाना की




पुरवा, उन्नाव। शनिवार को उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव के द्वारा प्राथमिक विद्यालय कटरा, विकास क्षेत्र पुरवा से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमे उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव और सुरेश कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया. इस रैली में आलोक अवस्थी, असना फातिमा, प्रियंका पाण्डेय, प्रियंका साहू, ज्योति यादव, पूजा अरोड़ा, निहारिका वर्मा, रमेश सिंह, अवनीश सिंह, चारों एआरपी राकेश कुमार शुक्ला, हर्षित मिश्रा, आलोक मिश्रा, अभिषेक अवस्थी आदि लोग उपस्थित रहे. रैली के माध्यम से आम जनमानस को मतदान के प्रति जागरूक किया गया और उनके अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में बताया गया. वर्तमान में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनिरीक्षण के बारे में बताया गया।

## सड़क हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत

सहारनपुर। जिले के थाना देवबंद इलाके में एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिसकी वजह से कार सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। देवबंद थाने के प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम मुजफ्फरनगर के निवासी शाहरुख (35) और शाहिद अपने दो साथियों गुलबहार और रोहित के साथ किसी काम से देवबंद आए थे। उन्होंने बताया कि अपना काम निपटाकर वे रात को वापस मुजफरनगर लौट रहे थे, तभी घलौली चेकपोस्ट के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और उछलकर सड़क की दूसरी ओर जा गिरीऔर अन्य वाहन से टकरा गई। हालांकि दूसरे वाहन में कोई घायल नहीं हुआ लेकिन वह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में शाहरुख और शाहिद की मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल गुलबहार ओर रोहित का उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## एमएनसीयू की सुविधा जल्द, हड्डी रोग विशेषज्ञ की तैनाती को प्राथमिकता दी जायेगी

पुरवा, उन्नाव। सीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। प्रभारी सीएमओ डॉ० हरिनंदन प्रसाद ने निरीक्षण के दौरान एनबीएसयू को एमएनसीयू (मदर न्यूबॉर्न केयर यूनिट) में अपग्रेड करने के कार्य का जायजा लिया। सांसद निधि से यूनिट का उच्चीकरण किया जा रहा है, जिसमें रेडियंट वार्मर, रिक्लाइनिंग बेड और वायरिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। एमएनसीयू के माध्यम से ह्यकंगारू मदर केयरह्ल पद्धति लागू होगी, जिससे नवजात शिशु के साथ मां को एक ही स्थान पर रहने की सुविधा मिलेगी और शिशु के स्वास्थ्य में सुधार होगा। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासी अदीब हसन और भीम शंकर त्रिपाठी ने डॉक्टरों की कमी का मुद्दा उठाया। हड्डी रोग विशेषज्ञ की मांग पर अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि उपलब्धता होते ही पुरवा सीएचसी को प्राथमिकता पर रखते हुए तैनाती की जाएगी, क्योंकि यहां मरीजों की संख्या अधिक है। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में साफ-सफाई और मरीजों से शालीन व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ० प्रमोद कुमार, डॉ० आदर्श सचान, बीपीएम शिवाकांत तिवारी, बीसीपीएम इशहाक अली मौजूद रहें।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में दी जानकारी

आजमगढ़। अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल विश्वकर्मा ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अन्तर्गत नागरिकों द्वारा भरे जाने वाले फार्म-6 के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया है कि फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से भरा जायेगा। फार्म 6 में आवेदक का नाम व सही पता शुद्ध वर्तनी में, नवीनतम स्पष्ट फोटो एवं वर्तमान मोबाइल नम्बर अंकित किया जाना आवश्यक है। आयोग के निर्देशानुसार फार्म-6 के साथ संलग्न किये जाने वाले आयु तथा निवास स्थान संबंधी अभिलेखों में से कोई एक अभिलेख दिया जा सकता है। जिसमें सक्षम स्तर द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट का प्रमाण-पत्र जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख हो, भारतीय पासपोर्ट, जन्म तारीख के सबूत के लिए कोई अन्य दस्तावेज (यदि उपरोक्त अभिलेख उपलब्ध नहीं हों) शामिल हैं। उपरोक्त में से कोई अभिलेख उपलब्ध न होने की दशा में ऐसे मामलों में 18 से 21 आयु वर्ग के आवेदकों को अपने माता/पिता अथवा गुरू (तृतीय लिंग के संदर्भ) के हस्ताक्षर से शपथ पत्र (अनुलग्नक 27) के साथ बूथ लेवल अधिकारी/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष उपस्थित होना होगा। यदि उपरोक्त में से कोई भी अभिलेख उपलब्ध नहीं है और माता पिता भी जीवित न हों तो आवेदक ग्राम प्रधान/नगर निगम/नगर पंचायत के सदस्यों द्वारा प्रदत्त आयु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकता है। यदि आवेदक की आयु 21 वर्ष अथवा उससे अधिक है तो वह स्वयं बूथ लेवल अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर आयु के संबंध में मात्र अपना घोषणा पत्र प्रस्तुत करेगा। निवास के प्रमाण हेतु उस पते पर पानी/बिजली/गैस कनेक्शन बिल (कम से कम एक वर्ष का), आधार कार्ड, राष्ट्रीय/अनुसूचित बैंक/डाकघर की वर्तमान पास बुक, भारतीय पासपोर्ट, राजस्व विभाग का भूमि स्वामित्व अभिलेख, जिसमें किसान बही भी है, रजिस्ट्रीकृत किराया पट्टा विलेख (किरायेदार की दशा में), रजिस्ट्रीकृत विकय विलेख (स्वयं के घर की दशा में) में से कोई एक अभिलेख दिया जा सकता है। उपरोक्त में से कोई अभिलेख उपलब्ध न होने की दशा में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा स्थलीय सत्यापन कराया जाना आवश्यक होगा।

## यूपी रच रहा आत्मनिर्भरता के नये आयामः कुलपति

जौनपुर.। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में शनिवार को उत्तर प्रदेश दिवस समारोह का धूमधाम से मनाया गया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने समारोह के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया.



प्रख्यात आल्हा सम्राट फौजदार सिंह ने वीर रस में की गई अपनी प्रस्तुति से लोगों का मनमोह लिया. विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया. । कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि एक समय था जब यहां का युवा रोजगार की तलाश में महानगरों और विदेशों का रुख करता था, लेकिन आज वही युवा अपनी प्रतिभा, परिश्रम और नवाचार से स्वयं रोजगार सृजन कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से नई तकनीक अपनाने, कौशल अद्यतन करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय की शोध, खेल, एनसीसी और एनएसएस गतिविधियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। समारोह उत्तर प्रदेश की प्रगति और युवा शक्ति को समर्पित रहा, जो राज्य के विकास संकल्प को मजबूत करने का प्रतीक बना।परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद सिंह ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया. कार्यक्रम में कथक, कजरी और आल्हा की मनमोहक प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया। विशेष रूप से आल्हा सम्राट फौजदार सिंह की जोरदार वीर रस प्रस्तुति दर्शकों के रग रग मे समा गयी. उन्होंने पृथ्वीराज चौहान का राणा प्रताप के युद्ध की प्रस्तुति आल्हा में की. प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

# एसपीएस इंटर कॉलेज के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाल लगाये भारत माता के जयकारे






**उन्नाव।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर एसपीएस इंटर कॉलेज मीरकापुर उन्नाव के बच्चों ने 24 जनवरी को प्रभात फेरी निकाली जो मीरकापुर के प्रमुख मार्गों से होकर एसपीएस इंटर कॉलेज में समाप्त हुई।

इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक डॉ. अर्चना वाजपेयी व प्रिंसिपल अलका निगम भी बच्चों के साथ प्रभात फेरी में मौजूद रहीं। उन्होंने बच्चों को बताया कि गणतंत्र दिवस हमारे देश में संविधान लागू होने की खुशी में मनाया जाता है। उन्होने बच्चों से प्रभात फेरी में भारत माता के जयकारे भी लगवाये। इस दौरान प्रभात फेरी में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रभात फेरी में स्कूल की मुख्य प्रबंधक डॉ. अर्चना वाजपेयी, प्रिंसिपल अलका निगम, क्षमा तिवारी, आशीष कुमार, विनीता श्रीवास्तव, अर्चना तिवारी, सरनजीत सिंह, शैलेन्द्र वर्मा, दीपाली पांडे, वैष्णवी शुक्ला, इशिता सक्सेना, शालिनी दुबे, नीरज पांडे, प्राची गुप्ता, वेदिका गुप्ता, रूबीना, कर्ण यादव, प्रिया वाजपेई व अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## लगभग ढाई दशक बाद नये भवन में स्थानांतरित हुआ जिला होमगार्ड कार्यालय



उन्नाव। विगत लगभग 25 वर्षों से अत्यंत जर्जर और असुरक्षित अवस्था में संचालित जिला होमगार्ड कार्यालय को अब नए भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है।जिससे विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों और होमगार्ड जवानों ने राहत की सांस ली है। नए कार्यालय का शुभारंभ धार्मिक वातावरण में सुंदरकांड पाठ के आयोजन के साथ किया गया। जिला कमांडेंट धर्मेंद्र कुमार विश्वकर्मा एवं सहायक जिला कमांडेंट रमेश कुमार वर्मा द्वारा उत्कृष्ट सेवा देने वाले होमगार्ड कर्मियों को प्रदान किए गए। सम्मान पाने वालों में प्लाटून कमांडर गजराज सिंह के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले ब्लॉक ऑर्गनाइजर देवेंद्र कुमार वर्मा, रमेश कुमार वर्मा एवं राम नारायण शामिल रहे। जिन्होंने यह सम्मान पाकर गर्व और उत्साह व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला सह-कमांडेंट रमेश कुमार वर्मा ने बताया कि पुराना कार्यालय लंबे समय से जर्जर स्थिति में था, जिससे कार्य संचालन में कठिनाइयों के साथ-साथ असुरक्षा की भी आशंका बनी रहती थी। विभाग का लक्ष्य था कि 26 जनवरी से पूर्व नए भवन में कार्यालय को स्थानांतरित कर लिया जाए, ताकि गणतंत्र दिवस का आयोजन नए और सुरक्षित परिसर में किया जा सके। जिसे समय रहते पूरा कर लिया गया। उन्होंने आगे जानकारी दी कि काशीराम क्षेत्र में जिला होमगार्ड कार्यालय के लिए स्थायी भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटित कर दी गई है तथा इसके लिए आवश्यक धनराशि भी जारी हो चुकी है। शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर कार्यालय को अपने स्वयं के स्थायी भवन में संचालित किया जाएगा। जिससे भविष्य में होमगार्ड विभाग की कार्यप्रणाली और अधिक सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित हो सकेगी।

## शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन



जौनपुर। स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग उ०प्र० के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन जिला लेखा परीक्षा अधिकारी कार्यालय के परिसर में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अनिल कुमार सोनी, निदेशक स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग उ०प्र० प्रयागराज रहें। कार्याक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के स्वागत उपरान्त जनपद स्थित वृद्धा आश्रम परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा वृद्धा आश्रम में निवास कर रहे बुजुर्गों को कम्बल वितरण किया गया तदुपरान्त उनको आश्रम परिसर में ही भोजन कराया गया। यह आयोजन जिला लेखा परीक्षा अधिकारी संजय भारती द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम में वरिष्ठ लेखा परीक्षक, नन्देश कुमार सरोज, घनश्याम, मोहम्मद असगर अन्सारी तथा सुरेश कुमार यादव वरिष्ठ सहायक व अतुल यादव कनिष्ठ सहायक, कमलेश कश्यप, सचिन अम्बेडकर आदि उपस्थित रहें। वृद्धा आश्रम के संचालक रवि चौबे द्वारा आभार व्यक्त किया।

## किसान नेता की धूमधाम से मनी जयंती



फतेहपुर। किसान मसीहा और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मंगलवार को नहर कालोनी में मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक से पूर्व किसान कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके अलावा विभिन्न पार्टी नेताओं ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।शहर के नहर कालोनी में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारियों ने किसान नेता व पूर्व पीएम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। बैठक के दौरान बीकेयू के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों के लिए अपना जीवन अर्पित कर दिया। किसान नेता के साथ वह भारत के पांचवे प्रधानमंत्री भी रहे। जो बिना संसद भवन गए ही कार्यकाल पूर्ण करने वाले पहले प्रधानमंत्री थे जिलाध्यक्ष नवल सिंह पटेल ने कहा कि किसानों को उनके हक की लड़ाई के लिए संगठित रहने का संदेश पूर्व पीएम ने दिया है। जिनके पद चिन्हों पर आज किसान चल रहा है। मासिक बैठक की अध्यक्षता यदुनंदन आर्य ने की। युवा जिलाध्यक्ष विवेक सिंह यादव ने कहा कि किसानों के साथ अत्याचार का क्रम आज भी नहीं टूट रहा है। किसान नेता स्व चरण सिंह ने किसानों को उनके हक दिलाने की लंबी लड़ाई लड़ी।

जीवन पर्यंत किसानों को समृद्धि दिलाने का काम पूर्व पीएम ने किया है। हमें उनसे प्रेरणा मिली है। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता दिनेश शुक्ल ने किया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तम सिंह पटेल, प्रदेश सचिव राम सहाय पटेल, जिला उपाध्यक्ष रामेंद्र यादव, नागेन्द्र सिंह, पंकज साहू, सोलंकी सिंह, केपी सिंह, चंद्रपाल लोधी, धनंजय सिंह समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन



फतेहपुर। भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्मदिवस पर सविता समाज ने भव्य जन जागरण संगोष्ठी का आयोजन किया। यह कार्यक्रम पीडब्ल्यूडी दाक बंगला जीटी रोड स्थित कर्पूरी चौराहा पर संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि शिवप्रसाद सविता ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिससे क्षेत्रवासियों को लाभ मिला। सर्वप्रथम भारत रत्न जगनायक कर्पूरी ठाकुर की शोभायात्रा निकाली गई, जो आकर्षक रही। इसके बाद कर्पूरी चौराहे पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगोष्ठी में कर्पूरी ठाकुर के जीवन और योगदान पर विस्तार से चर्चा हुई, जिससे उपस्थितजन प्रेरित हुए। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिवप्रसाद सविता, अमरनाथ सविता, हरीश सिंह सविता, शंकर लाल सविता, रजोल सेन, राज बहादुर मंडल अध्यक्ष, दीपक सविता, दीपू सविता, विजय सविता, रामकिशोर सविता, बृजेश सेन, मनोज प्रधान, रामबाबू सविता, मनोज सविता, शशि सेन, धर्मराज सविता, लाला भाई, कामता वर्मा, डॉक्टर वीरेंद्र, अरविंद सविता, अजय पाल सविता, संतोष सविता, अनिल सविता, छोटकू सविता, संजय सविता, संतराम फौजी, सूरज संजय सिंह आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर के जन्मदिवस पर सविता समाज द्वारा पीडब्ल्यूडी दाक बंगला जीटी रोड स्थित कपूर्री चौराहा पर जन जागरण संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिवप्रसाद सविता द्वारा किया गया। इस मौके पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।सर्वप्रथम कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा पर शोभायात्रा निकाली गई, जो पूरे क्षेत्र में उत्साहपूर्ण माहौल बनाती चली गई। शोभायात्रा के समापन पर कपूर्री चौराहे पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। संगोष्ठी में वक्ताओं ने कपूर्री ठाकुर के सामाजिक न्याय, पिछड़े वर्गों के उत्थान और राजनीतिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ठाकुर जी का जीवन समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा स्रोत है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमरनाथ सविता, हरीश सिंह सविता, शंकर लाल सविता, रजोल सेन, राज बहादुर मंडल अध्यक्ष, दीपक सविता, दीपू सविता, विजय सविता, रामकिशोर सविता, बृजेश सेन, मनोज प्रधान, रामबाबू सविता, मनोज सविता, शशि सेन, धर्मराज सविता, लाला भाई, कामता वर्मा, डॉक्टर वीरेंद्र, अरविंद सविता, अजय पाल सविता, संतोष सविता, अनिल सविता, छोटकू सविता, संजय सविता, संतराम फौजी, सूरज संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## निरीक्षण के दौरान 102 एम्बुलेंस सभी मानकों पर खरी उतरी



उन्नाव। जनपद के सीएचसी गंगाघाट, शुक्लागंज में 102 एम्बुलेंस सेवा का औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण एम्बुलेंस संख्या न्च32 थ्ळ 0989 का एम्बुलेंस नोडल अधिकारी डॉ. राहुल मिश्रा, डॉ. शीतल बर्मा एवं फार्मासिस्ट राहुल कुमार द्वारा किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान एम्बुलेंस की रिस्पॉन्स टाइम, दवाओं की उपलब्धता तथा ऑक्सीजन की पर्याप्त व्यवस्था की गहन जांच की गई।

निरीक्षण में पाया गया कि एम्बुलेंस सभी निर्धारित मानकों पर पूरी तरह खरी उतरी। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. राहुल मिश्रा ने ह्लगोल्डन आवरह्व के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटना या आपातकाल की स्थिति में समय पर दी गई चिकित्सा सहायता मरीज के जीवन को बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने एम्बुलेंस स्टाफ की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि इसी प्रकार सराहनीय कार्य करते हुए आमजन को समय पर बेहतर सेवाएं प्रदान करते रहें। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा एम्बुलेंस सेवा की तत्परता और गुणवत्ता की प्रशंसा की गई तथा भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

संक्षेप

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बांदा।** बाइक सवार को बालू भरे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बीते शुक्रवार को थाना जसपुरा के ग्राम बरेहटा निवासी रमेश चंद पाल पुत्र भूरा पाल 50 मोटरसाइकिल से बाइक की सर्विसिंग कराने जसपुरा गया था। इसके बाद जब वह रामपुर-चैडगरा मार्ग पर गौरीकला चैडगरा के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि रमेश चंद की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें घटना की सूचना दिए बिना ही शव भेज दिया, जिससे परिवार में आक्रोश है। मृतक के बड़े भाई श्रीचंद्र पाल ने बताया कि इलाकाई पुलिस ने उन्हें बिना सूचना दिए ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है, तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बांदा।** अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार को थाना बदौसा के ग्राम तुर्रा अंश बगलनपुरवा निवासी सुशील पुत्र राजू वर्मा 20 ने कमरे के अंदर मफलर का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। काफी देर तक कमरे का दरवाजा न खुलने पर पिता ने अंदर देखा। सुशील का शव लटकते देखकर पिता ने शोर मचाया। परिजनों ने तत्काल सुशील को फंदे से नीचे उतारा और अस्पताल ले गये लेकिन डॉक्टर ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। पिता राजू वर्मा ने बताया कि सुशील तीन पुत्रों में सबसे बड़ा था। गांव मे ही भाड़े में ट्रैक्टर चलाता था। कमरे के अंदर उसका टूटा मोबाइल फोन पड़ा मिला। थाना प्रभारी अजीत सिंह का कहना है कि आत्महत्या करने के कारणों की जांच की जायेगी।

## नसीमुद्दीन सिद्दीकी का कांग्रेस से इस्तीफा

**बांदा।** कांग्रेस नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने पार्टी की सभी जिम्मेदारियों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष रहे और वर्तमान में पश्चिमी क्षेत्र के प्रांतीय अध्यक्ष के पद पर रहते हुए उन्होने पार्टी छोड़ दी है। कांग्रेस पार्टी में जाने से पूर्व नसीमुद्दीन सिद्दीकी बसपा सरकार में पूर्व मंत्री व कद्दावर नेता के रूप में जाने जाते थे।

## अवैध खनन कर रही जेसीबी व डंपर पकड़े

**ललितपुर।** जिले में अवैध खनन के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत शनिवार को राजस्व एवं खनिज विभाग की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुये एक जेसीबी और डम्फर को पकड़ लिया। जानकारी देते हुये जिला खान अधिकारी अमितोष वर्मा ने बताया कि अमरपुर चैकी अंतर्गत ग्राम महरौनी खुर्द में गांव से बाहर शमशान घाट वाली सड़क पर खेत में खुदाई करते हुये टीम ने जेसीबी एवं डम्फर को पकडा। अमितोष वर्मा ने बताया कि नायब तहसीलदार घनेन्द्र तिवारी के साथ राजस्व टीम एवं उनकी टीम द्वारा अवैध खनन कर रही जेसीबी डंपर को मौके पर पकड़ा एवं तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस विभाग को सुपुर्दगी करवायी गयी। अवैध खनन करने वालों पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई प्रचलित है। इसी क्रम में आगे भी अवैध खनन करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।

## गणतंत्र दिवस की परेड का एसपी ने लिया जायजा

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन्स में आगामी 26 जनवरी गणतन्त्र दिवस को आयोजित होने वाली परेड की ग्रांड रिहर्सल का निरीक्षण किया। गणतन्त्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा की गयी। एसपी ने पुलिस लाइन्स के वरिष्ठ अधिकारियों से 26 जनवरी के परेड की तैयारियों पर चर्चा करते हुए अन्य सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण कराये जाने हेतु क्षेत्राधिकारी, लाइन्स व प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स को गणतंत्र दिवस पर परेड को सुव्यवस्थित व सुसज्जित बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# सरकार ने बिजली, पानी और सशक्त कानून की दी है व्यवस्थाः प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** शनिवार को कल्यान सिंह सभागार में 77वें उत्तर प्रदेश दिवस के तीन दिवसीय कार्यक्रम का राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उ0प्र0 जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण, आपदा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि, उद्यान, जल जीवन मिशन, ओडीओपी, सूचना विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गए स्टॉलों व प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनकी सराहना की। उन्होंने जनपद में एक जनपद एक व्यंजन के तहत चयनित दूध का हलवा सहित अन्य स्थानी उत्पादों का जायका लिया और उन्हें वृहद स्तर पर प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये।

प्रभारी मंत्री ने धात्री महिलाओं की गोद भरायी व बच्चों का अन्नप्रासन करवाया साथ ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र व महिलाओं को स्वरोजगार हेतु सिलाई मशीन भी वितरित की प्रभारी मंत्री ने मंच से कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री व मुख्यमंत्री के निर्देशन में हमने उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तर प्रदेश बनाने का कार्य किया है, प्रदेश के हर जनपद को अच्छी सड़कें, अच्छा स्वास्थ्य, बच्चों को अच्छी शिक्षा, अच्छी बिजली, युवाओं को रोजगार, किसानों को सम्मान, महिलाओं को स्वावलंबन के लिए योगी सरकार ने विगत वर्षों में सराहनीय कार्य किया है। आज महिलाएं निडर होकर घरों से बाहर निकल सकती हैं, उनके लिए सुरक्षित वातावरण हमारी सरकार ने दिया है।

- योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, महिलों को स्वरोजगार हेतु दी सिलाई मशीन
- विभागीय योजनाओं के स्टॉलों व प्रदर्शिनियों पर उमड़ी भीड़
- जनपद के पर्यटन कैलेंडर का हुआ विमोचन

आज किसी माफिया की इतनी हिम्मत नहीं कि वो किसी आम नागरिक को परेशान कर पाए। मुख्यमंत्री ने ऐसी कानून व्यवस्था बनायी है जिससे अपराधी या तो अपराध छोड़ देता है या उत्तर प्रदेश छोड़ देता है।

इस अवसर पर सदर विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष भाजपा ने उत्तर प्रदेश के इतिहास एवं संरचना की जानकारी देने के साथ ही जिला प्रशासन द्वारा जनपद में कराये जा रहे अनेकों कार्यों का उल्लेख करते हुए विस्तार से बताया और जिला प्रशासन का उत्साहवर्द्धन किया।

इस मौके पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, मा0 जिला पंचायत अध्यक्षा सोनाली जैन, राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर, एमएलसी प्रतिनिधि अतुल निरंजन व केदारनाथ तिवारी सहित जिलाधिकारी सत्यप्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, सीडीओ शेषनाथ, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव एवं राजेश कुमार श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ0 इम्तियाज अहमद, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज मयंक शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# यूपी दिवस पर भव्य कार्यक्रम, लाभार्थी सम्मानित

जिला संवाददाता



**बांदा।** उत्तर प्रदेश दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम के अध्यक्ष उत्तर प्रदेश गौ-सेवा आयोग के अध्यक्ष श्यामबिहारी गुप्त ने कई विभागों के लगाए गये स्टॉलों का शुभारंभ किया। उन्होने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बांदा ऋषि, मुनियों की धरती है। बड़े सौभाग्यशाली हैं कि हमारा जन्म भारत में हुआ है। कहा कि गौ-सेवा आयोग के बुंदेलखण्ड का प्रभारी होने के नाते अधिकारियों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों व लोगों से अपील की, कि सभी लोगों को चलें गांव की ओर, गांव को विकसित करना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बुंदेलखण्ड में वर्षा जल को स्टोर करने की जरूरत है। 1947 में हमारी आबादी लगभग 34 करोड़ थी लेकिन अब यह 140 करोड़ है। कहा कि स्वस्थ्य रहेंगे तभी देश का विकास होगा, क्यों न किसानों, गायों और खेती के द्वारा गौ-आधारित खेती गांव में करवाएं और मिलेट्स की पैदावार भी करें तथा गांव को आत्मनिर्भर बनाएं। कहा कि जल संरक्षण हमारा पहला काम है। एक पेड़ मां के नाम आर्गेनिक खेती का उत्पादन करें और बच्चों को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य देने का काम करें। यह आयोजन न केवल उत्तर प्रदेश दिवस के गौरव को दशार्ता है बल्कि उत्तर प्रदेश की दिशा में एक सशक्त कदम के रूप में भी प्रेरणस्रोत बना है। आयुक्त अजीत कुमार ने उत्तर प्रदेश दिवस पर कहा कि हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य है कि बुंदेलखण्ड के बाद उत्तर प्रदेश को विकसित करें और इसके बाद भारत को विकसित बनाएं।

सभी का दायित्व है कि लोगों की सेवा को सर्वोपरि रखने के लिए शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएं। विधायक नरैनी ओममणि वर्मा ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश दिवस इस भव्यता के साथ कभी नही मनाया गया। इस अवसर पर सरकार की अनेक योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता, डीआईजी राजेश एस, डीएम जे. रीभा, एसपी पलाश बंसल, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, एमएलसी प्रतिनिधि आलोक सिंह, जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। संचालन अर्चना भारती ने किया।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 10 दिवसीय प्रशिक्षण का 9वां दिन संपन्न



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद ललितपुर में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत दर्जी एवं नाई ट्रेड का 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का 9वां दिन क्षेत्रपाल मंदिरए स्टेशन रोड स्थित श्यावाद स्कूल परिसर में आयोजित किया गया।इस योजना के अंतर्गत प्रतिभागियों को 10 दिवस का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा हैए जिसका मुख्य उद्देश्य जनपद के नवयुवक एवं नवयुवतियों को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है।प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक गरिमा एवं अवधेश द्वारा प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकए गुणवत्ता सुधारए पैकेजिंगए ब्रांडिंग एवं मार्केट लिंकेज से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि इस प्रशिक्षण से प्रतिभागी स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

इसके साथ ही प्रशिक्षार्थियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगारपरक योजनाओं जैसे सीएम युवा अभियानए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद ;ओडीओपीद्ध वित्त पोषण सहायता योजना के बारे में भी जानकारी दी गईए जिससे वे भविष्य में इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

# लव-कुश क्लब व सिवनी क्लब ने जीत दर्ज कराकर लिया मैनऑफ-द मैच



**ललितपुर।** तुवन मंदिर परिसर में आयोजित हो रहे सदर विधायक कप को जीतने के लिये जनपद करीब तीन दर्जन से अधिक क्रिकेट टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। इसी क्रम में शनिवार को दो पारी में चार क्रिकेट टीमों के बीच मुकावला देखने को मिला। गेंदवाजी व बल्लेवाजी करते हुये लव-कुश टीम व सिवनी क्रिकेट क्लब टीम ने जीत हासिल की है।

सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के पुत्र युवा नेता श्रीकांत व उनके सहयोगियों द्वारा तुवन मंदिर परिसर पर विशाल क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया जा रहा है। सदर विधायक कप जीतने के लिये क्रिकेट टीमों द्वारा खेल का प्रदर्शन किया जा रहा है।

शनिवार को क्रिकेट मैंच की चल रही श्रृखंला के दौरान पहली पारी में लवकुश क्लब व सुपर जाइंट आजादपुरा के बीच मुकावला शुरू किया गया। बल्लेवाजी करते हुये लवकुश क्लब ने 12 ओवर में 137 रन बनाते हुये नौ विकेट खो दिये। तो वही गेंदवाजी करने के बाद बल्लेवाजी के लिये उतरी टीम सुपर जाइंट आजादपुरा टीम ने मात्र दस ओवर खेलकर ऑलटीम हो गयी। मात्र 78 रन बना पाने के कारण टीम 60 रन से हार गयी। दूसरी पारी शुरू होते ही सिवनी क्लब

- विधायक कप जीतने के लिए जनपद की तीन दर्जन से अधिक क्रिकेट टीमों द्वारा किया जा रहा है प्रतिभाग

व राज क्लब दावनी के बीच खेला गया। बल्लेवाजी करते हुये सिवनी क्लब ने 12 ओवर खेलते हुये पांच विकेट खोकर 150 रन का लक्ष्य रखा, गेंदवाजी करने के बाद बल्लेवाजी करने के लिये उतरी राज क्लब दावनी टीम के खिलाडियों ने 12 ओवर खेलते हुये नौ विकेट खोकर 69 रन बना सकी। सिवनी क्लब ने 81 रन से जीत हासिल की है। दोनो विजय हुई टीम को जीत दिलाने के लिये गेंदवाली व बल्लेवाजी करते हुये अच्छा प्रदर्शन करने वाले देवेश व मुहरा सिंह को विधायक पुत्र श्रीकांत द्वारा मैनऑफ-द मैंच, नगद पुरस्कार व सील्ड देकर सम्मानित किया है। इस दौरान पूजा रैकवार ग्राम प्रधान तुर्का, वलराम राजपूत भाजपा नेता, रामू कुशवाहा जिला पंचायत सदस्य, देशपत कुशवाहा मड़वारी सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

# अन्ना मवेशियों से आजिज किसानों ने डीएम से लगायी गुहार



**बांदा।** अन्ना जानवरों से आजिज अलोना ग्राम प्रधान सुमित सविता के साथ एक दर्जन किसानों ने जिलाधिकारी से मिलकर फसल बचाने की गुहार लगाई। किसानों ने कहा कि फसल की रखवाली कर रहे किसानों पर अन्ना जानवरों के जानलेवा हमले और फसलें नष्ट कर भुखमरी की कगार पर पहुंचा दिया है। गांव के पास से ही वन विभाग के जंगल से बाहर आकर लगभग कई सैकड़ा से भी अधिक गौवंशों का झुंड किसानों के खेतों पर हमला बोल रहा है। भगाये जाने पर गांव के अनूप सिंह, सत्य गोपाल प्रजापति व भोला प्रजापति के ऊपर जानलेवा हमला कर चुके हैं। वह कई दिनों तक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती रहे। बोई गयी फसल जानवरों के चरने से यहां के किसान बेहद परेशान हैं और आए दिन हमलों से भयभीत हैं। कहा कि यदि इन अन्ना जानवरों पर रोक नही लगाई गई तो किसान मजबूर होकर गांव में ही 1 फरवरी से अनशन करेंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में सौखीलाल, सिद्धगोपाल, अंकुश सिंह, रामकृष्ण, योगेन्द्र सिंह, बिहारी सिंह, शिवराज सिंह व अन्य किसान मौजूद थे।

## दीपक सेन बने सेन समाज युवा जिलाध्यक्ष

**ललितपुर।** स्थानीय कल्याण सिंह सभागार में आयोजित जन नायक कपूर्री ठाकुर जन्मजयन्ती पर एड. दीपक सेन को समाज के प्रति पूर्व में किये गए सामाजिक कार्यो समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए सेन समाज के जिलाध्यक्ष शोभाराम सेन एवं स्वजातीय बंधुओं की सहमति पर उन्हें सेन समाज का युवा जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इस दौरान पूर्व मंत्री संजय विद्यार्थी सविता, सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, पहलवान गुरुदीन महाविद्यालय के प्रबंधक सौरभ यादव, जिला सचिव राजेश यादव जय गुरुदेव, सपा नगर अध्यक्ष अभि जैन खजुरिया, सहित भारी संख्या में समाजसेवी एवं स्वजातीय बंधु शामिल हुए।

# अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजन

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ उ0प्र0 के तत्वाधान एवं जिला विज्ञान क्लब ललितपुर के अंतर्गत जिलाधिकारी सत्यप्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान के निर्देशन, जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश के संयोजन में विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा सामान्य जनमानस में अंधविश्वास के प्रति वैज्ञानिक जागरूकता लाने के लिए शनिवार को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कल्याण सिंह सभागार ललितपुर में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी एवं हरिश्चंद रावत की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में अन्य जन प्रतिनिधि सदर विधायक राम रतन कुशवाहा, नगर पालिका अध्यक्षा सोनाली जैन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, समाज में फैले अंधविश्वासों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज ललितपुर की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज में व्याप्त पाखंड का मंचन किया। कार्यक्रम में जालौन से आए जादूगर श्याम ने अग्नि से माला बनाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया उन्होंने, थैले से नोट निकलना, चमत्कारी कलश, खुद अग्नि प्रज्वलन, आंख बंद कर रंगों की पहचान जैसे चमत्कारों को दिखाकर उसकी वैज्ञानिक व्याख्या की।कार्यक्रम के अंत में छात्रों से प्रश्नोत्तरीध्पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, विजयी छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।जिला विज्ञान क्लब समन्वयक राहुल जैन ने कहा कि आज के युग में विज्ञान ही हमें तर्क सत्य और प्रगति का मार्ग दिखाता है।कार्यक्रम में जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक जिला विकास अधिकारी श्रम आयुक्त आदि कई अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहयोग करुणेश नामदेव, प्रेरणा शर्मा, संचालन जिला विज्ञान क्लब राहुल जैन ने व आभार जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश ने आभार व्यक्त किया।

## नवनिर्मित थाना मदनपुर का वर्चुअल उद्घाटन



**ललितपुर।** जनपद ललितपुर के नवनिर्मित थाना मदनपुर का उद्घाटन शनिवार को राज्य मंत्री, अल्प संख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उत्तर प्रदेश सरकार दानिश आजाद अंसारी द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। यह उद्घाटन कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर, ललितपुर से सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मंत्री दानिश आजाद अंसारी जी ने थाना मदनपुर के प्रशासनिक भवन का वर्चुअल लोकार्पण करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आमजन को बेहतर, त्वरित एवं पारदर्शी पुलिस सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिसके क्रम में नवनिर्मित थाना मदनपुर, क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करे और पुलिस-जनसहयोग को और अधिक मजबूत किया जाए। पुलिस अधीक्षक, ने प्रभारी मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि थाना मदनपुर के संचालन से क्षेत्रीय जनता को बड़ी राहत मिलेगी तथा अपराध नियंत्रण में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा थाना क्षेत्र की कानून-व्यवस्था एवं आगामी कार्ययोजनाओं के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनपद के सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष हरिश्चन्द्र रावत, जिलाधिकारी ललितपुर सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, जनप्रतिनिधिगण व अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए 46 नामांकन पत्र दाखिल

**बांदा।** अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शनिवार को पूरी हो गयी। 11 पदों के लिए 46 अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र दाखिल किए। संघ के प्रतिष्ठित अध्यक्ष पद पर 6 और महासचिव पद के लिए 5 वकीलों ने नामांकन दाखिल कर अपनी दावेदारी ठोंकी। जिला अधिवक्ता संघ कार्यालय सभागार में शनिवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल करने की गहमागहमी रही। प्रमुख पदों के लिए पर्चे दाखिल करने वाले अधिवक्ताओं के साथ उनके समर्थक भी थे। इल्डर्स कमेटी ने नामांकन पत्र लेने के बाद उनकी जांच पड़ताल की। जिला अधिवक्ता संघ चुनाव इल्डर्स कमेटी अध्यक्ष राकेश सिन्हा ने बताया कि अध्यक्ष पद पर चंद्रमौलि शुक्ला, धनराज सिंह, रामलखन राजपूत, सुनील कुमार द्विवेदी, जयकरन भुजौली व विमल कुमार सिंह और महासचिव पद के लिए विकास सिंह, शिवदयाल प्रजापति, राजेश त्रिपाठी सोनू, यदुनाथ सिंह गौतम व आशुतोष त्रिपाठी ने दावेदारी की है।

इसी प्रकार वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर भूपेंद्र शुक्ला व शिवविलास सोनी, सामान्य उपाध्यक्ष के दो पदों पर कृष्णपाल विश्वकर्मा, हैदर शिकोह काजिलवास, शिवनरेश यादव व मोरध्वज, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पर संजय सिंह, दिनेश कुमार, शिवकुमार यादव व निखिल सक्सेना, संयुक्त सचिव प्रशासन में राजेश कुमार गुप्ता व कमलाकांत मिश्रा, संयुक्त सचिव प्रकाशन में कमल सिंह व कुलदीप कुमार, संयुक्त सचिव पुस्तकालय में विमलेश तिवारी व ओमप्रकाश द्विवेदी, कोषाध्यक्ष में राजेंद्र त्रिपाठी, धीरेंद्र राठौर, सुशील सिंह, जयप्रकाश विश्वकर्मा व मुकेश द्विवेदी, वरिष्ठ सदस्य में जौहरी लाल कुशवाहा, दिनेश निगम, मयंक शर्मा, रमेश कुमार, विजयपाल जरोहरा, संतोष श्रीवास, सुरेश कुमार, राजेंद्र त्रिपाठी और कनिष्ठ सदस्य में जितेंद्र कुमार, रवि कुमार, दीपक कुमार, महेंद्र कुमार नांदादेव, प्रशांत कश्यप, विनोद कुमार ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। ईल्डर्स कमेटी ने बताया कि 27 जनवरी को नाम वापसी के बाद ही संघ चुनाव की असली तस्वीर सामने आ सकेगी। मतदान व मतों की गणना के लिए 10 फरवरी की तारीख नियत की गई है।

## मिट्टी खुदाई का मामला प्रशासन के लिए बना सिर दर्द

**सोहावल-अयोध्या।** क्षेत्र के पुनवा तालाब में मिट्टी खुदाई का मामला सप्ताह भर से प्रशासन के लिये सिर दर्द बना है। यहां से मिट्टी निकाल कर विश्वविद्यालय में हो रही पटाई के दौरान ठेकेदार द्वारा गलत खुदाई कर निजी नंबरों से मिट्टी निकाल लिए जाने से बवाल मचा है। राजस्व और खनन विभाग पर ठेकेदार से मिली भगत का आरोप लगा निजी खातेदारों ने खुदाई बंद करवा रखी है। इसी की पैमाइश के लिए उप जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की एक बड़ी टीम ने तालाब के नंबर की शनिवार को पैमाइश किया। चूना डालकर निशान देही कर दी। पैमाइश मे संबंधित ठेकेदार ने माना गलत खुदाई कर निजी नंबरों से मिट्टी निकाली है। इसी तालाब के अगल-बगल गाटा संख्या 60 के पक्षकार कंचन सिंह पत्नी अवधेश सिंह, व जमीला खातून जिन्होंने 100-100 एअर जमीन की रजिस्ट्री कराई है। उनका कहना है कि पहले निजी नंबरों की भूमि निकाली जानी चाहिए तब तालाब का असली स्वरूप सामने आएगा। पैमाइश अधूरी है। इसके विरुद्ध हम न्यायालय जाएंगे। तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि पैमाइश की रिपोर्ट आने तक खुदाई अभी नहीं होगी। बिना किसी आदेश हम निजी नंबरों की पड़ताल नहीं कर सकते।

## दुर्घटनाओं में कमी लाने को प्रधानों का प्रशिक्षण, शपथ



**बांदा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के चलते विकासखंड महुआ में शनिवार को मास्टर ट्रेनर सत्यस्वरूप ने ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण दिया। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने के उद्देश्य से प्रदेश शासन के निर्देश पर सड़क सुरक्षा अभियान के तहत ग्राम प्रधान प्रशिक्षण के बाद अपनी ग्राम सभा में जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करेंगे।

परिवहन विभाग के यात्री मालकर अधिकारी वीरेन्द्र नाथ राजभर ने प्रशिक्षण में मौजूद ग्राम प्रधानों को सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियमों की महत्ता के बारे में जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। ग्राम प्रधानों से अपील की, कि वह गांव में लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देकर इसका पालन करने के लिए प्रेरित करें। प्रशिक्षण के दौरान महुआ ब्लाक के 35 ग्राम प्रधानों ने सड़क सुरक्षा का प्रशिक्षण लिया।

इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी प्रमोद द्विवेदी, अनुज गुप्ता ग्राम विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी धर्मेन्द्र कुशवाहा, योगेन्द्र सिंह चैहान वरिष्ठ सहायक, रोजगार सहायक रामलखन तिवारी, पत्रकार राहुल निगम व अन्य लोग मौजूद रहे।


**जिला कार्यालय-यू.पी. को आपरेटिव फेडरेशन लि., गाजीपुर**

पत्रांकः पी.सी.एफ./धान खरीद 2025-26 एवं गेहूं खरीद 26-27 हैण्डलिंग टेण्डर/358 दिनॉकः-24.01.2026

**प्रेस विज्ञप्ति-निविदा ई-टेण्डरिंग की सूचना**

मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान खरीद वर्ष 2025-26 एवं गेहूँ खरीद वर्ष 2026-27 में पी.सी.एफ. द्वारा वाराणसी में स्थापित धान/गेहू क्रय केन्द्रो पर हैण्डलिंग कार्य हेतु हैण्डलिंग ठेकेदारो की नियुक्ति के सम्बन्ध में निविदायें यू.पी. ई-टेण्डर बेवसाईट http://etender.up.nic.in से डाऊनलोड कर दिनांक 30.01.2026 की अपराहन 01:30 बजे तक अपलोड की जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं समस्त जानकारी नियम व शर्ते उपरोक्त बेवसाईट पर उपलब्ध है। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।

(श्रीनिवास यादव)
जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ.-गाजीपुर

मो.नं.- 8765984620 - dschan.pcf@gmail.com

संक्षेप

## द्विज सहायता समिति की बैठक व तहड़ी भोज का आयोजन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। द्विज सहायता समिति के तत्वावधान में गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक कृष्ण गोपाल त्रिवेदी की अध्यक्षता में एवं तहड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला उर्फ रिंकू, दीपक मिश्रा व डॉ. सौरभ दीक्षित द्वारा मां सरस्वती एवं भगवान श्री परशुराम के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन से हुआ। बैठक में समिति अध्यक्ष आलोक बाजपेयी ने संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समिति समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष मिश्र ने अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता पर जोर दिया। संस्था के संस्थापक मनोज मिश्र ने बताया कि समिति निर्धन कन्याओं के विवाह, विद्यार्थियों की शिक्षा तथा आवश्यकता पड़ने पर विभिन्न रूपों में आर्थिक एवं सामाजिक सहायता उपलब्ध कराती है। कार्यक्रम के दौरान श्रीकांत तिवारी, महेश्वर दयाल दीक्षित, मिथलेश अवस्थी, पंकज बाजपेयी, नितिन तिवारी, विजय बाजपेयी, शत्रुघ्न मिश्र, सतेंद्र शुक्ल, उमेश शुक्ल, धीरज बाजपेयी, लवकुश अवस्थी, जितेश मिश्र, पवन दीक्षित, अवधेश तिवारी, विपुल शुक्ल, राहुल शुक्ल, सूर्यप्रकाश मिश्र, मनोज शुक्ल, मनोज कुमार मिश्र सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य व नगरवासी मौजूद रहे।

## भारत-नेपाल सीमा पर निगरानी बढ़ायी गयी

महाराजगंज। गणतंत्र दिवस से पहले, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और पुलिस ने उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले में भारत-नेपाल सीमा पर निगरानी बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षकमहाराजगंज सोमेंद्र मीणा ने पीटीआई-भाषा को बताया, 'इलाके में देश विरोधी तत्वों की (संभावित) आवाजाही को रोकने के लिए, सुरक्षा एजेंसियों से कहा गया है कि वे लोगों को सीमा पार करने देने से पहले उनकी पहचान सुनिश्चित करें। खुली भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और देश विरोधी तत्वों की घुसपैठ को रोकने के प्रयास के तहत सशस्त्र सीमा बल ने नेपाल जाने वाले हर रास्ते पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे लगाए हैं। ये कैमरे सशस्त्र सीमा बल की चौकियों के अलावा मुख्य सड़कों पर भी लगाए गए हैं।' उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर सोनौली और ठूठीबारी चौकियों पर मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। एसपी ने कहा कि नशीले पदार्थों और हथियारों का पता लगाने के लिए प्रशिक्षित खोजी कुत्तों के दस्ते को सीमा पार तस्करी की जांच के लिए तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि इस दस्ते की तैनाती के बाद सीमावर्ती इलाके में संदिग्ध लोगों की जांच में काफी राहत मिलेगी। उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले की नेपाल के साथ 84 किलोमीटर लंबी खुली सीमा लगती है।

## सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

उन्नाव। जिले के पुरवा कोतवाली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे लोहे के साइन बोर्ड से टकरा गई, जिससे उस पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना शुक्रवार की रात जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गदोरवा गांव के पास अचलगंजपुरवा मार्ग पर हुई। पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार के कारण मोटरसाइकिल बेकाबू हो गई और साइन बोर्ड से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक उछलकर करीब 10 फुट दूर जा गिरे। मृतकों की पहचान बीघापुर थाना क्षेत्र के अंढ़ोली गांव निवासी अनुराग (31), बेसनखेड़ा निवासी राहुल पाल (26) और तौरा निवासी सौरभ (25) के रूप में हुई है। अनुराग और राहुल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल सौरभ ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घायल सौरभ करीब आधे घंटे तक सड़क पर तड़पता रहा। बाद में वहां से गुजर रहे लोगों की नजर पड़ी, जिन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कोतवाल अमरनाथ यादव ने सभी को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा भेजा, जहां चिकित्सक ने शुरुआती इलाज के बाद सौरभ को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दी। परिजनों के अनुसार, अनुराग पेशे से ट्रक चालक था और तीन दिन पहले ही पिता बना था। राहुल की शादी आगामी अप्रैल माह में होनी थी और वह दूध का व्यवसाय करता था। सौरभ पुणे में नौकरी करता था।

# प्राथमिक विद्यालय पसियापुर ग्रंट में लगी शिक्षा चौपाल



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। न्याय पंचायत रोशन नगर के प्राथमिक विद्यालय पसियापुर ग्रंट में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन, दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। शिक्षा चौपाल में बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे, जिनमें महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही।

चौपाल के दौरान सभी एजेंडा बिंदुओं पर क्रमवार चर्चा की गई। प्राथमिक विद्यालय कोरैया लोहरना के इंचार्ज प्रधानाध्यापक नीरज कुमार ने निपुण लक्ष्य पर विस्तार से जानकारी दी। अजीत प्रताप सिंह ने कायाकल्प योजना, राजकुमार ने टीएलएम, जबकि प्रीती गंगवार ने डिजिटल संसाधनों-मुख्य रूप से दीक्षा एवं रीड अलोंग ऐपकृपर प्रकाश डाला। नसीम ने शिक्षा संसाधनों की जानकारी दी और रचना पाण्डेय ने डीबीटी के माध्यम से प्राप्त धनराशि व यूनिफॉर्म से संबंधित बिंदुओं पर अभिभावकों को अवगत कराया। कार्यक्रम में विद्यालयों द्वारा तैयार किए गए टीएलएम आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर न्याय पंचायत के प्रत्येक विद्यालय से उत्कृष्ट बच्चों को सम्मानित किया गया। साथ ही न्याय पंचायत स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी सम्मान प्रदान किया गया। बच्चों में अपने-अपने विद्यालयों में संचालित गतिविधियों को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। पुरस्कार वितरण की व्यवस्था संकुल शिक्षक सुनील वर्मा एवं प्राथमिक विद्यालय अयोध्यापुर के प्रधानाध्यापक जगन्नाथ प्रसाद के नेतृत्व में की गई। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन की घोषणा अध्यक्ष रचना पाण्डेय ने की। अजीत प्रताप सिंह एवं संकुल शिक्षक सुनील वर्मा ने उपस्थित अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिरुद्ध द्विवेदी ने किया।

## सी.जी.एन में धूमधाम से मना 77वां उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सी.जी.एन. (पी.जी.) कॉलेज के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में 77वां उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने की।

प्राचार्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस को आधिकारिक रूप से पहली बार वर्ष 2018 से मनाया जाना प्रारंभ हुआ। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी 1950 को यूनाइटेड प्रोविंस का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश रखा गया था। यूनाइटेड प्रोविंस नाम अंग्रेजों द्वारा वर्ष 1935 में आगरा एवं अवध को संयुक्त रूप से दिया गया था। कार्यक्रम में राकेश कुमार अग्रहरि ने उत्तर प्रदेश के राजकीय चिन्हों पर विस्तार से प्रकाश डाला। भूगोल विभाग प्रभारी राघवेन्द्र सिंह ने प्रदेश के भौगोलिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक परिदृश्य पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। वहीं हिंदी विभाग के सुनील गुप्ता ने वर्तमान समय में हिंदी साहित्य की प्रासंगिकता विषय पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं के साथ महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. विश्वनाथ ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच संचालन राकेश कुमार अग्रहरि ने किया। समारोह के दौरान महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## नोडल अधिकारी, डिप्टी सीएमओ ने दिया पद से इस्तीफा

करमा, सोनभद्र। यूपी सरकार के लाख प्रयास के बावजूद सोनभद्र में कई निजी अस्पताल, क्लिनिक संचालक मरीजों का शोषण करना बंद नहीं कर रहे हैं। इन अस्पताल संचालकों की विभाग में पैठ इतनी तगड़ी है कि अगर कोई अधिकारी उनके खिलाफ कार्रवाई करने की सोचता है, तो ऐसा कर दिया जाता है कि वह कुछ कर ही न सकें। इस नाते जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बेपटरी होने लगी है। वहीं सह नोडल अधिकारी और पटल सहायक के मनमानी से तंग आकर नोडल अधिकारी, डिप्टी सीएमओ डॉक्टर कीर्ति आजाद बिंद ने निजी अस्पताल के पद से इस्तीफा दे दिया है, इससे महकमे में हड़कप मच गया है। बतादें कि डिप्टी सीएमओ डॉक्टर कीर्ति आजाद बिंद 30 अक्टूबर 2025 से नोडल अधिकारी निजी अस्पताल का कार्यभार देख रहे थे। सूत्रों की मानें तो नोडल अधिकारी ने कई अवैध रूप से संचालित निजी अस्पताल, क्लीनिक व पैथोलॉजी सेंटर के खिलाफ कार्रवाई की। यह बात स्वास्थ्य विभाग में तैनात कुछ कर्मियों को नागवार लगी और उनका मनोबल तोड़ने का कार्य शुरू कर दिया गया। इतना ही नहीं नोडल अधिकारी को इगनोर कर कार्य करना शुरू कर दिया। सह नोडल अधिकारी और पटल सहायक के मनमानी से तंग आकर नोडल अधिकारीडिप्टी सीएमओ डॉक्टर कीर्ति आजाद बिंद ने निजी अस्पताल के पद से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों की मानें तो डाक्टर कृति आजाद बिंद ने सीएमओ को दिए इस्तीफा में लिखा है कि सह-नोडल अधिकारी तथा पटल सहायक द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के मनमाने ढंग से छापेमारी/कार्यवाही किया जा रहा है। छापेमारी, कार्यवाई की सूचना से भी न तो अवगत कराया जाता है न ही मेरे बुलाने पर मुझसे मुलाकात करते हैं। पत्रकारों द्वारा मुझसे लगातार कार्यवाही के बारे में पूछे जाने पर मैं जवाब देने पर असमर्थ रहता हूँ। इसके अलावा और भी बहुत सी समस्याएं है जिसके कारण मैं इस पद पर रहना अपने आपको उचित नहीं समझता हूँ, इसलिए निवेदन है, कि उपरोक्त परिस्थितियों को देखते हुए मुझे नोडल अधिकारी निजी अस्पताल के पद से कार्यमुक्त करने की कृपा करें। उन्होंने आगे लिखा है कि शेष कार्य अपने पूरी क्षमता से कार्य करता रहूँगा। उधर नोडल अधिकारी के इस्तीफा देने से स्वास्थ्य महकमें में खलबली मच गई है। आमजन में भी तरह तरह की चर्चाएं तेज हो गई है। लोगों की बातों पर गौर करें तो स्वास्थ्य विभाग में वर्षों से तैनात कुछ कर्मी महकमे को अपने हिसाब से चला रहे हैं, इसकी जांच होने पर सच्चाई खुलकर सामने आ जाएगी। उधर डिप्टी सीएमओ डॉक्टर कीर्ति आजाद बिंद ने भी इस्तीफा देने की पुष्टि की है। जिले में अवैध पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड सेंटर से कमीशनखोरी का खेल जारी है। ग्रामीण इलाकों में अवैध रूप से मेडिकल प्रैक्टिस करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों का जाल बिछा हुआ है। मरीज इनके शोषण का शिकार हो रहे हैं। बभनी, बीजपुर, म्योरपुर, दुद्धी, केकराही, घोरावल, नगवा, चतरा सहित आसपास के कई ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों बिना डिग्री वाले डॉक्टर अपनी दुकानें चला रहे हैं।

### अवैध पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटर बना कमाई का जरिया

करमा, सोनभद्र। ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे अवैध पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटर इन झोलाछाप डॉक्टरों के लिए कमाई का जरिया बन गए हैं। यह एक सुनियोजित सिंडिकेट की तरह काम करता है, जहां डॉक्टर जानबूझकर मरीजों को ऐसे लैब या डायग्नोस्टिक सेंटर में भेजते हैं जिनके पास न तो वैध लाइसेंस है और न ही प्रशिक्षित स्टाफ है। खून या पेशाब की जांच पर इन डॉक्टरों का मोटा कमीशन बंधा होता है, जिसके चलते बिना जरूरत के भी दर्जनों जांचें लिख दी जाती हैं। जिले के इस वनांचल क्षेत्र में सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का फायदा अवैध संचालक उठा रहे हैं। कई बार गलत इंजेक्शन और गलत इलाज के कारण मरीजों की हालत बिगड़ जाती है उसके बाद उन्हें आनन-फानन में अन्यत्र रेफर कर दिया जाता है।

## तीन दिवसीय प्रदर्शनी का प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ



सोनभद्र। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में विशेष प्रदर्शनी का आगाज हुआ।

जनपद के प्रभारी मंत्री रवींद्र जायसवाल ने फीता काटकर तीन दिवसीय प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ किया। उद्घाटन के बाद प्रभारी मंत्री ने प्रदर्शनी के प्रत्येक स्टाल और प्रदर्शित चित्रों का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई यह प्रदर्शनी सरकार की पारदर्शी कार्यप्रणाली और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत दस्तावेज है।

प्रदर्शनी में मुख्य रूप से मिशन शक्ति, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत और बुनियादी ढांचे के विकास (एक्सप्रेस-वे व एयरपोर्ट) से जुड़ी उपलब्धियों को चित्रों और डेटा के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि इस प्रदर्शनी का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीण और शहरी जनता तक पहुँचाया जाए ताकि वे जागरूक होकर योजनाओं का लाभ उठा सकें। तीन दिनों तक चलेगी प्रदर्शनी सूचना विभाग द्वारा आयोजित यह प्रदर्शनी आगामी तीन दिनों तक कलेक्ट्रेट परिसर में आम जनता के लिए उपलब्ध रहेगी। उद्घाटन अवसर पर विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्या, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित जिले के अन्य आला अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## प्राथमिकता के आधार पर हो जन समस्याओं का निस्तारण : रुबी प्रसाद



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में 19 जनवरी, सोमवार को पूर्व विधायक एवं नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष रूबी प्रसाद की अध्यक्षता में जनपद मुख्यालय स्थित नगर पालिका परिषद सभागार में जनसुनवाई सम्भव दिवस का अयोजन किया गया।

जनसुनवाई (सम्भव) दिवस के दौरान नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 4, नगर पंचायत घोरावल में 1, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबर में 3, नगर पंचायत रेनुकूट में 3, नगर पंचायत पिपरी में 3, नगर पंचायत दुद्धी में 3, नगर पंचायत डाला बजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 3, जनपद के कुल निकायों में कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परता पूर्वक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने सम्बंधितो को निर्देश देते हुए कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाय, निस्तारण में अगर कोई समस्या आ रही है तो उसकी जानकारी तत्काल उपलब्ध कराई जाय, जनता के समस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। उक्त अवसर पर नगर पालिका परिषद के सदस्य एवं कर्मचारियों समेत अन्य लोग उपस्थित रहें।

## बजाज चीनी मिल प्रकरण में 145 दिन से लटकी विवेचना, नामजदों पर भी कार्रवाई शून्य

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गन्ना किसानों के बकाया भुगतान को लेकर दर्ज आपराधिक मुकदमे में पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड के अधिकारियों के विरुद्ध दर्ज मुकदमे को 45 दिन बीत जाने के बावजूद न तो किसी आरोपी की गिरफ्तारी हो सकी है और न ही अब तक चार्जशीट दाखिल की गई है। कोतवाली में दर्ज मुकदमे में बजाज चीनी मिल के प्रबंध निदेशक अजय शर्मा, तत्कालीन यूनिट हेड नीरज बंसल, मुख्य वित्त अधिकारी सुनील ओझा तथा डीजीएम लीगल को नामजद किया गया है। तहरीर में आरोप है कि कंपनी प्रबंधन ने जिला गन्ना अधिकारी व उप गन्ना आयुक्त द्वारा जारी भुगतान संबंधी आदेशों का पालन नहीं किया, जो भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। मुकदमा दर्ज होने के बाद प्रारंभिक कार्रवाई के अलावा विवेचना आगे नहीं बढ़ सकी। किसानों का आरोप है कि पुलिस ने जांच को लगभग ठंडे बस्ते में डाल दिया है, जबकि प्रकरण से जुड़े दस्तावेज और साक्ष्य पहले ही उपलब्ध कराए जा चुके हैं। किसानों की ओर से पुलिस अधीक्षक के माध्यम से विवेचक को नोटेरियल हल्फनामे भी सौंपे गए, जिनमें भुगतान आदेशों की प्रतिलिपियां और कानूनी प्रावधानों का उल्लेख किया गया था। इसके बावजूद न तो आरोपियों से पूछताछ हुई और न ही कोई प्रभावी कानूनी कार्रवाई सामने आई। किसानों ने मांग की है कि कंपनी के शीर्ष प्रबंधन, अध्यक्ष एवं निदेशक मंडल के सदस्यों को भी विवेचना में शामिल किया जाए। उनका कहना है कि पूर्व में इसी तरह के गन्ना भुगतान मामले में बजाज चीनी मिल के एक यूनिट हेड को न्यायालय द्वारा सजा भी सुनाई जा चुकी है, इसके बावजूद वर्तमान प्रकरण में पुलिस की निष्क्रियता समझ से परे है। पुलिस की इस उदासीनता को लेकर किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि यदि शीघ्र गिरफ्तारी व चार्जशीट नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। फिलहाल पूरा मामला पुलिस की निष्क्रियता और प्रशासनिक चुप्पी के चलते चर्चा का विषय बना हुआ है।

### पूर्व में यूनिट हेड को मिल चुकी है सजा

गोला गोकर्णनाथ। गन्ना भुगतान से जुड़े मामलों में बजाज चीनी मिल पर पहले भी कानूनी कार्रवाई हो चुकी है। 10 अप्रैल 2016 को गोला गोकर्णनाथ, पलिया कलां और खंभारखेड़ा यूनिटों के अधिकारियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज हुई थी। उस प्रकरण में किसान लोकेश कुमार गुप्त द्वारा दिए गए नोटेरियल शपथ पत्र के आधार पर गोला पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की थी। मामले में 11 फरवरी 2017 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट खीरी की अदालत ने तत्कालीन गोला यूनिट हेड ओमपाल सिंह को 14 हजार रुपये जुमार्ना व अदालत उठने तक की कैद की सजा सुनाई थी। वर्तमान मामले में भी किसान लोकेश कुमार गुप्त द्वारा 26 दिसंबर को नोटेरियल हल्फनामा देकर बयान दर्ज कराया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद विवेचना आगे न बढ़ने से किसानों में असंतोष और गहराता जा रहा है।

## मैपिंग से वंचित मतदाता नोडल को साक्ष्य उपलब्ध कराने में करें सहयोग: बीडीओ

दुद्धी, सोनभद्र। क्षेत्र में चल रहीं एसआईआर प्रक्रिया के तहत मैपिंग से छूटे मतदाताओं को नोटिस जारी करके साक्ष्य के साथ उपस्थित होने का आदेश जारी होने के बाद निर्धारित तिथियों और समय के साथ नोडल मैपिंग निस्तारण में जुट गए हैं। शनिवार को दुद्धी ब्लॉक एवं तहसील में नोडल अधिकारी विभिन्न मतदाताओं का मैपिंग निस्तारण करने में जुटे रहे। ब्लॉक में बीडीओ रामविशाल चैरसिया ने मैपिंग से छूटे मतदाताओं की सुनवाई की। बीडीओ रामविशाल चैरसिया ने बताया कि जो मतदाताओं का मैपिंग नहीं हो पाया हैं उन्हें नोटिस जारी करके साक्ष्य लिए जा रहे हैं, उन्होंने मैपिंग से छूटे मतदाताओं से अपील किया हैं कि नोटिस में निर्धारित तिथि एवं समय के अनुसार उपस्थित होकर मैपिंग की कार्यवाही पूर्ण कराने में सहयोग करें और निर्धारित साक्ष्य के साथ नोडल के यहां उपस्थित होकर एसआईआर मैपिंग की कार्यवाही पूर्ण कराएं।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिलायी शपथ



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस से पूर्व मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों को अक्षुण्ण बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने विशेष रूप से नए मतदाताओं को अपने अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी दी और निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, निष्पक्ष चुनाव तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवाओं की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया। शपथ ग्रहण के माध्यम से सभी ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## गन्ना भरी ट्राली पलटने से तीन घायल, रेफर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर के खुटार रोड पर शनिवार को गन्ना भरी ट्राली अंडे की दुकान पर पलट गई। हादसे में ट्राली के नीचे दबकर तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व राहगीरों ने कड़ी मशक्कत कर घायलों को बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

घायलों में मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्जनपुर निवासी 30 वर्षीय राहुल पुत्र पूरन, मोहल्ला मथुरानगर निवासी 40 वर्षीय उपेन्द्र वर्मा पुत्र श्रीराम तथा उसका 20 वर्षीय पुत्र शिवम शामिल हैं। चिकित्सकों ने राहुल की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक अमन गिरि, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला उर्फ रिंकू के भाई पिंटू शुक्ला सहित अन्य लोग सीएचसी पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। उधर, हैदराबाद थाना क्षेत्र के महेशपुर के पास एक अन्य सड़क हादसा हो गया। इसमें थाना क्षेत्र के मोतीपुर निवासी 35 वर्षीय जसकरन पुत्र मंगरेलाल तथा सिंगहा निवासी 22 वर्षीय रूपबसंत पुत्र राकेश घायल हो गए। दोनों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया, जहां जसकरन की हालत गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया गया। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से क्षेत्र में चिंता का माहौल बना हुआ है।

## वाईडी कॉलेज में सामूहिक मतदाता शपथ समारोह आयोजित



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के उपलक्ष्य में सामूहिक मतदाता शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेरा भारत, मेरा वोट की थीम के साथ भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक की टैगलाइन को साकार करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल ने कहा, मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र के प्रति हमारा कर्तव्य और उत्तरदायित्व है। युवा पीढ़ी को यह समझना होगा कि उनका हर एक मत देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मैं सभी नवमतदाताओं और विद्यार्थियों से आह्वान करता हूं कि वे सजग नागरिक बनें और मतदान प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भागीदारी करें।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी, SVEEP डॉ. सौरभ वर्मा ने कहा, सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (रश्एएढ) के माध्यम से हम मतदाताओं में जागरूकता लाने और उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इस मतदाता सप्ताह के दौरान हमने नवमतदाता शपथ ग्रहण समारोह, मतदाता जागरूकता रैली, निबंध प्रतियोगिता और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया है। साथ ही हमारा उद्देश्य प्रत्येक पात्र मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचाना और कोई भी पीछे न छूटे के सिद्धांत को लागू करना है, जिसके लिए महाविद्यालय में मतदाता पंजीयन हेल्प डेस्क की स्थापना और मतदाता साक्षरता क्लब का गठन किया गया है। समारोह में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। नवमतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र बनवाने हेतु फॉर्म-6 वितरित किए गए और उन्हें मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

## थाम लेंगे वक्त को चलने न देंगे, ऐ हिंद हम तुझको कभी झुकने न देंगे

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी, साहित्य दीप संस्थान व दयानंद साहित्य संस्था के तत्वावधान में शनिवार को सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में कवयित्री चंद्रलेखा सिंह की तृतीय पुस्तक साहित्य दर्शन का विमोचन किया गया। साथ ही नव निर्वाचित बार के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव एडवोकेट का सारस्वत अभिनन्दन किया गया। कवयित्री चंद्रलेखा सिंह को भी अंगवस्त्र माल्यार्पण कर साहित्य सर्जना के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा कई मानिंद लोगों को अंगवस्त्र, पुस्तक, डायरी व लेखनी देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महामहिम राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षक ओमप्रकाश त्रिपाठी व मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार कथा शिल्पी रामनाथ शिवेन्द्र, पूर्व बार अध्यक्ष चंद्र प्रकाश दिवेदी एड ने शारदे की प्रतिमा पर दीपदान माल्यार्पण कर विधिवत आयोजन का आगाज किया। गीतकार ईश्वर विरागी ने वाणी वंदना कर तथा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कवि सम्मेलन में अपनी कविता, थाम लेंगे वक्त को चलने न देंगे ऐ हिंद हम तुझको कभी झुकने न देंगे सुनाकर शुरूआत में ही आयोजन को भव्यता प्रदान किया।

प्रयागराज फूलपुर से आये शारिक




मखदूम ने अनेक गजल नज्म सुनाये खूब जमे। उनकी गजल, इंसानियत थी जिसमें वो इंसा कहाँ गए। हिन्दू कहाँ गये वो मुसलमां कहाँ गये। खूब सराही गयी। अहरौरा से पधारे धर्म देव चंचल ने संगीत विधान पर हास्य कविता व पैरोडी सुनाकर लोगों से देर तक तालियां बजवाते रहे। उनकी रचना केहू जरत बा त जरै हमसे का मतलब सराही गयी। चंदौली से पधारे शिवदास कवि ने देश गीत, लहर रहा है गगनांगन में गौरव का अभिमान तिरंगा अमर जै हिंदुस्तान लोगों में जोश भर दी। चकिया से आये प्रकाश मिरजापुरी ने गंभीर रचना, लेखनी उठ लिख नया इतिहास मिटा दे विध्वंस और विनाश से चार चांद लगाये। ओज श्रृंगार की कवयित्री कौशल्या कुमारी चैहान ने, हमारी शान है बेटी हमारी जान है बेटी तथा चंद्रलेखा सिंह ने सत्ता को नसीहत देकर जनहित विपरीत कृत्य पर कटाक्ष किया। ओज कवि प्रभात सिंह चंदेल, दिलीप सिंह दीपक, दयानंद दयालू, धर्मेश चैहान, विवेक चतुवेर्दी, सुनिल चौचक, मदन चैबे, आकाशवाणी के सुनील तिवारी ने भी छंद सवैया गीत नव गीत विविध रसों में सुनाकर महफिल को रोशन किया।सोन संगीत फाउंडेशन के सुशील मिश्रा ने सस्वर लोकगीत व देश गीत गाकर गतिज उर्जा दिये।सफल संचालन शायर अशोक तिवारी ने किया। आभार आयोजक प्रदुम्न त्रिपाठी एड शहीद स्थल करारी ने व्यक्त किया। मुख्य अतिथि रामनाथ शिवेन्द्र ने विमोचित पुस्तक के लिए लेखिका को बधाई देते हुए कविता क्यों कैसी किसलिए विषय पर सारगर्भित वक्तव्य देते हुए अपनी कौमी एकता की कालजयी रचना, हमें रोटियां ही दीजिये बहुत भूख लगी है, दे रहे हैं गीता कुरान किसलिए सुनाकर महफिल लूट लिये। अंत में अध्यक्षता करते हुए पूर्व किशोर न्याय बोर्ड सदस्य राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक ओमप्रकाश त्रिपाठी ने अपनी कविता सुनाकर जहाँ अभिव्यक्ति को मुखर स्वर दिया वहीं आशीर्वचनों से सभी को राष्ट्रीय हित में सोचने व सतत देशहित विधि हित मनुजता के लिए कटिबद्ध रहना जरूरी बताया और आयोजन को विराम दिया गया। सभीं कवियों अतिथियों को अंग वस्त्र के साथ माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया।इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश द्विवेदी, राजेश पाठक एडवोकेट, आशीष पाठक, जयशंकर त्रिपाठी, आत्म प्रकाश त्रिपाठी, देवानन्द पांडेय, ठाकुर कुशवाहा, बृज किशोर देव पांडेय, दिनेश दत्त पाठक एड, त्रिपुरारी मिश्रा, गोपाल बंगाली समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## पंचतत्व में विलीन हुए बासुदेव गुप्ता

अयोध्या। पंचतत्व में विलीन किए गए सेनानी महाबीर प्रसाद गुप्ता बिगुलर के पुत्र व जनपद न्यायाधीश के कार्यालय से सेवानिवृत हुए 85 वर्षीय वासुदेव प्रसाद गुप्ता का शनिवार को सुबह तड़के ही 7:00 बजे उनके अपने निवास स्थान मोहल्ला हैदरगंज में आकस्मिक निधन हो गया था।

उक्त जानकारी देते हुए बासुदेव गुप्ता के बड़े भतीजे, वरिष्ठ समाजसेवी व अधिवक्ता केशव बिगुलर ने बताया कि उनकी शव यात्रा में काफी संख्या में समाजसेवी, बुद्धिजीवी, जन प्रतिनिधिगण सम्मिलित हुए, ज्ञातव्य हो कि श्री बासुदेव गुप्ता जी के जेष्ठ पुत्र आनंद गुप्ता बीजेपी के नगर उपाध्यक्ष रह चुके हैं, वहीं उनकी बड़ी बहू सुधारानी गुप्ता, हैदरगंज वार्ड की पूर्व पार्षद भी रह चुकी हैं, और वासुदेव प्रसाद गुप्ता भी रंगमंच से अपनी युवावस्था से ही काफी समय से जुड़े रहे हैं, जिससे उनकी शव यात्रा में तमाम रंगकर्मी व साहित्यकार भी उपस्थित रहे स्थानीय जामताड़ा घाट पर उनके ज्येष्ठ पुत्र आनंद गुप्ता ने उनको मुखाग्नि दी। वासुदेव गुप्ता अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं जिसमें दो पुत्र और दो पुत्रियां भी सम्मिलित है।

# सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुंच रहाः सूर्य प्रताप शाही



अयोध्या। जनपद के डॉ. राममनोहर अवध विश्वविद्यालय स्थित विवेकानंद सभागार में उत्तर प्रदेश दिवस 2026 को हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद के प्रभारी मंत्री एवं कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा विभिन्न

**● अवध विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया उत्तर प्रदेश दिवस 2026**

विभागों की प्रदर्शनी का फीता काटकर किया गया। प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे एवं मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल से माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के अवसर पर दिए गए संदेश का सजीव प्रसारण मंडलायुक्त राजेश कुमार, आईजी प्रवीण कुमार, एसपी गौरव त्रिपाठी व जनप्रतिनिधियों के साथ देखा। कार्यक्रम में अवध विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व कस्तूरबा गांधी विद्यालय के छात्राओ द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के चार लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक भी प्रदान किया। जिनमें मालती यादव को दो लाख, विनोद कुमार गुप्ता व विवेक प्रकाश मौर्य को पांच लाख तथा आशुतोष अग्रवाल को चार लाख 22 हजार का चेक दिया गया। इसके अतिरिक्त हित लाभ वितरण के 15, आयुष्मान कार्ड के 04 और विद्या शक्ति के 05 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रभारी मंत्री ने दिए। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। इसी उद्देश्य से विभिन्न विभागों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देने हेतु स्टॉल लगाए गए हैं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि उत्तर प्रदेश दिवस में सहभागिता कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ लें। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में प्रारंभ की गई ह्वविद्या शक्ति ह्व पहल का बटन दबाकर शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत जनपद की लगभग 63 हजार स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी निरक्षर महिलाओं को साक्षर किया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे जनपद में शत-प्रतिशत साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से जनसामान्य को प्रदेश के गौरवशाली इतिहास एवं उपलब्धियों की जानकारी मिलती है तथा नई पीढ़ी को प्रेरणा प्राप्त होती है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिजेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोली सिंह, विधायक सदर वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक रुदौली रामचंद्र यादव सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## लापता वृद्ध का ढेमवापुल के पास उतराता मिला शव

सोहावल-अयोध्या। शनिवार दोपहर बाद रौनाही थाना क्षेत्र के ढेमवा पुल के पास घाघरा में स्थानीय ग्रामीणों ने उतराता हुआ शव देखा। घटना की सूचना थाना प्रभारी लालचंद सरोज को दी। थाना प्रभारी के निर्देश पर पहुंचे हल्का दरोगा ने शव को बाहर निकलवा कर मवई थाना क्षेत्र कुण्डीरा निवासी लापता रमा शंकर चैरसिया के परिजनो से संपर्क साधा। परिजनो की पहचान के उपरांत शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। मालूम हो कि विगत 19 जनवरी को मवई थाना पुलिस ने कुण्डीरा रमा शंकर पुत्र स्व. राम निवास चैरसिया उम्र लगभग 62 वर्ष के लापता होने का मुकदमा दर्ज कर तालाश कर रही थी। ढेमवा पुल पर आधे पुल तक लगे सीसीटीवी कैमरे मे देखा गया था। जिसके आधार पर रौनाहीऔर मवई थाना की पुलिस एन डी आर एफ टीम के साथ घाघरा मे तलाश की। दो दिन तक कोई कामयाबी नहीं मिली। परिजनों द्वारा दिए गये हुलिए के आधार पर दोपहर को शव मिलने पर परिजनो से संपर्क किया गया। मृतक की पहचान होने पर परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया।

## टीआरसी लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओ ने निकाली जागरूकता रैली



सतरिख, बाराबंकी। टीआरसी लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली को शासी निकाय अध्यक्ष डॉ0 सुजीत चतुर्वेदी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली मतदाता जागरूकता प्रकोष्ठ संयोजक डा0 प्रमोद कुमार पाण्डेय के नेतृत्व मे छात्र-छात्राओ ने सतरिख कोतवाली होते हुए सतरिख चैराहा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, काजियाना मोहल्ला, दरगाह रोड, गढ़ी प्राथम, द्वितीय मोहल्ला होते हुए सतरिख बाजार पहुँची। जंहा लोगो को मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करते हुये मेरा वोट मेरी पहचान,पहले मतदान फिर जलपान, वोट डालो देश बनाओ आदि नारे के साथ जागरुक किया। इसके उपरान्त स्वस्थ्य लोकतंत्र की रक्षा हेतु शपथ ग्रहण की। इस मौके पर प्राचार्य डॉ0 अश्वनी कुमार गुप्ता, विधि परास्नातक, विधि स्नातक विभाग के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षिकाओं मौजूद रहे।

## श्री राम मंदिर के स्थापना दिवस पर निकली शोभायात्रा

बाराबंकी। छोटी लाइन स्थित श्री राम मंदिर के स्थापना दिवस पर अधिवक्ता राजकुमार सिंह राजा के नेतृत्व मे शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा जेल कालोनी, मझपुरवा, जीतनगर, कमलविहार कालोनी होते हुए मंदिर पर वापस आकर समाप्त हुई। जंहा भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओ द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विजय गुप्ता, जनमेजय गुप्ता, नितिन, तुषार, श्याम, हिमांशु, पंकज, आकाश, मुन्ना भक्त मौजूद रहे।

## संगीत मय श्री राम कथा का शुभारम्भ

बाराबंकी। सत्यप्रेमी नगर स्थित श्री भुईहारे बाबा मंदिर परिसर में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर नौ दिवसीय संगीत मय श्रीराम कथा का शुभारंभ किया। कथा वाचक पंडित सर्वेश तिवारी मधुकर द्वारा भगवान श्री राम के 14 वर्षीय वनवास से पूर्व उन कथाओं का वर्णन किया गया। कथा प्रत्येक 9 दिन अपराह्न 3 बजे से शाम 7:00 बजे तक चलेगी। आयोजक मंडल में अनुराग त्रिवेदी, मनीष निगम, गौरव शुक्ला, मदन शुक्ला, सभासद देवेंद्र प्रताप सिंह ज्ञानू मौजूद रहे।

## चोट लगी थी दाएं, रिपोर्ट में लिखा बाएं, बनी चर्चा का विषय

जिला संवाददाता

अयोध्या। डॉक्टर को मेडिकल का विशेषज्ञ माना जाता है। मगर यहां तो डॉक्टर की मेडिकल रिपोर्ट चर्चा का विषय बनी हुई है। हैदरगंज थाना क्षेत्र निवासी एक युवक मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया था। इलाज और मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात एमबीबीएस डॉक्टर ने लापरवाही की हद कर दी। घायल को चोट दाएं तरफ लगी थी लेकिन मेडिकल रिपोर्ट में उसने बाएं तरफ लिख दिया। रेफर होकर मरीज के जिला अस्पताल पहुंचने पर मामले का खुलासा हुआ है। हैदरगंज थाना क्षेत्र के अचल का पुरवा निवासी संदीप यादव (30 वर्ष) पुत्र जगनरायण यादव सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल संदीप को हैदरगंज थाना पुलिस ने मेडिकल और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर भिजवाया था।जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसका प्राथमिक उपचार किया और मेडिकल रिपोर्ट बनाई। मेडिकल रिपोर्ट में लिखा कि बाएं साइड में हेड इंजरी है और बाएं साइड में ही फीमेन खुला घाव है। हालत गंभीर होने के चलते उसको जिला अस्पताल रेफर किया गया तो यहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर आशीष पाठक ने मेडिकल रिपोर्ट देखी और घायल का परीक्षण किया। परीक्षण में पता चला कि घायल को बाएं साइड में चोट ही नहीं है बल्कि चोट तो दाहिने तरफ लगी है। डॉ आशीष पाठक का कहना है कि अपनी मेडिकल रिपोर्ट में उन्होंने दाहिने चोट होने का जिक्र किया है।

# कांग्रेसियों ने मनायी कर्पूरी ठाकुर की जयंती



अयोध्या। प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को उनके जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर एक गोष्ठी की गई जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष चेतनारायण सिंह तथा संचालन महानगर उपाध्यक्ष रामनाथ शर्मा ने किया। अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा जननायक कपूर्री ठाकुर बिहार के अत्यंत सामान्य परिवार से संबंध रखते थे उनके पिता सीमांत किसान थे। जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहाउनका नाम उन महान समाजवादी नेताओं की पांत में आता है जिन्होंने निजी और सार्वजनिक जीवन, दोनों में अपने आचरण के ऊंचे मानदंड स्थापित किए थे.। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा अति पिछड़े वर्ग से संबंध रखने वाले कपूर्री ठाकुर 1952 में पहली बार विधायक बने और उसके बाद सदा राजनीति में जीवन पर्यंत अपराजित रहे। उन्होंने दो बार बिहार के मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। राजनीति के उच्च पदों पर रहने के बावजूद उनके पास संपत्ति के नाम पर मकान तक नहीं था। बिहार में पहली बार आरक्षण लागू किया तथा बिहार में अंग्रेजी की अनिवार्यता को समाप्त किया बिहार के सभी सरकारी विभागों में हिंदी में कार्य करने को अनिवार्य कर दिया। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा 1971 में मुख्यमंत्री बनने के बाद किसानों को बड़ी राहत देते हुए उन्होंने गैर लाभकारी जमीन पर मालगुजारी टैक्स को बंद कर दिया. बिहार के तब के मुख्यमंत्री सचिवालय की इमारत की लिफ्ट चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के लिए उपलब्ध नहीं थी, मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने चर्तुथवर्गीय कर्मचारी लिफ्ट का इस्तेमाल कर पाएं। जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने जननायक कपूर्री ठाकुर को एक महान नेता बताया जिसमें समसामयिक घटनाओं को जमीन पर उतार कर आम जन को लामबंद करने वाला जननेता बताया। श्री पाठक के अनुसार उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, राम अवध पासी, उमेश उपाध्याय, चंचल सोनकर, जय प्रताप गुप्ता, नाजिश फातिमा, रामनाथ शर्मा, पंकज सिंह, द्वारिका पांडे, विशाल दुबे, विजय श्रीवास्तव, वीरेंद्र, तस्लीम आरिफ, धर्मेंद्र सिंह फास्टर, मोहम्मद कैफी, धर्मेंद्र सिंह, ओंकार यादव आदि उपस्थित रहे।

## वालीबाल और एथलेक्टिस प्रतियोगिता का उदघाटन



बहराइच। जिलाधिकारी बहराइच के निर्देशानुसार एवं खेल निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ के तत्वाधान में दिनांक 24 से 26 जनवरी 2026 (त्रिदिवसीय) अवधि में उत्तर प्रदेश दिवस-2026 को समारोहपूर्वक का आयोजित किया जा रहा है। आज दिनांक 24 जनवरी 2026 को इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम, बहराइच में ओपेन वर्ग का वालीबाल एवं एथलेटिक्स कराया गया। जिसका उद्घाटन अनुपमा धानुक, उप क्रीड़ाधिकारी बहराइच द्वारा किया गया। जिसमें लगभग 150 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसके उपरान्त राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर स्टाफ एवं समस्त खिलाड़ियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलायी गयीउक्त प्रतियोगिता में रोहित सिंह जीवन रक्षक, अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक राकेश पासवान एवं मो0 आरिफ, खेलो इण्डिया मानदेय प्रशिक्षक विनोद कुमार निर्णायक के रूप में सहयोग प्रदान किये। अन्त में आनन्द कुमार श्रीवास्तव, क्रीड़ा अधिकारी, बहराइच द्वारा आये हुये समस्त अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों का आभार प्रकट किया।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर सरस मेला, विकास प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ

जिला संवाददाता



बाराबंकी। 24 से 26 जनवरी उत्तर प्रदेश दिवस पर जीआईसी ऑडिटोरियम मे सरस मेला, विकास प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राज्य ललित कला अकादमी उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र एंव विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत ने संयुक्त रुप से फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने संयुक्त रुप से सरस मेला एवं विकास प्रदर्शनी मे लगे स्टालो का अवलोकन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री चंद्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक गौरव एवं निरंतर विकास यात्रा का प्रतीक है। आज उ0प्र0 कृषि, उद्योग, कला, संस्कृति एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में देश को नई दिशा दे रहा है।

**● राज्य ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष ने उत्कृष्ट कार्य करने वालो सहित जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को किया सम्मानित**

कार्यक्रम के उद्योग विभाग अंतर्गत सीएम युवा उद्यमी योजना सहित 7 लाभार्थी, ट्रेड दर्जी में 5 लाभार्थियों को टूलकिट, महिला एवं बाल कल्याण विभाग की बाल सेवा योजना अंतर्गत कोविड काल में निराश्रित 11 बच्चों को लैपटॉप, पशुपालन विभाग के 10 पशुपालक, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 5 लाभार्थी, खाद्य एवं रसद विभाग के 7 लाभार्थी, कृषि विभाग अंतर्गत कस्टम हायरिंग हेतु 2 लाभार्थियों को चाबी एवं उत्कृष्ट खेती हेतु 8 कृषकों को सम्मान, मत्स्य विभाग के 4 लाभार्थी, जनपद की सर्वाधिक दुग्ध उपार्जन करने वाली 4 दुग्ध समितियां, 9 स्वयं सहायता समूह की महिलाएं को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। इस अवसर पर डीएफओ आकाश बधावन सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, लाभार्थी मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का किया भ्रमण




बहराइच। शैक्षिक सत्र-2025-26 अन्तर्गत विकास खण्ड चित्तौरा, तजवापुर, हुजूरपुर एवं नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत 200 बच्चों को ऐतिहासिक स्मारक धरोहर चित्तौरा महाराजा सुहेलदेव स्मारक/झील का भ्रमण कराया गया। गेद घर परिसर से डीआईओएस सर्वदा नन्द, बीएसए आशीष कुमार सिंह एवं वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश कुमार वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर बस को रवाना किया गया।

इस अवसर पर बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के कार्मिक भी मौजूद रहे। भ्रमण पर गये बच्चों को जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता के द्वारा लंच पैकेट, पानी की बोतल, बिस्किट, चिप्स बच्चों एवं अध्यापकों को वितरित किया गया। बच्चों के साथ सम्बन्धित परिषदीय विद्यालयों के अध्यापकगण भी मौजूद रहे।ऐतिहासिक स्मारक धरोहर चित्तौरा महाराजा सुहेलदेव स्मारक/झील के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान उक्त ट्रस्ट/पर्यटन स्थल के अध्यक्ष राजा यशवेन्द्र विक्रम सिंह ने बच्चों का बहुत ही जोरदार तरीके से उत्साहवर्धन करते हुये स्थल तथा महाराजा सुहेलदेव के इतिहास एवं श्रावस्ती क्षेत्र के इतिहास से भी रूबरू कराते हुये पूरे परिसर का भ्रमण कराकर बच्चों को एकत्र कर उनके अच्छे भविष्य की कामना करते हुये मिष्ठान वितरित किया।

अन्त में मौके पर सभी अध्यापक व जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता श्री आशुतोष सिंह के द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये सभी बच्चों को सुरक्षित उनके तय स्थान तक वापस बस से पहुँचाया गया।

## स्कूली बस ने बाइक को मारी टक्कर नेपाली युवक की मौत, दूसरा घायल

बहराइच। जिले के नवाबगंज इलाके में आज सुबह एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक नेपाली युवक की मौत हो गई। वही उसका साथी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना करने वाले वाहन को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को सूचना दी है नेपाल के जाजर कोट जनपद का रहने वाला बाल बहादुर शाही 35 वर्ष अपने साथी प्रताप सिंह के साथ बाइक से शुक्रवार को भारतीय क्षेत्र में घुमाने आए थे। शनिवार की सुबह दोनों वापस जा रहे थे। जब वो लोग बाबागंज मल्हीपुर मार्ग पर स्थित मंडहवा ग्राम के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही स्कूली बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बहादुर शाही की मौके पर ही मौत हो गई। वही प्रताप घायल हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर ने बताया कि निजी स्कूल की बस व चालक को कब्जे में ले लिया गया है ?मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## पुलिस लाइन में डीएम और एसपी की उपस्थिति में मॉकड्रिल आयोजित



बहराइच। जनपद में आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का आकलन करने तथा पुलिस बल की तत्परता को परखने के उद्देश्य से ह्लऑपरेशन ब्लैकआउटह्व के अंतर्गत पुलिस लाइन परिसर में जिलाधिकारी बहराइच व पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में एक सुनियोजित मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान ब्लैकआउट की संभावित स्थिति में पुलिस बल की प्रतिक्रिया, संचार व्यवस्था, त्वरित कार्रवाई, सुरक्षा प्रबंधन एवं आपदा के समय अपनाई जाने वाली मानक कार्यप्रणाली का व्यवहारिक परीक्षण किया गया। निर्धारित समय पर पुलिस लाइन परिसर की विद्युत व्यवस्था को नियंत्रित रूप से बंद कर अभ्यास कराया गया। इस दौरान पुलिस बल द्वारा अनुशासित ढंग से सुरक्षा मोर्चा संभालते हुए गश्त, निगरानी, सूचना आदान-प्रदान एवं आकस्मिक परिस्थितियों में समन्वित कार्रवाई का प्रदर्शन किया गया। महोदय द्वारा मॉक ड्रिल की सतत निगरानी करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा सतर्कता, अनुशासन एवं त्वरित निर्णय क्षमता पर विशेष बल दिया गया। मॉक ड्रिल शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अभ्यास का उद्देश्य पुलिस बल को किसी भी आपात स्थिति के लिए मानसिक एवं व्यावहारिक रूप से तैयार करना तथा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना है।

## मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का जिलाधिकारी ने किया शुभारम्भ



बाराबंकी। जीवन में जब कभी समस्या आए तब अन्तर्मन की प्रेरणा और आवाज को सुनना चाहिए। एक-एक क्षण का सदुपयोग सबसे आवश्यक है। जब किसी विद्यार्थी को उसके जीवन लक्ष्य के सिवा बाकी सभी कुछ व्यर्थ दिखने लगे तो उसको सफल होने से कोई भी नहीं रोक सकता। उक्त उद्गार जनपद स्तरीय

**● विद्यार्थी को कभी समस्या आए तब अन्तर्मन की प्रेरणा और आवाज को सुनेः डीएम**

मिशन पहचान परीक्षा के अन्तर्गत राजकीय बालिका इण्टर कालेज मे आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओ को सम्बोधित करते हुये कही।

जिला विद्यालय निरीक्षक ओ पी त्रिपाठी के निर्देशन में राजकीय बालिका इंटर कालेज में आयोजित जनपद स्तरीय मिशन पहचान परीक्षा में तहसील स्तरीय परीक्षा में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त कक्षा 6 से 12 तक के 132 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था।

जिसमे विजयी हुये छात्र-छात्राओ को जिलाधिकारी ने पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आशीष पाठक, वित्त एवं लेखाधिकारी संतोष मौर्य, डी0पी तिवारी, डॉ0 इसरार अहमद, भानु प्रताप सिंह, अरविंद कुमार सिंह, पूनम कनोजिया, राकेश ठाकुर सहित अनेक विद्यालय के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# जिले में समारोहपूर्वक मनाया गया यूपी स्थापना दिवस



बहराइच। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर उत्थान आडिटोरियम में आयोजित समारोह का मुख्य अतिथि मा. अध्यक्ष भरतेंदु नाट्य अकादमी डॉ. रतिशंकर त्रिपाठी ने एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, महसी के सुरेश्वर सिंह, सदर की श्रीमती अनुपमा जायसवाल, बलहा की श्रीमती सरोज सोनकर, नानपारा के राम निवास वर्मा, पूर्व सांसद

**● 57.8594 करोड़ लागत की 100 परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण**

अक्षयवर लाल गोंड, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, एसपी रामनयन सिंह, सीडीओ मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों के साथ फीता खोलकर तथा खुले आकाश में रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़कर समारोह का उद्घाटन किया। तत्पश्चात जनप्रतिनिधियों व अतिथियों के साथ सरस मेले में विभिन्न विभागों व स्वैच्छिक संगठनों, गैर सरकारी संस्थाओं व महिला समहों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

सरस मेले के अवलोकन के पश्चात लोकसभा क्षेत्र बहराइच अन्तर्गत विधानसभा बहराइच की रू. 11.1828 करोड़ लागत की 12, महसी की रू. 17.1577 करोड़ लागत की 20, बलहा की रू. 14.5094 करोड़ लागत की 54 व नानपारा की रू. 4.6639 करोड़ लागत की 05 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा बहराइच की रू. 11.4662 करोड़ लागत की 07, महसी की रू. 10.6764 करोड़ लागत की 25, बलहा की रू. 2.6788 करोड़ लागत की 08 व नानपारा की रू. 8.9261 करोड़ लागत की 10 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया।

इसी प्रकार लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज अन्तर्गत विधानसभा पयागपुर की रू. 10.3456 करोड़ लागत की 09 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं रू. 7.2698 करोड़ लागत की 19 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। समारोह के दौरान प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित प्रेरणा स्थल में उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ जी व देश के मा. गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। जिसे आडिटोरियम में मौजूद लोगों द्वारा सुना व देखा गया। समारोह में परिषदीय व माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं, संस्कृति विभाग की ओर से स्थानीय कलाकार जसवीर सिंह एण्ड ग्रुप, मेट्रो एकेडमी, स्थानीय कलाकारों तथा समाज कल्याण विभाग की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। 24-क्ले पिजन ट्रैप शूटिंग में शानदार प्रदर्शन के लिए अखण्ड प्रताप सिंह व एस-01-50 मी. राइफल प्रोन (एनआर) चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर अरूणेन्द्र प्रताप सिंह तथा भोपाल मध्य प्रदेश में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग में रिनॉउण्ड शूटर के रूप में चयनित होकर जनपद का नाम रोशन करने करने पर गगनदीप सिंह, मनमोहन सिंह व भूपेन्द्र प्रताप सिंह को सम्मानित किया गया।

## ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न

अयोध्या। नगर क्षेत्र अयोध्या में ब्लाक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन पी.एम.श्री. स्कूल अंगूरी बाग में किया गया, इस प्रतियोगिता में नगर क्षेत्र के जूनियर स्तर के 94 बच्चों ने प्रतिभाग किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र तारकेश्वर पाण्डेय ने बताया कि छात्र/छात्राओं में क्रिटिकल थिंकिंग, टीम वर्क, प्रतिस्पर्धात्मक भावना के विकास, आत्म विश्वास को बढ़ावा व भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु शासन के मंशानुरूप क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

संक्षेप

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 09/26 धारा 80, 85 बीएनएस व 3 डीपी एक्ट थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त गुलाबचन्द्र पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम सरैया कनू थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 32 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

## बालिका दिवस मना

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कमला नेहरू संस्थान के गृह विज्ञान विभाग में शनिवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस दिवस पर वाद हविवाद प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस दौरान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा दुबे ने छात्राओं को उद्बोधित किया। बताया कि वर्ष 2026 का फोकस बिंदु एक उज्जवल भविष्य के लिए बालिकाओं को सशक्त बनाना है। अतः राष्ट्रीय बालिका दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि एक संकल्प का दिन है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर बालिका को शिक्षा सुरक्षा और आत्मसम्मान का अधिकार मिले। यह दिवस बेटियों के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 24 जनवरी को मनाया जाता है। आयोजित प्रतियोगिता में विभाग की द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की नीलम रिंकी निषाद शालिनी जीनत व शिवानी सहित अन्य छात्राएं उपस्थित रहीं।

## जानलेवा हमले के आरोपी की जमानत मंजूर

**सुलतानपुर।** कुड़वार थाना क्षेत्र के बांसी गांव में 9 दिसंबर को हुए जानलेवा हमले के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार ने शुक्रवार को आरोपी सुलेमान उर्फ लल्लू की जमानत मंजूर कर ली। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अंकुर पांडेय की दलीलों से संतुष्ट होकर न्यायालय ने यह आदेश पारित किया। बांसी गांव निवासी इन्द्रदेव यादव ने अपने भाई कन्हैया यादव पर जानलेवा हमला करने के आरोप में गांव के सिराज, सलमान, शहजाद व सुलेमान उर्फ लल्लू के खिलाफ कुड़वार थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि खेत की रखवाली के दौरान हुए विवाद के बाद आरोपियों ने कन्हैया यादव पर जानलेवा हमला किया था।

## सूरज प्रेरणा महिला संकुल समिति का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित सूरज प्रेरणा महिला संकुल समिति, आयूबपुर का वार्षिक अधिवेशन शनिवार को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। समिति की वार्षिक आम सभा का आयोजन बगिया गांव में किया गया, जिसमें महिला सशक्तिकरण व आजीविका विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता संकुल संघ अध्यक्ष साधना ने की। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष शीला, सचिव पूनम, लेखापाल अंकिता सहित संकुल समिति के सभी पदाधिकारी, ग्राम संगठनों के पदाधिकारी, समूह पदाधिकारी एवं समस्त कैडर उपस्थित रहे। विकास खण्ड जयसिंहपुर से सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास) सहित सभी ब्लॉक मिशन प्रबंधक मौजूद रहे। ब्लॉक मिशन मैनेजर पवन कुमार सिंह, रमेश कुमार, सुभाष चंद्र भारती एवं अभिजीत चैहान ने मिशन की प्रगति पर अपने विचार रखे।

# सीएम के नेतृत्व में यूपी की बदल रही तस्वीर : मयंकेश्वर शरण

### उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर जनपद स्तरीय कार्यक्रम संपन्न




**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर जीआईसी ग्राउंड में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश थीम पर आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री एवं संसदीय कार्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग मयंकेश्वर शरण सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चैधरी, विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 24 जनवरी को प्रदेश के स्थापना दिवस (यू0पी0 दिवस) के अवसर पर प्रदेश के सभी जनपदों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यू0पी0 दिवस 2026 के आयोजन की थीम- विकसित उत्तर प्रदेश है, जो राज्य की समृद्ध विरासत और आधुनिक प्रगति को प्रदर्शित करेगा। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश का गठन हुआ था। वर्ष 2017 में सरकार बनने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्णय लिया कि उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश की लोक संस्कृति, संगीत और पारम्परिक कलाओं की झलक प्रस्तुत की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और समृद्ध बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चन्द्रा, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, उप निदेशक कृषि विनोद कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण, शिवेन्द्र सिंह, मुकेश श्रीवास्तव एवं विभिन्न विभागों के योजनाओं के लाभार्थीगण व जनसामान्य उपस्थित रहे।

# प्रेरणा दिवस के रूप में मनायी गयी कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**रायबरेली।** सविता समाज की ओर से पूर्व मुख्यमन्त्री स्वतन्त्र संग्राम सेनानी जननायक कपूरी ठाकुर की 102वीं जयन्ती प्रेरणा दिवस के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर एक गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे एवं लखनऊ से पधारे प्रख्यात चिकित्सक एवं वरिष्ठ समाजसेवी डा0 सी.के. वर्मा ने कहा कि कपूरी ठाकुर अपनी सादगी व संघर्ष की लोकप्रियता के कारण जननायक बने। नाई जाति में जन्म लेने वाले इस महानायक ने राजनीति को जनसेवा की भावना के साथ लिया। भारत छोड़ो आन्दोलन में वे 26 महीने जेल में रहे। शिक्षाविद् एवं समाजवादी नेता डा0 शशिकांत शर्मा ने कहा कि लोकनायक जय प्रकाश नारायण एवं डा0 राममनोहर लोहिया उनके गुरू थे। भारत रत्न कपूरी ठाकुर 1967 में बिहार के उपमुख्यमन्त्री व 1970 एवं 1979 में दो बार मुख्यमन्त्री बने। पालिकाध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने कहा कि कपूरी ठाकुर का मानना था कि देशवासियों को सदैव अपने अधिकारों को जानने के लिए जागरूक रहना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से अखिलेश मौर्या, हर्षित सविता, सचिन शर्मा, शुभम पाल, अरविन्द पाल, प्रमोद कुमार मौर्या, विपिन कुमार, संदीप प्रधान, दिवाकर नन्द, राकेश सविता, मोनू नन्द, सन्तोष वर्मा, हरिओम, आकाश नन्द सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस और राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**सलोन, रायबरेली।** सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कालेज में शनिवार को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्रार्थना स्थल पर प्रधानाचार्य अमित भारती ने मतदाता दिवस पर सभी छात्र छात्राओं से कहा कि आगामी चुनाव में जो बालिग हैं और मतदाता हैं वे अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करें। और जो 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर लिए हैं और अभी मतदाता नहीं बने हैं वे मतदाता बनने के लिए अपने क्षेत्र के बी एल ओ से मिलकर फॉर्म भर कर मतदाता बने। जो छोटे है वे अपने परिजनों को मतदान करने के लिए जरूर कहें। विद्यालय के नागरिक शास्त्र प्रवक्ता विनोद कुमार त्रिपाठी ने मतदाता दिवस की शपथ दिलाई ।इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी मिथलेश वर्मा, महेन्द्र सिंह, अजय सिंह, मोनिका दीक्षित, विजयलक्ष्मी, छाया वैश्य, प्रिया शुक्ला मौजूद रहे।

# वीबी जी राम जीअर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने की ठोस पहल है : सतीश शर्मा




**गौरीगंज, अमेठी।** जनपद मुख्यालय पर स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमन्त्री एवं प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण भारत अब केवल योजनाओं का लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास का भागीदार बन रहा है। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने की ठोस पहल है। उन्होंने कहा कि भाजपा का ग्रामीण विकास मॉडल जरूरत-केंद्रित सोच से आगे बढ़कर उत्पादकता, परिवर्तन और भविष्य-उन्मुख विकास पर आधारित है, जो सीधे विकसित भारत @2047 के लक्ष्य से जुड़ा हुआ है। प्रभारी मंत्री ने बताया कि श्इ-ऋ फ्अट ऋ विकसित भारत गारंटी का रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीणअधिनियम के तहत रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास को एकीकृत दृष्टि से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके अंतर्गत हर ग्रामीण परिवार को 125 दिन का सुनिश्चित रोजगार, बेहतर और अनुमानित आजीविका सुरक्षा, उच्च गुणवत्ता की स्थायी ग्रामीण परिसंपत्तियों का निर्माण, तकनीक आधारित पारदर्शिता से भ्रष्टाचार पर अंकुश, केंद्र-राज्य की जवाबदेह साझेदारी, ग्राम स्तरीय योजनाओं का राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर प्राथमिकताओं से समन्वय किया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त किया गया है, वहीं युवाओं को कौशल विकास और स्थानीय रोजगार से जोड़कर पलायन रोकने का प्रभावी कार्य किया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की मजबूत नींव सशक्त और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत है, और भाजपा उसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह सहित कार्यालय पर कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डिवाइडर से टकरायी बाइक, एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**अमेठी।** जिले के बाजार शुक्ल थाना क्षेत्र से गुजरने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक मामूली रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक ही बाइक पर सवार दो युवक लखनऊ की ओर से सुल्तानपुर की दिशा में जा रहे थे। जब उनकी बाइक पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन संख्या 63 के पास पहुंची, तभी तेज रफ्तार के कारण बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। हादसे की सूचना मिलते ही बाजार शुक्ल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे युवक को मामूली चोटें आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा ने बताया कि मृतक युवक की पहचान योगेंद्र यादव (22 वर्ष), पुत्र फूलचंद यादव, निवासी गुड़िला, थाना शाहगंज, जनपद जौनपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बाल श्रम के विरुद्ध छापेमारी, 7 नाबालिग कराये मुक्त

**अमेठी।** शासन के निर्देशानुसार बच्चों के दुव्यार्पार एवं बाल श्रम से संबंधित अपराधों की रोकथाम हेतु ह्लआपरेशन रक्षाह्व अभियान जनपद अमेठी में दिनांक 16 जनवरी 2026 से 30 जनवरी 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 24 जनवरी 2026 को जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार तथा उपजिलाधिकारी/प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस विभाग, बाल कल्याण समिति एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापेमारी एवं निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम द्वारा जायस, मोहनगंज एवं तिलोई बाजार, कस्बा क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों ,दुकानों पर नाबालिग बालक एवं बालिकाओं से कार्य कराए जाने का मामला सामने आया। कार्रवाई के दौरान 3 बालिकाएं एवं 4 बालक, कुल 7 नाबालिग, बाल श्रम में लिप्त पाए गए, जिन्हें तत्काल बाल श्रम से मुक्त कराया गया। मौके पर उपस्थित नाबालिगों के माता-पिता को बाल श्रम न कराने के संबंध में समझाया गया। अभिभावकों द्वारा भविष्य में बाल श्रम न कराने का संकल्प लिया गया तथा बच्चों को उचित शिक्षा दिलाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही संबंधित प्रतिष्ठान स्वामियों को सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में बाल मजदूरी कराते पाए जाने पर उनके विरुद्ध बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उक्त अभियान में बाल कल्याण समिति अमेठी के अध्यक्ष/सदस्य, संबंधित थानों की पुलिस टीम, मानव तस्करी रोधक इकाई (एएचटीयू) एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 अमेठी की टीम उपस्थित रही।

## एनएसपीएस में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर वाद - विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा और सशक्तिकरण विषय पर वाद - विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र - छात्राओं में जागरूकता और अभिव्यक्ति की क्षमता बढ़ाने के उद्देय से हुई प्रतियोगिता में छात्रा अन्वी, तावी, कुशाग्र और ध्रुव ने प्रतिभाग करते हुए प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किये। प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, तार्किक क्षमता और विषय की गहन समझ की सभी ने सराहना की। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने कहा कि बालिकाओं को समान अवसर, शिक्षा और सम्मान देना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्र - छात्राओं को लैंगिक समानता के प्रति संवेदनशील बनने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संयोजिका संचिता त्रिवेदी सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता में डीवीए बना विजेता

**सुलतानपुर (वीओएल)।** विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत की थीम पर जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक दिवसीय बालिका ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर की अगुआई में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजयुमों अध्यक्ष चंदन नारायन सिंह और विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय उपाध्याय आबकारी निरीक्षक ने मौजूद रहकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। स्टेडियम कोच प्रदीप यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें स्टेडियम, डीवीए, केशकुमारी और नारायनपुर की टीम ने जगह बनाई। पहला सेमीफाइनल नारायणपुर और स्टेडियम के बीच खेला गया जिसमें स्टेडियम ने तीन सेट के मुकाबले में 2-0 से जीत दर्ज की दूसरा सेमीफाइनल केश कुमारी और डीवीए के बीच खेला गया जिसमें डीवीए ने तीन सेट के मुकाबले में 2-1 से जीत हासिल की।

# एक शिक्षक छात्र के गुणों को निखार कर राष्ट्र के लिए समर्पित करता है : सीताराम वर्मा




**सुलतानपुर (वीओएल)।** भदैया क्षेत्र के जू. हाई स्कूल अभियाकलां के प्रांगण में प्रधानाध्यापकों एवं ग्राम प्रधान स्थानीय प्राधिकारी के निर्वाचित सदस्यों की ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सीताराम वर्मा मौजूद रहे। भदैयां विकास खण्ड के अभियाकला जूनियर हाईस्कूल प्रांगण मे ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र वर्मा की अध्यक्षता व खण्ड शिक्षा अधिकारी शिवशंकर मिश्र की अगुवाई मे आयोजित उन्नयन गोष्ठी मे विधायक सीताराम वर्मा ने कहा कि शिक्षक व छात्र का पवित्र संबंध हमारी गौरवशाली परंपरा रही है। एक शिक्षक छात्र के गुणों को निखारकर राष्ट्र के लिए समर्पित करता है। ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र वर्मा ने कहा कि गुरु की भूमिका ज्ञान के साथ देश की सभ्यता संस्कृति और परम्परा से शिष्यों को अवगत कराना भी है ताकि भविष्य की बुनियाद व मजबूत हो सके, बीइ ओ शिवशंकर मिश्र ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कर्मवीर कभी सम्मान का आकांक्षी नहीं होता इससे उसकी आदर्शवादिता प्रभावित होती है। उत्तर प्रदेशीय प्रा. शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने कार्यक्रम में उपस्थित विधायक लंभुआ एवं ब्लॉक प्रमुख भदैया का स्वागत करते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालय के शिक्षक एवं गांव के निर्वाचित प्रधान एवं जनप्रतिनिधि के सम्बन्ध एवं आपसी तालमेल से ही बेसिक शिक्षा के लक्ष्यों की प्राप्ति संभव है। विधायक लंभुआ ने इस अवसर पर जुडारा, अभियाकलां, लहिया जलपापुर, पखरौली, रुदौली, बेला सदा, जगदीशपुर, दिलावरपुर सहित दो दर्जन से अधिक प्रधानों को सम्मानित किया। संचालन राजकुमार यादव ने किया। इस दौरान प्रा. शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार उपाध्याय, जू. शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष कल्हूपाल, एआरपी, शैलेश कुमार, अजय कुमार, अखिलेश, अनुपम शुक्ला, अंजनी शर्मा, विष्णु शंकर उपाध्याय, जवी उल्ला, सत्यम विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# कटका खानपुर प्रधान को मिला खादी ग्रामोद्योग प्रोत्साहन



जिला संवाददाता (vol)

**कूरेभार, सुलतानपुर।** कूरेभार विकास खंड के कटका खानपुर ग्राम पंचायत की महिला प्रधान सरिता सिंह को खादी एवं ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर किए गए प्रयासों को सराहना मिली है। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी ग्रामोद्योग प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर ग्राम पंचायत के योगदान को सम्मानित किया गया। यह सम्मान वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रदान किया गया है।

आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने प्रशस्ति-पत्र दिया। बताते चले कि महिला प्रधान ने ग्राम सभा मे खादी एवं ग्रामोद्योग विकास तथा सतत स्वरोजगार प्रोत्साहन नीति के तहत खादी ग्रामोद्योग इकाइयों की स्थापना, विस्तार और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन हेतु प्रभावी पहल की गई। इससे ग्रामीणों को स्वरोजगार के नए अवसर मिले हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुभाष सिंह मिंटू एवं पंचायत से जुड़े लोगों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताया। उनका कहना है कि खादी ग्रामोद्योग न केवल आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देता है, बल्कि परंपरागत हुनर को भी नई पहचान देता है।

कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों ने भविष्य में भी इसी तरह सहयोग जारी रखने की बात कही। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सुलतानपुर द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति-पत्र मेक इन इंडिया की भावना को सशक्त करता है और ग्रामीण विकास की दिशा में एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम में सदर बिधायक राज प्रसाद उपाध्याय, लम्भुआ विधायक सीताराम वर्मा बीजेपी के जिला अध्यक्ष सहित जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## समस्याओं को लेकर अन्नदाता किसान यूनियन का एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** तहसील परिसर में शनिवार को अन्नदाता किसान यूनियन के बैनर तले किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर संगठन के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर प्रभात सिंह को 19 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने राजस्व, विद्युत, सिंचाई, पशुपालन, आवास, भूमि विवाद व जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी गंभीर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि तहसील क्षेत्र में कई किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आवास योजना व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। राजस्व अभिलेखों में त्रुटियों, वर्षों पुराने भूमि विवादों और पैमाइश के लंबित मामलों के कारण किसानों को बार-बार तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। संगठन ने गाटा संख्या से जुड़े पुराने विवादों, रास्तों पर अवैध कब्जे और नाली-खड़ंजा संबंधी समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित करने की मांग की। किसान यूनियन प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह विद्युत विभाग पर भी लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अघोषित कटौती, जर्जर तारों और ट्रांसफार्मर खराब होने से किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं। साथ ही पशुपालन विभाग से निराश्रित पशुओं व गौशालाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। हरिश्चंद्र शुक्ल जिला अध्यक्ष ने कहा कि तहसील व ब्लॉक स्तर पर कर्मचारियों की कार्यप्रणाली से आम जनता परेशान है, इसलिए जनसुनवाई को प्रभावी बनाया जाए और शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हो। एसडीएम प्रभात सिंह ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रियाज अहमद जिला उपाध्यक्ष, विजय शंकर जोरिया तहसील अध्यक्ष, मो यासीन खान ब्लाक अध्यक्ष, रामलखन पांडेय, प्रभात, रंजना सहित अन्नदाता किसान यूनियन के पदाधिकारी व किसान उपस्थित रहे।

## शुकुल बाजार क्षेत्र में अवैध कटान जारी, काजीपुर अमृतसर में तालाब के पास दो ट्रक लकड़ी डंप



**अमेठी।** शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में अवैध पेड़ों की कटाई और लकड़ी के भंडारण का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। महोना, दूधाधारी किसनी सौनां, बख्तावर नगर, कल्याणपुर आदि कई दर्जन गांवों में जो तराई क्षेत्र के किनारे बसे हुए हैं जहां खुलेआम कटान जारी है, वहीं ग्राम पंचायत काजीपुर अमृतसर के तालाब के पास करीब दो ट्रक लकड़ी अवैध रूप से डंप किए जाने की जानकारी सामने आई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह लकड़ी रात के अंधेरे में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और पिकअप वाहनों के जरिए लाकर जमा की गई ।स्थानीय लोगों के अनुसार, इस अवैध गतिविधि से क्षेत्र का हरित आवरण तेजी से कम हो रहा है। पेड़ों की कटाई से न केवल पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ रहा है, बल्कि जलस्तर और मिट्टी की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभागों को सूचना देने का दावा किया है, लेकिन अब तक मौके पर ठोस कार्रवाई होती नहीं दिखी। कुछ नागरिकों ने आरोप लगाया है कि लकड़ी का अवैध परिवहन संगठित तरीके से किया जा रहा है, जिससे यह आशंका गहराती है कि इस पूरे नेटवर्क को कहीं न कहीं संरक्षण मिल रहा है, हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है ।लोगों की मांग है कि वन विभाग और पुलिस संयुक्त रूप से क्षेत्र में छापेमारी कर डंप की गई लकड़ी को जब्त करें और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर

## न्याय पंचायत स्तरीय ग्राम शिक्षा चौपाल आयोजित

**सलोन, रायबरेली।** प्राथमिक विद्यालय मटका में न्याय पंचायत स्तरीय ग्राम शिक्षा चैपाल का आयोजन किया गया। जिसमें न्याय पंचायत के समस्त प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षक संकलन ने प्रतिभा किया साथ ही साथ ग्राम सभा मटका के गणमान्य लोग ग्राम प्रधान विजय कुमार अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति शिव प्रसाद वर्मा , पंचायत सचिव वीरेंद्र मौर्य , प्रधानाचार्य विवेक शुक्ला ने चैपाल के अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों पर चर्चा की गई और अभिभावकों को बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थित, दीक्षा कंटेंट के उपयोग आदि के विषय में जागरूक कराया गया साथ ही साथ विद्यालय में उपलब्ध पुस्तकालय, खेलकूद सामग्री आदि के बारे में भी अवगत कराया गया ।इस मौके सहायक अध्यापक अमरेश यादव, रीता द्विवेदी, राज कुमार सरोज, दिवेन्द्र कुमार गुप्ता, राज मणि पाल , आलोक शुक्ला, रमाशंकर आदि लोग उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस की रैतिक परेड का रिहर्सल अनुशासन और जोश के साथ पूर्ण

**रायबरेली।** आगामी 26 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय उत्साह के साथ तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में आज शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन, रायबरेली में गणतंत्र दिवस की रैतिक परेड का एक भव्य और विस्तृत रिहर्सल आयोजित किया गया। यह रिहर्सल मुख्य समारोह से ठीक पहले की अंतिम तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा था, जिसमें पुलिस बल की अनुशासित छवि और परेड की पूर्ण तैयारी का प्रदर्शन हुआ। परेड की कमान परेड कमांडर अमित सिंह (क्षेत्राधिकारी, लालगंज) द्वारा संभाली गई। रिहर्सल के दौरान विभिन्न टोलियों ने पूरे अनुशासन के साथ कदमताल, सलामी, ड्रिल, मार्च पास्ट और अन्य गतिविधियों का गहन अभ्यास किया। जवानों ने एक साथ कदम मिलाकर परेड की हर बारीकी को परफेक्ट करने का प्रयास किया, जिससे मुख्य दिवस पर कार्यक्रम बिना किसी कमी के संपन्न हो सके। ुलिस अधीक्षक डा यशवीर सिंह ने परेड ग्राउंड पर मौजूद रहकर हर गतिविधि की सूक्ष्म समीक्षा की। उन्होंने परेड की प्रगति, जवानों की तैयारी, ड्रिल की एकरूपता और अन्य व्यवस्थाओं पर गहन निरीक्षण किया। जहां आवश्यक सुधार की जरूरत दिखी, वहां संबंधित अधिकारियों को तत्काल दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने जवानों की मेहनत की सराहना की और कहा कि यह रिहर्सल मुख्य समारोह की सफलता की गारंटी है। रिहर्सल में ध्वज फहराने, राष्ट्रीय सलामी, मार्च पास्ट, टेबल मार्च और अन्य पारंपरिक कार्यक्रमों का पूरा अभ्यास किया गया। परेड ग्राउंड पर मौजूद सभी इकाइयों ने समयबद्ध तरीके से अपनी-अपनी भूमिका निभाई। साथ ही, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और अन्य आवश्यक तैयारियों का भी जायजा लिया गया ताकि 26 जनवरी को कोई असुविधा न हो।

# बच्चों व अभिभावकों को किया गया सम्मानित



**रायबरेली।** बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में शिक्षक की गुणवत्ता की जागरूकता के लिए न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चैपाल का आयोजन डीह विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय डीह प्रथम में किया गया। शिक्षा चैपाल के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान दयावती व विशिष्ट अतिथि बीइओ तरुण कुमार व प्रधान फूलचंद्र अग्रहरि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप जलाकर शुभारंभ किया।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फूलचंद्र अग्रहरि ने उपस्थित बच्चों के अभिभावकों से कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के लिए अच्छी सुविधा दी जा रही हैं शिक्षक अच्छे तरीके से पढ़ रहे हैं बच्चों को अधिक ज्ञान अर्जन हो इसके लिए कई तरह के टीएलएम के प्रयोग किया जा रहे हैं इसलिए आप लोग बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजें। तमाम बच्चे इन्हीं सरकारी स्कूलों से पढ़कर अच्छे-अच्छे पदों पर कार्यरत हैं। वहीं बीइओ तरुण कुमार ने प्राथमिक विद्यालय में चल रहे क्रियाकलाप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने चार्ट के माध्यम से यह भी बताया कि छोटे बच्चों की पढ़ाई किस तरह से बेहतर की जा सकती है। हमारे शिक्षक बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष कमलेश कुमार ओझा ने विद्यालय में विद्यालयों में चल रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी नोडल शिक्षक व प्राथमिक विद्यालय डीह प्रथम के प्रधानाध्यापक सुशील कुमार सिंह ने प्राथमिक विद्यालय में चल रही योजनाओं का सिलसिलेवार ब्योरा दिया और बताया कि बच्चों को एक बेहतर शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है आप सभी लोग बच्चों को निश्चित रूप से समय से विद्यालय भेजें। इस अवसर परबीइ ओ ने सभी को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर आरबी सिंह, सत्यानंद मिश्रा, अतुल मिश्रा, दिनेश कुमार, लिप्सा बारिक, सुनीता देवी, राज किशोर,अनुराधा मौर्य, निधि श्रीवास्तव, महेश कुमार जया सिंह, रीना, प्रतिभा सिंह,ममता, स्मिता समेत तमाम अभिभावक मौजूद रहे।

डीह विकास खंड के नगर पंचायत परशदेपुर कस्बे के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सभासद संदीप मोदनवाल की अध्यक्षता में शिक्षा चैपाल का आयोजन किया गया। आयोजित चैपाल में अशोक कुमार,प्रभाकर मिश्रा,जितेंद्र प्रताप सिंह,चंद्रजीत यादव,शैलेन्द्र कुमार,राजेंद्र कुमार व फागूपुर विद्यालय के समस्त अध्यापक व अभिभावक मौजूद रहे। वहीं विकास खंड छतोह के न्याय पंचायत बारा के विद्यालय में भी शिक्षा चैपाल का आयोजन किया गया। न्याय पंचायत बारा के समस्त विद्यालयों के प्रबंध समिति के सदस्य,अभिषेक सिंह, ग्रामीण बबलू पाल,आशीष सिंह, विमला देवी,राजेंद्र विश्वकर्मा व बड़ी संख्या में अभिभावक शामिल हुए।

संक्षेप

## चाकू सहित गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बन्ना रोड रेलवे लाईन के पास से एक अभियुक्त हाशिम पुत्र समशुद्दीन निवासी देशी शराब के ठेके के पास मोहम्मदाबाद थाना टूण्डला को गिरफ्तार किया गया, तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई है।

## बार एसो. की कार्यकारिणी का हुआ स्वागत

**मथुरा।** गोवर्धन के गाँव अडींग में शनिवार को मथुरा बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। पूर्व प्रधान मुनीश स्वरूप एडवोकेट के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, सचिव मनोज शर्मा, उपाध्यक्ष रामकृष्ण भारद्वाज, संयुक्त सचिव सुरेंद्र शर्मा सहित समस्त कार्यकारिणी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधान मुनीश स्वरूप एडवोकेट ने मथुरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह को 151 मीटर का साफा पहनाया। उन्हें 31 किलो की फूलों की माला और स्मृति-चिन्ह भी भेंट किए गए। समारोह में वक्ताओं ने अधिवक्ताओं की एकता, न्याय व्यवस्था को मजबूत करने तथा समाज में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर अपने विचार व्यक्त किए। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्र में मिले इस सम्मान के लिए आयोजन समिति का आभार जताया। इस अवसर पर वीरेंद्र स्वरूप एडवोकेट, गवेन्द्र पाल शर्मा (नीलम) एडवोकेट, राजन सिंह, राकेश शर्मा, बिजेंद्र सिंह, राजकुमार बंसल, रामनरेश, राकेश यादव, रूक्षर सैनी, सोनू शर्मा, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, संघ के गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का मथुरा और वृन्दावन दौरा

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन रविवार, 25 जनवरी को एक दिवसीय प्रवास पर मथुरा-वृन्दावन पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर पार्टी संगठन में उत्साह का माहौल है। शनिवार शाम भाजपा मथुरा महानगर के मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रातः 7:30 बजे नई दिल्ली से ग्रेटर यमुना एक्सप्रेस-वे के माध्यम से कार द्वारा मथुरा के लिए रवाना होंगे। प्रातः 9:30 बजे उनका आगमन बाजना कट पर प्रस्तावित है, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके उपरांत वे 9:40 बजे वृन्दावन कट के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रातः 10:00 बजे वृन्दावन कट पर भाजपा मथुरा महानगर द्वारा उनका अभिनन्दन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 10:15 बजे नितिन नबीन अक्षय पात्र चंद्रोदय मंदिर, वृन्दावन पहुंचेंगे, जहां वे प्रातः 11:00 बजे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ह्मन की बातह्व में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज के मंदिर पहुंचकर दर्शन एवं पूजा-अर्चना करेंगे। इसके पश्चात भोजन हेतु समय आरक्षित रहेगा। दोपहर में वे भाजपा विधायक राजेश चैधरी की माता जी के निधन पर उनके आवास पहुंचकर शोक-संवेदना व्यक्त करेंगे।

# प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर बीएसए कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के प्रभारी मंत्री / राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का फीता काटकर उद्घाटन / शुभारम्भ किया। उन्होंने बारी-बारी से विभागों की स्टॉलो का अवलोकन किया तथा उनके विभागों से संबंधित योजनाओं की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि योजनाओं का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कर तथा योजनाएं आमजन तक पहुंचे ये हम सभी की जिम्मेदारी है। आज 77वां उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस है, जिसकी थीम विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन यानी 24 जनवरी, 1950 को संयुक्त प्रान्त का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश किया गया था। मई 2017 में उत्तर प्रदेश सरकार ने घोषणा की कि प्रति वर्ष 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जायेगा। वर्ष 2018 से प्रति वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास के बिना भारत का विकास सम्भव नहीं है। भारत को विश्व शक्ति बनाने के लिए उत्तर प्रदेश का विकास जरूरी है। इसी के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश दिवस-2026 की थीम ह्यह्यविकसित उत्तर प्रदेश-विकसित भारत रखी गई है। उत्तर प्रदेश की स्थापना को एतिहासिक यादगार बनाने के लिए प्रदेश की सांस्कृतिक, सामाजिक व विकासात्मक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए आज ये भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल बसंत कुंज लखनऊ में विकसित भारत- विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश दिवस 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। लखनऊ ने आयोजित उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण बीएसए कॉलेज के सभागार में प्रभारी मंत्री / माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह जी, माननीय महापौर विनोद अग्रवाल जी, माननीय विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विशाल कुमार, सहायक श्रमायुक्त एम0एल0 पाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र सहित कॉलेज के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने देखा।

# कृषक इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टूंडला।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उप्र के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद के तत्वाधान में कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा टूंडला में स्वच्छ पर्यावरण व स्वास्थ्य के जनपद स्तरीय वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य रंगेश उपाध्याय व जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ ब्रजेश उपाध्याय पूर्व जिला पंचायत सदस्य फिरोजाबाद संतोष उपाध्याय पूर्व प्रधान पचोखरा सोनू परिहार प्रधान देवखेड़ा रंगेश उपाध्याय एवं अश्वनी कुमार जैन द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान से किया। इसके उपरांत विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वच्छ भारत पर एक नुक्कड़ नाटिका छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई। सभी अतिथियों ने सभी बाल वैज्ञानिकों के मॉडलों पोस्टरो का अवलोकन किया एवं उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। ब्रजेश उपाध्याय ने विज्ञान नाटिका के साथ सभी बाल वैज्ञानिकों के मॉडलों एवं पोस्टरों की सराहना करते हुए जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के कार्य की प्रशंसा की संतोष उपाध्याय ने सभी बाल वैज्ञानिकों के कार्यो की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सोनू परिहार ने सभी विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही व्याख्यानकर्ता राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी सुनील कुमार जैन व राष्ट्रीय कैडिट कोर के अधिकारी अमित उपाध्याय द्वारा स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 410 विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 76 छात्र- छात्राओं ने जागरूक मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें वायु प्रदूषण नियंत्रक वायु प्रदूषण तथा समाधान नवीकरण ऊर्जा, ऑटोमैटिक वाटर फार्मिंग सिस्टम, भूगर्भीय ऊर्जा पाचन तंत्र श्वसन तंत्र आदि मॉडल प्रस्तुत किए। इसके साथ ही 193 विद्यार्थियों ने स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन पर विभिन्न आकर्षक पोस्टर प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन गोकुल नाथ गौतम राजकुमार सिंह और दिनेश चाहर ने किया। विज्ञान नाटिका में अम्बिका शालिनी शिखा, सपना यादव निस्ता विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान सुमित कुमार, द्वितीय स्थान सनी एवं तृतीय स्थान अनुराग ने प्राप्त किया।

# खटवांग महाराज की जयंती मनायी गयी



**टूंडला।** गांव मोहम्मदाबाद में चक खटीक समाज के आराध्य श्री खटवांग जी महाराज की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। जिसमे खटीक समाज के लोगों के द्वारा श्री खटवांग महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आरती की और विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। इसके पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें समाज के लोगों द्वारा महाराज जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान अखिल भारतीय खटीक समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामतीर्थ सिंह चक ने कहा कि पूज्य खटवांग जी महाराज सूर्यवंश के अत्यन्त महाप्रतापी धर्म पारायण एवं सत्यवादी राजा थे जो भगवान श्री राम जी के पूर्वज और राजा रघु के पितामह थे उनको राजा दिलीप के नाम से भी जाना जाता है।महाराज खटवांग ने देवासुर संग्राम में देवताओं की सहायता की थी और असुरों को पराजित किया था जिससे प्रसन्न होकर देवताओं ने उन्हें वरदान मांगने को कहा था।जब देवताओं के माध्यम से ज्ञात हुआ कि उनकी आयु मात्र एक मुहूर्त शेष है तो उन्होंने सब कुछ छोड़ कर विष्णु भगवान की स्तुति की और तुरंत बैकुंठ धाम प्राप्त किया था। विष्णु पुराण और श्री मद्भागवत में उनके त्याग और समर्पण की कथा का विशेष उल्लेख मिलता है। इस दौरान लोकेंद्र सिंह पोनियां, राजेंद्र सिंह चक, अजय चक, राज कुमार, चक, उदय प्रताप वर्मा, विनोद चक, दीपक चक, राकेश चक, गिरेन्द्र सिंह चक, मुन्ना लाल चक, नरेंद्र चक, सतीश कुमार चक, जगदीश चक, विपिन खटीक, महावीर सिंह चक, देवांशू प्रताप सिंह चक, वंश कुमार, राजीव कुमार, मनोज चक, आदि लोग मौजूद रहे।

# सोना-चांदी के बढ़ते भाव से दिवालिया होने के कगार पर आगरा के बुलियन व्यापारी

**आगरा।** चांदी और सोने के बढ़ते भाव ने आगरा के बुलियन व्यापारियों को दिवालिया होने पर मजबूर कर दिया है। सरार्फा बाजार से व्यापारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पता चला है कि आगरा बाजार के प्रतिष्ठित बुलियन कारोबारी जिसका भारत के सभी शहरों में बुलियन का कारोबार है। बताया गया है कि प्रतिष्ठित बुलियन कारोबारी ने 40 से 50 टन चांदी नीचे के भाव में बुलियन व्यापारियों को बेच दी। सरार्फा व्यापारियों ने डिलीवरी मांगी तो कारोबारी ने भाव तेजी से बढ़ जाने के कारण सभी जगह अपने ऑफिस बंद कर डिलेवरी का भुगतान करने से मना कर दिया है। बाजार के लोगों ने बताया है कि छोटे व्यापारियों को नीचे भाव का सौदा उठा कर के लिए हुए ऑर्डर का भुगतान करना है वहीं बड़े कारोबारी ने दिए गए ऑर्डर का सौदा देने से मना कर दिया है। कुछ बुलियन व्यापारियों का कहना है कि जो पायल और चेन का व्यापार करते हैं वो बुलियन व्यापारी पर दवाब बना रहे हैं कि 4 महीने पहले जो भाव था वही भाव से आप हमारा हिसाब-किताब खत्म कर दो। जिसके विपरीत एमसीएक्स डब्बा संचालक का कहना है कि आप हमारा हिसाब आज के भाव से ही करो। इस सब के बीच बुलियन व्यापारियों का मरना हो गया है। सरार्फा व्यापारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि सिंडिकेट रूप में चल रहे आगरा में अवैध डब्बा कारोबार में आगरा के छोटे बड़े करीब 15 से 20 डब्बा संचालक है जो हर दिन हजारों-करोड़ों के सोने चांदी के सौदे लिख रहे हैं। ज्वैलर्स और बुलियन व्यापारी के अनुसार पिछले डेढ़ महीने में सोने चांदी का व्यापार करने वाले छोटे बड़े व्यापारी 2000 करोड़ से ज्यादा रुपया डब्बा संचालकों को भुगतान कर चुके हैं। व्यापारियों का कहना है कि मौजुदा हालत देख कर आज भी आगरा सरार्फा बाजार पूरी तरह से डब्बा संचालक के हाथो में है भाव के तेजी से बढ़ जाने के कारण पूरा सरार्फा इनके दबाब में घुट रहा है। बताया गया की संचालक कोई दुबई से और कोई बैंकॉक से ये नेटवर्क चला रहा है। कोई कार्यवाई की धमकी देता है तो कोई बड़े विदेश में संचालक का रौब दिखाता है बोलता है कि आप लोग हमारा कुछ नहीं कर सकते हमारी पहुंच बहुत ऊपर तक है।

# हर्षोल्लास से मनाया गया बालिका दिवस



**फिरोजाबाद।** जनपद में भारत सरकार व निदेशालय महिला कल्याण उप्र शासन लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला प्रोबेशन अधिकारी फिरोजाबाद के निर्देशन में जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की अधिकारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम आकाशा, मिशन शक्ति महिला कल्याण विभाग फिरोजाबाद एवं अकाउंट अस्सिटेंट मोहिनी शर्मा द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के शुभ अवसर पर जनपद के प्रतिष्ठा इंटर कॉलेज में हर्ष उल्लास के साथ बालिकाओं को संबोधित और जागृत करते हुए मनाया गया। इस कार्यक्रम की पहल मौलाना आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज फिरोजाबाद में बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं बाल अधिकार और बाल विवाह की रोकथाम आदि से संबंधित कई विषयों पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, सिलाई प्रतियोगिता एवं ग्लास पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज की विभिन्न छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवं अपने विचारों को कलाओं के माध्यम से उकेरा और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। साथ विद्यालय में हैंड मेड खाद्य पदार्थ जैसे जैम जेली अचार चटनी चिप्स आदि, हैंडीक्राफ्ट एंब्रोस पेंटिंग, सिलाई कढ़ाई बुनाई आदि आर्ट एवं क्राफ्ट वर्कशॉप की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसमें बालिकाओं द्वारा अपने हुनर के माध्यम से बेटी किसी से कम नहीं है, वह हर क्षेत्र में कार्य कर रही है से संबंधित नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया। इस कार्यक्रम में अनम अकाशा डीएमसी डी एच ई डब्लू अधिकारी फिरोजाबाद द्वारा समस्त को कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा गया कि बालिकाएं यदि कोई कौशल सीख रही हैं तो उसे सिर्फ सीख कर जंग नहीं लगानी है बल्कि उन्हें निरंतर बेहतरीन करने के प्रयास में जुड़ना है और अपने कौशल को रोजगार से जोड़ना है इस उद्देश्य से निरंतर आगे बढ़ते रहना है और समाज की अन्य महिलाओं एवं बालिकाओं को आगे यह हुनर प्रदान करना है, तभी सही मायने में नारी सशक्तिकरण का अर्थ सिद्ध हो पाएगा। इसी क्रम में अकाउंट अस्सिटेंट मोहिनी शर्मा ने समस्त को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह की रोकथाम पर शपथ करायी। इस कार्यक्रम में एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार से ग्लास उद्योग जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. ज्योति ने सभी बालिकाओं को ग्लास पेंटिंग पर ट्रेनिंग दी एवं उनके साथ सबोर्डिनेट हेमलता द्वारा ग्लास पेंटिंग के विभिन्न प्रकारों एवं विशेषताएं बताते हुए रोजगार से किस प्रकार जुड़ सकते हैं।

# आगरा को हरा कानपुर टीम ने 172 रन से जीता तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच

**टूंडला।** स्वर्गीय श्री हरी शंकर दीक्षित स्मृति क्रिकेट टूनार्मेंट के अन्तर्गत शनिवार को तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच कानपुर और आगरा के मध्य खेला गया जिसमें टॉस कानपुर के कप्तान जहीर ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया जिसमें पहले खेलते हुए 20 ओवरों मैं सभी विकेट खोकर 248 रन बनाए जिसमें सर्वाधिक रन सलमान ने धुआंधार पारी खेली 45 बोल में 128 रन बनाएं आगरा की तरफ से गेंदबाजी करते हुए दीपक ने 2 व धर्मेन्द्र ने 2 विकेट लिए जवाब में खेलने उतरी आगरा की टीम ने 13 ओवरों मैं सभी विकेट खोकर 76 रन बनाए इस तरह कानपुर ने 172 रन से यह मैच जीता मैन ऑफ द मैच तेजराम मीणा द्वारा सलमान को दिया गया आज मैच की अंपायरिंग प्रेम सागर लल्ला और अकील जाविद ने की मैच के दौरान आयोजक डीके दीक्षित, गुड्डा दीक्षित, अजय राज दीक्षित जावेद अली संजय मेवाती अंकुर गौरव, दीपा सैनी, योगी पंडित पैट्रिक डोसान पप्पू भाई मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने ग्राम चौपाल लगाकर वी बी जी राम जी को लेकर किया जागरूक

**टूंडला।** विधानसभा टूंडला के पचोखरा मण्डल के ग्राम घिरौली में वीबी जी राम जी विषयांतर्गत ग्राम चौपाल मण्डल अध्यक्ष महावीर सिंह मण्डल महामंत्री ब्रजवीर सिंह चौहान व अजीत सिंह जुरैल के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा लोकसभा प्रत्याशी विश्वदीप सिंह तोमर व जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत मुख्य अतिथि का स्वागत कर की गई। जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने उपस्थित ग्रामवासियों व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वीबी जी राम जी एक जनकल्याणकारी पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से गाँवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने, स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और ग्रामीण लोगों के जीवन स्तर को सुधारने पर जोर दिया जाएगा।



वीबी जी राम जी के अंतर्गत स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य आजीविका और डिजिटल सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुधार लाने की कोशिश की जाएगी। विश्वदीप सिंह ने अपने उद्बोधन के कहा कि यह पहल ग्रामीण युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के अवसर प्रदान करने में भी सहायक होगी। वीबी जी राम जी ग्रामीण विकास को गति देने, आत्मनिर्भर गाँवों के निर्माण और संतुलित राष्ट्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चौपाल में जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष हनुमत सिंह बघेल विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा मण्डल प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सचिन जैन ग्राम प्रधान अरविंद सिंह बूथ अध्यक्ष घनश्याम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष राजीव गंगवारुशीलेंद्र धाकरे सतेंद्र बघेल जितेंद्र कान्हा राकेश अर्जुन सिंह आदित्य प्रताप ब्रजराज सिंह, नारायण सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# धनगर समाज से पुलिस की धक्कामुक्की- खींचतान



**मथुरा।** वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट के ध्वस्तीकरण और लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को क्षति पहुंचाए जाने के विरोध में दिल्ली कूच कर रहे धनगर समाज के लोगों और पुलिस में जमकर खींचतान हुयी। धनगर समाज द्वारा दिल्ली कूच का ऐलान किया गया था। घोषणा की थी कि वह घटना के विरोध में बनारस के सांसद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास का घेराव करेंगे।

शनिवार कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में धनगर समाज के लोग डैंपियर नगर स्थित अहिल्याबाई होल्कर पार्क में एकत्रित हुए। यहां उनकी प्रतिमा का पूजन किया गया। इसके बाद प्रदर्शनकारी दिल्ली कूच के लिए आगे बढ़ने लगे तो वहां मौजूद शहर कोतवाली पुलिस ने रस्सी डालकर उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान काफी देर तक पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का मुक्की और खींचतान होती रही। स्थिति तनावपूर्ण होने पर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए सुरेश बघेल, रूपेश धनगर और जीतू को हिरासत में लेकर पुलिस जीप से थाने भेज दिया। इसके बावजूद कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिल्ली कूच पर अड़े रहे। इस दौरान उनकी शहर कोतवाली पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। मौके पर सीओ सिटी समेत आसपास के थानों का पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को जबरन अहिल्याबाई होल्कर पार्क वापस भेज दिया, जहां वे धरने पर बैठ गए। धरने के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने पुलिस कार्रवाई पर कड़ा विरोध जताते कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना हर नागरिक का अधिकार है और इसे कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने आरोप लगाया पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के साथ अभद्रता, बदसलूकी, खींचतान और गाली-गलौज की, यहां तक कि जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया गया। उन्होंने इसे तानाशाही करार देते हुए कहा कि उप्र सहित पूरे देश में लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है। उन्होंने अहिल्याबाई प्रतिमा पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# मुठभेड़ में तीन लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, अवैध असलहा बरामद

**मथुरा।** थाना महावन पुलिस एवं एंटी रिवॉर्डेड टीम द्वारा लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी, मोबाइल फोन, महिला पर्स, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा अवैध असलहे बरामद किए हैं। सीओ महावन श्वेता शर्मा ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना महावन पुलिस व एंटी रिवॉर्डेड टीम द्वारा बरेली हाईवे स्थित सर्विस रोड, चिंताहरण मंदिर मोड़ पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार तीन अभियुक्तों ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गए, जबकि तीसरे को मौके से दबोच लिया गया। घटना में घायल अभियुक्त किशनवीर पुत्र हेत सिंह निवासी गांव परौली सुहागपुर थाना जैथरा जनपद एटा, रोहित उर्फ रोहिताश पुत्र भूरी सिंह निवासी मैदुआ थाना बल्देव को उपचार हेतु जिला अस्पताल मथुरा भेजा गया है जबकि तीसरे अभियुक्त वरुण पुत्र मोहन सिंह निवासी गांव सोलना थाना सदर आगरा हाल निवासीगण किराये का मकान महेश नगला चन्द्रभान थाना हाइवे को पुलिस ने सुरक्षित हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूट की घटनाओं से संबंधित कुल 2100 रुपये, रेडमी व ओप्पो कंपनी के मोबाइल फोन, एक लेडीज पर्स, दो अवैध तमंचे 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस तथा लूट में प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना महावन में पूर्व से ही लूट के मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना महावन पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस सफल अभियान को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में थाना महावन व स्पेशल टास्क रिवॉर्डेड टीम के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

# आईओसी रिफाइनरी में हुआ ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का प्रदर्शन

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश दिवस एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (मथुरा रिफाइनरी) परिसर में नागरिक सुरक्षा विभाग मथुरा द्वारा हवाई हमले से बचाव हेतु ब्लैकआउट मॉक ड्रिल का भव्य एवं सजीव काल्पनिक प्रदर्शन किया गया।

इस मॉक ड्रिल का आयोजन जिलाधिकारी/नियंत्रक नागरिक सुरक्षा चन्द्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देशन में किया गया। ड्रिल में मथुरा रिफाइनरी स्टाफ, अग्निशमन विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, डीडीएमए, एसडीआरएफ सहित सभी आपातकालीन सेवाओं ने समन्वित सहभागिता की। ड्रिल के दौरान हवाई हमले के पीले, लाल एवं हरे संकेतों के माध्यम से आमजन को सतर्कता, शरण लेने, राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास कराया गया। सायरन बजते ही नागरिकों ने सुरक्षित स्थानों पर शरण ली। फायर फाइटर टीमों ने आग पर काबू पाया, फर्स्ट एड टीम ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया तथा गंभीर घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। कार्यक्रम में कल्याण सेवा से मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा, हताहत सेवा से मुख्य चिकित्साधिकारी, अग्निशमन सेवा से मुख्य अग्निशमन अधिकारी मथुरा, तथा संचार/प्रशिक्षण सेवा से सहायक उपनियंत्रक (व०वे०) नागरिक सुरक्षा की सक्रिय भूमिका रही। अपर जिलाधिकारी/प्रभारी उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में सभी कमांडिंग अधिकारियों ने अपने दायित्वों का सफल निर्वहन किया। इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से अनिल कुमार (सीजीएम-एचआर), ए.के. मिश्रा (सीजीएम), रजनीश तिवारी (डीजीएम फायर) एवं उनके अधीनस्थों ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। नागरिक सुरक्षा वार्डेन सेवा से भारतभूषण तिवारी (डिवीजनल वार्डेन), राजेश मित्तल (डिप्टी डिवीजनल वार्डेन), दीपक कुमार बैंकर, डॉ. महेश शर्मा, अशोक यादव, पवन शर्मा, ताहिर खान, यतेन्द्र, नितिन सोनी, सुनैना गुप्ता, शैली अग्रवाल सहित अन्य वार्डेन व स्वयंसेवकों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का संचालन नीरज श्रीवास्तव, सहायक उपनियंत्रक (व०वे०) नागरिक सुरक्षा द्वारा किया गया।

# हर्षोल्लास व भव्यता से मनाया गया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

**फिरोजाबाद।** जनपद में 77 वां उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया, इस विशेष अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, गौरवशाली परंपरा और कला का शानदार प्रदर्शन किया गया, प्रदेश की संस्कृति की परंपरा का निर्वहन करते हुए सर्वप्रथम मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया, साथ ही साथ इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी मुख्य अतिथि और विशेष अतिथियों द्वारा किया गया, इन प्रदर्शनियों में पर्यटन एवं उद्योग विभाग द्वारा जनपद की बढ़ती औद्योगिक क्षमता और पर्यटन स्थलों का प्रदर्शन किया गया, जबकि एनआरएलएम और मिशन शक्ति के प्रदर्शनियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की झलक दिखाई गई, कृषि क्षेत्र में अपनाई जा रही आधुनिक तकनीक और उपलब्धियों से संबंधित स्टॉल भी लगाई गई। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि राकेश गर्ग अध्यक्ष उप्र लघु उद्योग निगम लि. कानपुर ने कहा कि आज उप्र की अर्थव्यवस्था निरंतर मजबूत हो रही है, सुदृण कानून व्यवस्था के कारण एक भयमुक्त समाज का निर्माण संभव हुआ है, जो निवेश और प्रगति के लिए अनिवार्य हैं, विद्युत क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव उपस्थित हुए हैं, अब 22 से 23 घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है, साथ ही साथ रोड कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, बिजली और सड़के किसी भी राज्य की प्रगति का आधार स्तंभ होते हैं, प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 52 हजार से बढ़कर एक लाख के ऊपर निकल गई है, राज्य में पर्यटन क्षेत्र में क्रांतिकारी वृद्धि हुई है, विशेषकर ग्रामीण पर्यटन और धार्मिक पर्यटन में नए कीर्तिमान स्थापित कियें है, सरकार की प्रभावी उद्यमी नीतियों



के कारण युवा आज जॉब सीकर के बजाय जॉब प्रोवाइडर बन रहे हैं। अंत में उन्होंने नागरिकों और जिम्मेदार पदों पर आसीन व्यक्तियों से अपील की है कि जिसे जो भी कार्य सौंपा गया है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऐं तभी एक सशक्त प्रदेश और समग्र राष्ट्र का निर्माण सुनिश्चित होगा।

इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि मैं यूपी स्थापना दिवस के अवसर पर सभी जनपद वासियों को बधाई देता हूं, उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रशासन का मुख्य लक्ष्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, जनपद में कृषि, उद्योग और एनआरएलएम के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है, उन्होंने आगे कहा कि सड़क, बिजली और सुरक्षा के मोर्चे पर जो ऐतिहासिक सुधार हुए है, हम उन्हें स्थानीय स्तर पर और अधिक सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर मेयर कामिनी राठौर ने कहा कि उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है, वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने भी प्रदेश के स्थापना दिवस पर सभी जनपद वासियों को बधाई दी और यह आशा और विश्वास भी व्यक्त किया कि हम सब मिलकर प्रदेश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने भी जनपद की विकास यात्रा के संबंध में विस्तृत रूप से बताया, उन्होंने कहा कि जनपद में जल भराव वाली 1800 सड़कों में से 1200 सड़कों को ठीक कराया गया, सिरसा नदी का पुनरोद्धार किया गया, ढाई सौ ग्रामीण पुस्तकालयों का निर्माण किया गया, जहां पर 100 बच्चों का चयन विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में हुआ है, यह संपूर्ण कार्यक्रम उद्यान विभाग के प्रांगण में किया गया, यहां पर स्कूली बच्चों ने भी अपने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों का मन मोह लिया, कार्यक्रम का सजीव प्रसारण लखनऊ से देखा गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां पाने वाले लोगों को मुख्य अतिथि के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इनमें खेल के क्षेत्र में इशिता शर्मा, शिक्षा के क्षेत्र में मनीष शर्मा, तकनीकी एवं परंपरागत कृषि के क्षेत्र में लोकेश कुमार, प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में सचिन कुमार मधुमक्खी पालन में रिंकी देवी, उद्यान के क्षेत्र में राकेश, उद्योग के क्षेत्र में मुकेश बंसल टोनी, हेमंत अग्रवाल बल्लू बिन्नी मित्तल, राजीव अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, हनुमान प्रसाद गर्ग, सिंह राज, राजन सिंह, प्रतीक शर्मा मुख्यमंत्री पुरस्कार प्राप्त करने वाले ग्राम पंचायतों के प्रधान एवं सचिव सोनी देवी पुष्पेंद्र कुमार रहे।

## संक्षेप

### ट्रंप के व्यवधानों के बावजूद वैश्विक वृद्धि मजबूत

दावोस। दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में प्रमुख वैश्विक आर्थिक नीति निर्माताओं ने देशों और व्यवसायों से आग्रह किया कि वे ट्रंप प्रशासन के साथ एक सप्ताह से जारी टकराव से पैदा हुई उथल-पुथल को दरकिनार करें। उन्होंने कहा कि इसकी जगह वृद्धि को बढ़ावा देने तथा असमानता से लड़ने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि व्यापार का प्रवाह जारी रहेगा और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की अभी भी सख्त जरूरत है। यूरोपीय सेंट्रल बैंक (ईसीबी) की प्रमुख क्रिस्टीन लेगार्ड, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की प्रमुख ने एक समूह चर्चा में कहा कि तमाम शोर-शराबे के बावजूद वैश्विक अर्थव्यवस्था अप्रत्याशित मजबूती दिखा रही है। लेकिन, जहां एक ओर वृद्धि की गति बनी हुई है, वहीं सरकारी कर्ज के चिंताजनक स्तर और असमानता जैसी समस्याएं भी मंडरा रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों के कारण पैदा हुए व्यवधानों के बावजूद यह मजबूती बनी हुई है। ट्रंप ने इस सप्ताह के दौरान उन देशों पर शुल्क लगाने की धमकी देकर माहौल गरमा दिया था, जो ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जे की योजना के खिलाफ थे। हालांकि बाद में उन्होंने इस प्रस्ताव को वापस ले लिया। नीति निर्माताओं ने कहा कि अब दुनिया भर में भारी कर्ज की भरपाई के लिए वृद्धि को बढ़ावा देने और कृत्रिम मेधा जैसी विघटनकारी तकनीकों का सही इस्तेमाल करने पर ध्यान देना चाहिए। इसके अलावा, यूरोप को उत्पादकता बढ़ाने और निवेश के लिए अपने कारोबारी माहौल में सुधार करने की जरूरत है। जॉर्जीवा ने कहा कि आईएमएफ ने इस साल के लिए वृद्धि अनुमान को बढ़ाया है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है और आत्मसंतुष्टि में नहीं पड़ना चाहिए।

### इंश्योरेंस आधारित निवेश विकल्प दे सकते हैं स्थिरता

नयी दिल्ली। वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता बनी हुई है। ऐसे समय में इंश्योरेंस आधारित निवेश विकल्प लंबे समय के निवेश पोर्टफोलियो में एक स्थिर घटक के रूप में उभर रहे हैं। ये प्लान्स सुरक्षा प्रदान करते हैं, भविष्य की योजना बनाने में मदद करते हैं और विकास में भागीदारी का अवसर भी देते हैं। बंधन लाइफ इंश्योरेंस के अनुसार, बीमा में यूलिप जैसे प्लान्स खास तौर पर उन लोगों के लिए संतुलन प्रदान कर सकते हैं जो अपनी कमाई के सबसे अच्छे वर्षों में हैं और भविष्य के लिए मजबूत वित्तीय आधार बनाना चाहते हैं। बाजार में उतार-चढ़ाव आता रहता है, लेकिन वित्तीय योजना स्थिर होनी चाहिए।

### निक ने बच्चों को दिया अपना किड्स्टट्यूशन पेश करने का मौका

बंगलुरु। गणतंत्र दिवस के मौके पर निक ने बच्चों और उनके परिवारों को एक खास मंच दिया, जहां बच्चों ने बॉम्बे हाई कोर्ट में अपनी खुद की किड्स्टट्यूशन पेश की। इस अनोखी पहल के जरिए बच्चों ने भारत को और खुशहाल व दयालु बनाने के लिए अपने विचार खुलकर सामने रखे। चीकू और बंटी जैसे अपने पसंदीदा निकटून्स के साथ, उत्साह से भरे बच्चों ने मजेदार लेकिन अहम मुद्दों पर अपनी राय रखी। थाली में लौकी से छुट्टी की मांग से लेकर खेलने के लिए ज्यादा जगह, पढ़ाई का कम दबाव, माता-पिता के साथ ज्यादा समय और सभी जीवों के प्रति दया ये सब बच्चों की किड्स्टट्यूशन का हिस्सा रहे।

### पीडब्लू के संस्थापक अलख पांडे हुए सम्मानित

नोएडा। पीडब्लू के संस्थापक और टीचर, अलख पांडे को प्रतिष्ठित यूपी गौरव सम्मान दिया। यह सम्मान उन्हें अपनी उद्यमिता की भावना और राज्य को दी गई अपनी सेवा के लिए प्राप्त हुआ है। अलख सर के नाम से मशहूर, अलख पांडे को यह पुरस्कार प्रयागराज की गलियों से भारत की प्रमुख सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनियों में से एक का नेतृत्व करने तक के अपने सफर तथा सामाजिक कल्याण और राष्ट्र निर्माण की प्रतिबद्धता के लिए दिया गया है। यह पुरस्कार उन्हें यूपी दिवस के अवसर पर राजधानी में आयोजित भव्य समारोह के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने दिया। एक बड़े पब्लिक कॉर्पोरेशन का नेतृत्व करने के बाद भी अलख सर ने उत्तर प्रदेश में अपनी जड़ों को भुलाया नहीं और उन्होंने यहाँ पर परोपकार का काम जारी रखा।

# डब्ल्यूईएफ में भारत ने दिखायी उम्मीद की किरण

दावोस। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की पांच दिवसीय वार्षिक बैठक दावोस में हुई। बैठक का समापन दुनिया में बढ़ते संघर्षों, संरक्षणवाद, बढ़ते सरकारी कर्ज, गलत सूचनाओं, घटते भरोसे, एआई के जोखिमों और आर्थिक सुस्ती के प्रति चेतावनी के साथ हुआ।

इन सबके बीच भारत ने उम्मीद की एक किरण जगाई। भारत के राजनीतिक और कारोबारी दिग्गजों ने दुनिया के सामने भारत में और भारत के साथ व्यापार करने का पुरजोर पक्ष रखा। इस सम्मेलन में 64 देशों के राष्ट्राध्यक्षों या शासनाध्यक्षों ने भाग लिया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने जाने-पहचाने अंदाज में लगभग हर किसी की आलोचना करते हुए सुर्खियों में छाए रहे। दूसरे देशों के नेताओं ने भी पलटवार किया, हालांकि उनमें से अधिकांश का लहजा विनम्र था। ट्रंप




गाजा और यूक्रेन के लिए अपनी शांति योजनाओं पर कुछ प्रगति करते नजर आए। उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की और इसे एक अच्छी बैठक बताया। साथ ही, उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पास एक दूत भेजकर यह संदेश दिया कि युद्ध अब समाप्त होना चाहिए। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बारे में ट्रंप ने कहा कि मोदी उनके दोस्त हैं और जल्द ही एक अच्छा समझौता होगा। भारत के कम से कम दस राज्यों ने निवेश के लिए अपनी प्रदर्शनी लगाई और करोड़ों रुपये के निवेश प्रतिबद्धताओं की घोषणा की। हालांकि, कुछ राज्यों ने आंकड़ों की घोषणा करने से परहेज किया, क्योंकि अक्सर यह सवाल उठते रहे हैं कि विदेशी धरती पर हस्ताक्षरित इन समझौता ज्ञापनों (एमओयू) में कितने वास्तव में धरातल पर उतरते हैं। नाम न छापने की शर्त पर कुछ व्यापारिक और सरकारी नेताओं ने कहा कि ये आंकड़े अक्सर सुर्खियां बटोरने और बड़े राज्य प्रतिनिधिमंडलों द्वारा किए गए भारी खर्च को सही ठहराने के लिए बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए जाते हैं। सकारात्मक पक्ष यह रहा कि भारत की वृद्धि गाथा मजबूत बनी रही और कई विदेशी नेताओं ने भारत और वहां व्यापार की संभावनाओं पर गहरा भरोसा जताया। सत्ताधारी एनडीए गठबंधन से जुड़े भारतीय नेताओं ने इसका श्रेय सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व और आर्थिक नीतियों को दिया, जबकि अन्य ने इसे देश और इसकी अर्थव्यवस्था की आंतरिक शक्ति बताया। आयोजक विश्व आर्थिक मंच ने कहा कि दशकों की सबसे जटिल भू-राजनीतिक पृष्ठभूमि में आयोजित यह बैठक दुनिया के सामने मौजूद सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों पर प्रगति करने और संवाद के लिए एक आवश्यक मंच साबित हुई।

# इस्पात उद्योग ने हरित स्टील को बढ़ावा देने के लिए बजट में मांगी सहायता

नयी दिल्ली। आगामी केंद्रीय बजट से पहले घरेलू इस्पात उद्योग ने सरकार से हरित इस्पात को बढ़ावा देने के लिए जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है। हरित इस्पात कार्बन उत्सर्जन कम करने के भारत के प्रयासों के तहत एक प्रमुख क्षेत्र है। उद्योग से जुड़े पक्षों ने सरकार से हरित इस्पात उत्पादन में कबाड़ के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए भी उपाय करने का आग्रह किया है। हरित इस्पात उत्पादन में कम कार्बन उत्सर्जन वाली तकनीकों और वैकल्पिक कच्चे माल के अधिक उपयोग पर जोर दिया जाता है।

भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) ने अपनी बजट पूर्व मांगों में हरित इस्पात उत्पादन के लिए कबाड़ के उपयोग को प्रोत्साहित करने वाले उपायों की मांग की है। उद्योग निकाय ने सरकार से जीएसटी के तहत रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म (आरसीएम) को पूरी



धातु कबाड़ आपूर्ति श्रृंखला पर लागू करने का भी आग्रह किया है। इसका उद्देश्य कर चोरी रोकना, अनुपालन को सरल बनाना और कारोबार सुगमता में सुधार करना है। जीएसटी के तहत रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म कुछ अधिसूचित वस्तुओं या सेवाओं के लिए कर भुगतान की जिम्मेदारी आपूर्तिकर्ता से प्राप्तकर्ता (खरीदार) पर स्थानांतरित कर देता है। जैसे-जैसे वैश्विक बाजार कम-कार्बन सामग्री की ओर बढ़ रहा है, खरीद प्रतिस्पर्धा का अहम मानक बनती जा रही है। हरित इस्पात को बढ़ावा देने का ढांचा खरीदारों के लिए स्पष्टता और विश्वसनीयता का मजबूत आधार देता है। यदि इस ढांचे को स्पष्ट खरीद रूपरेखा और भरोसेमंद वित्तीय समर्थन से जोड़ा जाए, जो संक्रमण काल में लागत अंतर को पाटने में मदद करे।

# पूर्वी तट रेलवे ने 294 दिनों में हासिल की 23 हजार करोड़ की माल ढुलाई आय

भुवनेश्वर। पूर्वी तट रेलवे (ईकॉर) ने चालू वित्त वर्ष के दौरान मात्र 294 दिनों में 23,000 करोड़ रुपये की माल ढुलाई आय का लक्ष्य हासिल कर लिया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

पूर्वी तट रेलवे ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 19 जनवरी को कंपनी ने यह मुकाम हासिल किया। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में 27 दिन पहले हासिल किया गया, जब ऐसी ही उपलब्धि 321 दिनों में पाई गई थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह शानदार प्रदर्शन इस क्षेत्र के निरंतर विकास और परिचालन दक्षता को दर्शाता है। पूर्वी तट रेलवे की कुल प्रारंभिक आय 2025-26 में दिसंबर 2025 तक सालाना आधार पर 21,543 करोड़ रुपये से बढ़कर 23,959 करोड़ रुपये हो गई है, जो 11.21 प्रतिशत की वृद्धि है। इस दौरान यात्री आय सालाना आधार पर।,764.32 करोड़ रुपये से बढ़कर।,835.91 करोड़ रुपये हो गई। माल ढुलाई से होने वाली आय 19,482.63 करोड़ रुपये से बढ़कर 21,749.38 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। इसके अलावा, अन्य स्रोतों से होने वाली आय भी 155.95 करोड़ रुपये से काफी बढ़कर 239.15 करोड़ रुपये हो गई।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 14 अरब डॉलर बढ़ा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बताया कि 16 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 14.16 अरब डॉलर बढ़कर 701.36 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 39.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 687.19 अरब डॉलर हो गया था। मुद्रा भंडार सितंबर 2024 में 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन हाल के दिनों में इस पर दबाव देखा गया। खासकर तब जब रुपये में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग किया गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार 16 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा



परिसंपत्तियां, जो भंडार का एक प्रमुख हिस्सा हैं, 9.65 अरब डॉलर बढ़कर 560.51 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं में मूल्य वृद्धि या मूल्यह्रास के प्रभाव शामिल होते हैं। आरबीआई ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 4.62 अरब डॉलर बढ़कर 117.45 अरब डॉलर हो गया। शीर्ष बैंक ने बताया कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.5 करोड़ डॉलर घटकर 18.70 अरब डॉलर रह गए। शीर्ष बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित स्थिति भी 7.3 करोड़ डॉलर घटकर 4.68 अरब डॉलर रह गई।

# डब्ल्यूईएफ की बैठक में भारतीय पकवानों की दिखी खास मौजूदगी

दावोस। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के दौरान बर्फ से ढके स्की रिसॉर्ट शहर दावोस में भारतीय स्वाद की भी खास मौजूदगी देखने को मिली। वैश्विक नेता एवं प्रतिनिधि मसाला चाय, समोसे, पकौड़े, पराठे और खिचड़ी का स्वाद लेने के लिए रुकते नजर आए।

भारतीय व्यंजनों में बिरयानी और विभिन्न प्रकार की मसालेदार सब्जियां भी शामिल थीं जिन्हें चखने के लिए बड़ी संख्या में भारतीयों के साथ विदेशी नागरिक भी जुटे। इसके पास ही एचसीएल टेक ने भी चाय और कॉफी का स्टॉल लगाया। मुफ्त में गर्म खिचड़ी वितरित की, जिसे लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे थे। पहली बार एक भारतीय फूड ट्रक कुमार इंडियन फूड भी प्रोमेनेड पर लगाया गया, जहां समोसे, पकौड़े, चावल, रोटियां और शाकाहारी तथा मांसाहारी करी बेची गईं। इस फूड ट्रक पर चीनी, स्विस और अन्य व्यंजन बेचने वाले आसपास के ट्रकों की तुलना में अधिक ग्राहक देखे गए। भारतीय मंडप के भीतर कई केंद्रीय मंत्रालयों और 10 भारतीय राज्यों के स्टॉल लगे थे और वहां पर गर्म भारतीय भोजन और पेय परोसे जा रहे थे। यहां पर समोसे, टिक्का, चाय, कॉफी, चावल, रोटियां, पराठे, करी और बिरयानी मिल रही थी। भारतीय कंपनियों के अन्य लाउंज में भी इसी तरह भारतीय खानपान की व्यवस्था की गई।

# दुनिया में उथल-पुथल के बावजूद वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता

नयी दिल्ली। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भू-राजनीतिक उथल-पुथल जारी रहने के बावजूद वैश्विक ऊर्जा बाजार स्थिर हैं और मांग पूरी करने के लिए पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है। पुरी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि ऊर्जा उत्पादकों और उपभोक्ताओं दोनों को एक लचीला, टिकाऊ और भरोसेमंद बाजार सुनिश्चित करने में सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने कहा, पिछले एक साल में दुनिया अधिक रोमांचक और कुछ मायनों में अधिक चुनौतीपूर्ण हो गई है। वैश्विक स्तर पर तेल की कोई किल्लत नही है लेकिन कुछ अन्य कारक बने हुए हैं। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि भारत ने अपनी ऊर्जा आपूर्ति का विविधीकरण किया है और अब 27 देशों से बढ़कर 41 देशों से कच्चा तेल आयात कर रहा है। इससे बाजार स्थिति के आधार पर निर्णय लेने में आसानी होती है। पुरी ने कहा कि कुछ स्रोतों से आपूर्ति पहले बढ़ी थी और अब थोड़ी कम हो रही है लेकिन कुल मिलाकर वैश्विक आपूर्ति पर्याप्त बनी हुई है और आगे भी बनी रहेगी।



उन्होंने कहा कि गुयाना, सूरीनाम और ब्राजील जैसे देशों से ऊर्जा आपूर्ति बढ़ रही है, जो बाजार के लिए सकारात्मक है। मंत्री ने रूस का सीधा उल्लेख न करते हुए कहा, फरवरी 2022 से पहले हमारी एक देश से आपूर्ति नगण्य थी लेकिन यह अचानक बहुत तेजी से बढ़ गई। अब यह थोड़ी घट रही है। इन सबमें बाजार ही निर्णायक होता है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि वेनेजुएला या ईरान से अधिक आपूर्ति आएगी या नहीं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि वेनेजुएला या ईरान की घटनाओं से आपूर्ति में कोई कमी आने वाली है। पुरी ने भारत में ऊर्जा उपलब्धता के प्रति आश्वस्ति जताते हुए कहा कि वह आने वाले समय में किसी भी कमी की उम्मीद नहीं करते हैं लेकिन संतुलित कीमतों और आपूर्ति सुनिश्चित करने की जरूरत है। उन्होंने गोवा में 27 जनवरी से शुरू होने वाले इंडिया एनर्जी वीक के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा कि सकारात्मक और साझा दृष्टिकोण से वैश्विक ऊर्जा बाजार को आगे बढ़ाना महत्वपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्पादक और उपभोक्ता के बीच पारंपरिक विभाजन अब चलन में नहीं रह गया है और दोनों पक्षों की साझा दिलचस्पी है कि ऊर्जा बाजार मजबूत और भरोसेमंद रहे। उन्होंने अत्यधिक मूल्य अस्थिरता पर भी चेतावनी दी, क्योंकि बहुत ऊंची कीमतें खपत को प्रभावित कर सकती हैं और बहुत कम कीमतें निवेश को रोक सकती हैं। उन्होंने मौजूदा परिवेश को काफी सकारात्मक बताते हुए कहा कि वैश्विक ऊर्जा बाजार बदलाव के दौर से गुजरने के बावजूद स्थिर बने हुए हैं।

# वायदा बाजार में कच्चे तेल के भाव में तेजी

एजेंसी

नयी दिल्ली। मजबूत मांग के बीच कारोबारियों के अपने सौदों का आकार बढ़ाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल का भाव 114 रुपये चढ़कर 5,554 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में फरवरी में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के अनुबंधों का भाव 114 रुपये यानी 2.1 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,554 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसमें 14,267 लॉट के लिए कारोबार हुआ। वहीं मार्च में आपूर्ति वाले अनुबंधों का भाव 104 रुपये चढ़कर 5,555 रुपये प्रति बैरल हो गया जिसमें 3,016 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि मजबूत वैश्विक रुख के




बीच प्रतिभागियों के अपने सौदे बढ़ाए जाने से वायदा कीमतों पर असर पड़ा। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चे तेल का भाव 1.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 60.20 डॉलर प्रति बैरल जबकि ब्रेंट कच्चा तेल 1.34 प्रतिशत चढ़कर 64.91 डॉलर प्रति बैरल रहा।

## पेज एक का शेष

### मिर्जापुर धर्मांतरण

मूल रूप से गाजीपुर के गहमर का निवासी इरशाद खां पिछले कई वर्ष से आयरन फायर जिम का संचालन करता आ रहा है, पर कागजों पर संचालन फरीद अहमद करता था। कागजों पर जिम का मालिक होने के साथ जिम में फरीद अहमद ट्रेनर के रूप में कार्य करता था। इरशाद भी ड्यूटी खत्म करके जिम में आता था। उसका परिवार मिजार्पुर में ही रहता है। एक वर्ष पहले वह माधोपुर स्टेशन पर जीआरपी में गया है। उससे पहले वह मिजार्पुर में ही विभिन्न थानों पर न्यायालय ड्यूटी में तैनात था। पुलिस ने इमरान से पहले इस मामले में आरोपी फरीद को मुठभेड़ में पहले ही खड़ंजा फाल के पास से गिरफ्तार कर चुकी है। मुठभेड़ के दौरान उसके बाएं पैर में गोली लगी थी। फरीद जिम में आने वाली लड़कियों से दोस्ती करके प्रेम जाल में फंसा कर उनका वीडियो बनाने के बाद ब्लैकमेल करने और धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाता था।

### युवाओं के

आधुनिक बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व निवेश किया है, जिससे निर्माण से संबंधित क्षेत्रों में रोजगार में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भारत की स्टार्टअप पारिस्थितिकी का तेजी से विस्तार हो रहा है, जिसमें लगभग दो लाख पंजीकृत स्टार्टअप 21 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार दे रहे हैं। मोदी ने कहा कि डिजिटल इंडिया ने एक नयी अर्थव्यवस्था का विस्तार किया है, जिसमें भारत एनिमेशन, डिजिटल मीडिया और कई अन्य क्षेत्रों में एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा, आज देश ने जीवन और व्यापार, दोनों को आसान बनाने के उद्देश्य से सुधार की रफ्तार पकड़ ली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में अगली पीढ़ी के सुधारों से युवा उद्यमियों और लघु एवं मध्यम उद्यमों को लाभ हुआ है, जबकि ऐतिहासिक श्रम सुधारों ने श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया है, जिससे व्यवसायों को भी फायदा हुआ है। मोदी ने रेखांकित किया कि नये श्रम कानूनों ने सामाजिक सुरक्षा के दायरे को विस्तृत और सशक्त बनाया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता को साकार करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल है। बयान में कहा गया कि इसकी शुरुआत के बाद से देशभर में आयोजित रोजगार मेलों के जरिये 11 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। बयान के मुताबिक, 18वां रोजगार मेला देशभर में 45 जगहों पर आयोजित किया गया और भारत के सभी हिस्सों से चयनित नव-नियुक्त कर्मचारी सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में शामिल हुए। नव-नियुक्त कर्मी गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग आदि में सेवाएं देंगे।

### राज्य को

बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना होगा। मोदी ने उत्तर प्रदेश के लोगों से यह संकल्प लेने का आह्वान किया कि वे राज्य को आत्मनिर्भर अभियान, मिशन विनिर्माण एवं हरित ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी बनाएंगे। उन्होंने कहा, जनसंख्या की दृष्टि से उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है और जब हम सामूहिक शक्ति से विकास का निर्धारित लक्ष्य लेकर चलेंगे तो उत्तर प्रदेश की प्रगति से देश के विकास को भी नयी गति मिलेगी। मोदी ने उत्तर प्रदेश के सामर्थ्य और प्रदेशवासियों के समर्पण को नमन करते हुए कहा, विकसित प्रदेश का यह संकल्प विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति की दिन-प्रतिदिन ऊर्जा बनेगा। प्रधानमंत्री ने राज्य के निवासियों को उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, मैं काशी का सांसद हूं और उत्तर प्रदेश के लोगों ने मुझे चुनकर लोकसभा भेजा है, इसलिए यह दिन मेरे लिए और भी विशेष हो जाता है। उत्तर प्रदेश के लोगों से मुझे जो प्रेम और आत्मीयता मिली है, वह मेरे लिए बहुत बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की मिट्टी में कुछ खास है, राज्य ने हमेशा अपने सामर्थ्य से एवं अपनी प्रतिभा से देश के विकास को गति दी है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि हमारा उत्तर प्रदेश आज विकास भी और विरासत भी के मंत्र का उत्तम उदाहरण बन रहा है। मोदी ने उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थलों की चर्चा करते हुए आजादी की लड़ाई के वीर शहीदों को भी स्मरण किया।

### विकसित भारत

बनाने का संकल्प लिया है, और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हमारी डबल-इंजन सरकार ने उत्तर प्रदेश को भी एक विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, हम सभी आज इस संकल्प को दोहराते हैं कि जब 15 अगस्त 2047 को स्वतंत्रता की शताब्दी मनाई जाएगी, तब उत्तर प्रदेश एक पूरी तरह से विकसित राज्य होगा और एक विकसित भारत का महत्वपूर्ण राज्य बनेगा। शाह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार के तहत कानून-व्यवस्था की स्थिति में ऐतिहासिक सुधार हुआ है, जिससे निवेश आकर्षित हुआ और विकास में तेजी आई। शाह ने मतदाताओं से अपील करते हुए लोगों से जातिगत विचारों से ऊपर उठकर 2027 के विधानसभा चुनावों में भाजपा का समर्थन करने की अपील की। गृह मंत्री ने कहा, आगामी साल चुनावी साल है। आज मैं उत्तर प्रदेश के लोगों से यह अपील करने आया हूं कि वे राज्य के विकास, युवाओं के भविष्य और देश की सुरक्षा के लिए भारतीय जनता पार्टी को बहुमत से विजय दिलाएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय राजमार्गों और हवाई अड्डों का एक व्यापक नेटवर्क प्रदान किया है और ब्रह्मोस मिसाइल भी अब उत्तर प्रदेश में बन रही है। शाह ने कहा कि यह बदलाव इसलिए संभव हो सका क्योंकि योगी आदित्यनाथ सरकार ने संकल्प के साथ भ्रष्टाचार को खत्म किया, गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू कीं, और यह सुनिश्चित किया कि हर गांव में कम से कम 20 घंटे बिजली आपूर्ति हो।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, आगामी चुनावों में, मैं उत्तर प्रदेश के हर मतदाता से अपील करता हूं कि वे जातिवाद से ऊपर उठें, इन वंशवादी पार्टियों को नकारें, और एक बार फिर भाजपा का कमल (पार्टी चुनाव चिन्ह) खिलाएं। शाह ने भाजपा सरकार के तहत हुए शहरी परिवर्तन को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि 65 एकड़ का कूड़ाघर अब राष्ट्र प्रेरणा स्थल के रूप में एक स्वच्छ और उपयोगी सार्वजनिक स्थान में परिवर्तित हो चुका है। उन्होंने कहा कि सफाई पहलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले जिलों को इस कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया, जिससे राज्य भर में नागरिक बुनियादी ढांचे में सुधार को प्रदर्शित किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री ने रोजगार और आजीविका पहलों का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं को पांच लाख रुपये तक के ब्याज-मुक्त और कुछ गिरवी रखकर मिलने वाले ऋणों का लाभ मिला है, जिसके लिए अब तक 5,322 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी जा चुकी है।

### नयी रोजगार

का विकास किया जाएगा, जिससे कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा, और युवाओं की क्षमताओं को नौकरी व व्यापार के अनुरूप बनाने में मदद मिलेगी। राज्य सरकार की प्रमुख पहलों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) कार्यक्रम ने उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मदद की है, और यह कार्यक्रम जिले के विशिष्ट पारंपरिक खाद्य पदार्थों को वैश्विक पहचान दिलाकर राज्य की अर्थव्यवस्था को और मजबूत बनाएगा। उन्होंने कहा, एक जिला, एक व्यंजन (ओडीओसी) पहल के तहत, स्वच्छ और पौष्टिक भोजन को बढ़ावा दिया जाएगा, जिसमें मोटा अनाज आधारित उत्पाद भी शामिल होंगे और स्थानीय व्यंजनों की जियोग्राफिकल टैगिंग, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और डिजाइनिंग की जाएगी। इससे घरेलू और वैश्विक मांग बढ़ेगी, जिससे राज्य के पारंपरिक व्यंजनों के लिए निर्यात के अवसर खुलेंगे। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्राप्त करने वाले पांच व्यक्तियों को भी बधाई दी।

### कैंचीधाम

बाईपास मार्ग पूर्ण होने के बाद कैंचीधाम दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही अल्मोड़ा एवं अन्य पर्वतीय जनपदों की ओर जाने वाले यात्रियों को भी एक सुरक्षित, सुगम और वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार परियोजना के तहत करीब आठ किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष हिस्सों में पहाड़ कटान, कलमठों का निर्माण तथा सुरक्षा दीवारों का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है।

### करुणेश बने

प्रदर्शनों के मद्देनजर, आईएएस अधिकारी लोकेश एम. को 19 जनवरी को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ पद से हटा दिया गया था। मूल रूप से बिहार के निवासी करुणेश, नयी नियुक्ति से पहले गोरखपुर के जिलाधिकारी के रूप में कार्यरत थे। इससे पूर्व वह गाजियाबाद के मुख्य विकास अधिकारी और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सहित कई अहम प्रशासनिक पदों पर रह चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार, वह हापुड़ और बलरामपुर के जिलाधिकारी के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। घटना और उसके बाद हुए प्रदर्शनों के मद्देनजर, आईएएस अधिकारी लोकेश एम. को 19 जनवरी को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ पद से हटा दिया गया था। मूल रूप से बिहार के निवासी करुणेश, नयी नियुक्ति से पहले गोरखपुर के जिलाधिकारी के रूप में कार्यरत थे। इससे पूर्व वह गाजियाबाद के मुख्य विकास अधिकारी और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सहित कई अहम प्रशासनिक पदों पर रह चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार, वह हापुड़ और बलरामपुर के जिलाधिकारी के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं।

### हिंदू छात्रा

कॉलोनीवासियों ने किसी बड़ी घटना की आशंका जताते हुए प्रशासन से समय रहते सख्त कदम उठाने और कोचिंग सेंटर की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने की मांग की है। वीडियो वायरल होने के बाद पांच मुस्लिम छात्राओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। छात्रा के भाई ने आरोप लगाया है कि उसकी बहन पर धर्म परिवर्तन के लिए भी दबाव बनाया गया था। पुलिस ने भी इस मामले में पड़ताल शुरू कर दी है।

### जरूरतमंदों को

मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाया। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि जाड़े भर राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाते रहेंगे। सर्दी में किसी भी जरूरतमंद को कोई परेशानी न हो, इस निमित्त अपनी इस कोशिश कोबरकरार रखेंगे। सेवा भाव में कहीं कोई कमी नहीं आने देंगे। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना हमारा कर्तव्य भी है और संकल्प भी है।




# सूर्या ने दिखा दिया कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाज : शिवम



रायपुर। भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने कप्तान सूर्यकुमार यादव की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इस स्टार बल्लेबाज ने धमाकेदार पारी खेलकर दिखा दिया कि वह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। सूर्यकुमार ने 23 पारियों के बाद पहली बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया, जिससे अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उनके आलोचकों का मुंह बंद हो गया। भारतीय कप्तान ने दुबे के साथ मिलकर 81 रन की अटूट साझेदारी की और भारत ने न्यूजीलैंड के 209 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। बाएं-दाएं बल्लेबाज के संयोजन को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पंड्या से पहले बल्लेबाजी करते हुए दुबे ने 18 गेंदों में 36 रन बनाए। दुबे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा कुछ समय पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुझसे सूर्यकुमार यादव की फॉर्म के बारे में पूछा गया था। तब मैंने कहा था कि वह उस तरह का खिलाड़ी है कि जब वह अपनी फॉर्म दिखाएगा तो तब दुनिया को पता चलेगा कि वह किस तरह का खिलाड़ी है। आज सूर्यकुमार यादव ने दिखा दिया कि वह टी20 में नंबर एक बल्लेबाज क्यों है। उन्होंने कहा, मैंने उसके साथ बल्लेबाजी का पूरा आनंद लिया।

उसे इस तरह से बल्लेबाजी करते हुए देखना बहुत अच्छा लगा। सूर्यकुमार और दुबे के बीच साझेदारी से पहले इशान किशन ने 32 गेंद पर 76 रन की तूफानी पारी खेली। दुबे ने उनकी भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, इशान बाएं हाथ से खेलने वाले उन बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक है जिन्हें मैंने देखा है। ड्रेसिंग रूम में उसे छोटा पॉकेट ब्लास्ट कहा जाता है। मुझे लगता है कि उसकी बल्लेबाजी बहुत दमदार है। वह जानता है कि वह क्या कर सकता है और आज के मैच में उसने इसे साबित कर दिया।

# ईमानदारी, पारदर्शिता से ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों का सम्मान हासिल करता है कोच : गांगुली



बेंगलुरु। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली एसए20 लीग में प्रिटोरिया कैपिटल्स के मुख्य कोच के तौर पर इस भूमिका का आनंद ले रहे हैं और उनका कहना है कि खिलाड़ियों को बेहतर बनने में मदद करने के साथ ईमानदार और पारदर्शी रहकर उनका सम्मान पाना सबसे अहम होता है। गांगुली के मार्गदर्शन में प्रिटोरिया कैपिट्स का इस सत्र के एसए20 फाइनल में पहुंचना भी उनके शब्दों को सही साबित करता है।

उन्होंने रविवार को प्रिटोरिया कैपिटल्स और सनराइजर्स ईस्टर्न केप के बीच एसए20 के चौथे चरण के फाइनल से पहले जियोस्टार प्रेस रूम में कहा ईमानदार और पारदर्शी रहना जरूरी है। यह जरूरी है कि आप सही माहौल बनाएं। खिलाड़ियों को बेहतर बनने में मदद करने की कोशिश करें और ड्रेसिंग रूम में उनका सम्मान हासिल करें। एक ग्रुप के तौर पर यही जरूरी है। गांगुली ने कहा कि भारत के कप्तान के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान कुछ स्टार खिलाड़ियों की अगुआई करने का उनका अनुभव उनकी नयी भूमिका में काम आया। उन्होंने कहा, मैंने बहुत से महान खिलाड़ियों की कप्तानी की है और महान खिलाड़ी बहुत समझदार होते हैं क्योंकि वे सभी इस स्तर पर अच्छा करना चाहते हैं। मैं बस उनके साथ दोस्त जैसा रहता हूं, उन्हें बताता हूं कि सही तस्वीर क्या है और उन्हें वह दिखाने की कोशिश करता हूं। आखिरकार खिलाड़ी ही मैदान पर प्रदर्शन करते हैं, कोच नहीं। गांगुली ने कहा, इसलिए कोचिंग स्टाफ के तौर पर आप उन्हें सबसे अच्छा अभ्यास देते हैं और उन्हें मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में रखते हैं। टूर्नामेंट में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। इसलिए सही संदेश देना और उन्हें यह समझाना जरूरी है कि बेहतर होने का एकमात्र तरीका ट्रेनिंग में बार-बार चीजों को करना है। तो एक कोच के तौर पर वह ड्रेसिंग रूम के माहौल में खिलाड़ियों से कैसे जुड़ते हैं ? गांगुली के लिए यह प्रक्रिया टूर्नामेंट से पहले टीम में औपचारिक रूप से शामिल होने से पहले ही शुरू हो जाती है। उन्होंने कहा, मैं उन सभी के संपर्क में रहता था। जब डेवाल्ड ब्रेविस दक्षिण अफ्रीकी टीम के साथ दौरे पर थे तो मैं उनसे भारत में मिला था। मैं उनसे कोलकाता में मिला। हमने साथ में डिनर किया और केशव महाराज ( कैपिटल्स के कप्तान ) के साथ कुछ समय बिताया। गांगुली ने कहा, उसके बाद मैं वाट्सअप पर उनसे नियमित रूप से संपर्क में रहा। यहां तक कि लुंगी, लिजर्ड, गिडियन, कोडी जैसे दूसरे खिलाड़ियों से भी, जो चोट से उबर रहे थे। उन्होंने कहा, टूर्नामेंट शुरू होने से पहले उनके पास थोड़ा समय था। मुझे चिंता थी कि क्या वे समय पर ठीक हो पाएंगे क्योंकि एक फ्रेंचाइजी में, लीग में, अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को फिट रखना बहुत जरूरी होता है क्योंकि उनकी जगह लेने वाले खिलाड़ी बहुत कम मिलते हैं।

गांगुली ( 53 साल ) ने कहा कि वह दक्षिण अफ्रीका जाने से पहले ही व्यक्तिगत रिश्ता बनाना चाहते थे। उन्होंने कहा, पिछले 40 दिन अच्छे रहे हैं। यह एक अच्छा रिश्ता रहा है। जैसा कि मैंने कहा, यह कोच के बारे में नहीं है, यह खिलाड़ियों के बारे में है। मैंने हमेशा इन युवा लड़कों की मदद करने की कोशिश की है। लेकिन यह उनकी बेहतर बनने की चाहत है, जिसकी वजह से हमने इतना अच्छा खेला है। डेवाल्ड ब्रेविस ने कैपिटल्स को खिताबी मुकाबले तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने दो अर्धशतक जड़ने के साथ 269 रन बनाए हैं। ब्रेविस ने गांगुली से मिली सीख के बारे में बताया।

## संक्षेप

### अनाहत ने स्प्राट चैंपियंस स्क्वाश के दूसरे दौर में

नयी दिल्ली। भारत की शीर्ष महिला स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने अंतिम क्षणों में कुछ विषम परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद लूसी टरमेल को हराकर न्यूयॉर्क में चल रहे स्प्राट टूर्नामेंट ऑफ चैंपियंस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। विश्व में 31वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने पीएसए प्लैटिनम प्रतियोगिता में इंग्लैंड की टरमेल को 11-3, 11-6, 9-11, 13-11 से हराया। अब उनका मुकाबला जापान की छठी वरीयता प्राप्त सतोमी वातानाबे से होगा। इस बीच पुरुषों की विश्व रैंकिंग में 29वें स्थान पर काबिज भारत के अभय सिंह स्पेन के इकर पजारेस के सामने कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद 4-11, 11-4, 7-11, 11-3, 3-11 से हार गए।

### महेंद्र सिंह धोनी ने किया अभ्यास

रांची। भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने यहां अभ्यास शुरू कर दिया है जिससे उनकी आईपीएल 2026 की तैयारियों को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) ने सोशल मीडिया पर एक छोटा वीडियो साझा किया जिसमें धोनी को नेट सत्र के लिए पैड पहनते हुए देखा जा सकता है। इस पोस्ट के साथ शीर्षक में लिखा गया, देखो कौन वापस आया है। वीडियो के साथ एक अन्य शीर्षक में लिखा गया, जेएससीए का गौरवः महेंद्र सिंह धोनी। नेट सत्र से पहले धोनी को भारत और झारखंड के पूर्व बल्लेबाज और जेएससीए अधिकारी सौरभ तिवारी के साथ बातचीत करते हुए भी देखा गया। आईपीएल 2026 की विंडो (आयोजन की तारीख) को तय कर दिया गया है जो 26 मार्च से 31 मई तक चलेगा। धोनी ने वर्ष 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था लेकिन वह अब भी आईपीएल में सक्रिय हैं। चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी फिलहाल रुतुराज गायकवाड़ संभाल रहे हैं लेकिन धोनी अब भी टीम का बेहद अहम हिस्सा बने हुए हैं।

### भारतीय विकेटों पर खेलने के लिए अच्छी तैयारी की : रविंद्र

रायपुर। रचिन रविंद्र को भारतीय परिस्थितियों में बल्लेबाजी करना बहुत पसंद है और अब जबकि यहां जल्द ही टी20 विश्व कप होने वाला है तब न्यूजीलैंड के इस बल्लेबाज को अपनी लय मिलती दिख रही है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने भारत में खेले गए 2023 के वनडे विश्व कप में तीन शतक लगाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स के साथ उनका अनुबंध हुआ, जिससे उन्हें देश भर की विभिन्न परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने का अधिक अनुभव मिला। शुक्रवार रात को दूसरे टी20 मैच में उन्होंने कुलदीप यादव की ढीली गेंद पर आउट होने से पहले 26 गेंदों में 44 रन बनाकर अपनी विशेष प्रतिभा का नमूना पेश किया। हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती की गेंदों पर लगाए गए उनके दो-दो छक्कों ने दिखाया कि उनके खेल में ताकत और संयम का सही संतुलन है। रविंद्र ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा भारत में खेलना अच्छा लगता है। मैं यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हूं। आगे काफी व्यस्त कार्यक्रम है, इसलिए मैंने स्वदेश में काफी अभ्यास किया। इस तरह के विकेटों पर खेलने के लिए तैयारी की।

# चंडीगढ़ ने केरल को हराया

## रणजी : चंडीगढ़ ने केरल को पारी और 92 रन से हराकर सत्र की पहली जीत दर्ज की

एजेंसी



मंगलपुरम (तिरूवनंतपुरम), 24 जनवरी (भाषा) चंडीगढ़ के गेंदबाजों ने दूसरी बार केरल के बल्लेबाजी लाइन-अप को तहस-नहस करते हुए शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच के तीसरे दिन पारी और 92 रन की शानदार जीत दर्ज की। केरल ने बीती रात के दो विकेट पर 21 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। उसे पारी की हार से बचने के लिए 256 और रन बनाने थे। लेकिन ऑफ स्पिनर वीशू कश्यप (41 रन देकर तीन विकेट) और तेज गेंदबाज रोहित ढांडा (38 रन देकर चार विकेट) ने कहर बरपाया जिससे घरेलू टीम 185 रन पर ऑल आउट हो गई। केरल के लिए विष्णु विनोद (56) और सलमान निजार (53) ने पांचवें विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की लेकिन इससे सिर्फ हार टली। इस नतीजे से चंडीगढ़ को सात अंक मिले जिसमें पारी की जीत के लिए एक बोनस अंक भी शामिल है।

अब वह आठ अंक के साथ ग्रुप में सातवें स्थान पर पहुंच गई है। केरल के भी आठ अंक हैं लेकिन चंडीगढ़ के नाम एक जीत है जिसने उन्हें आठवें स्थान पर धकेल दिया है। वहीं अलूर में हिमांशु मंत्री ने 203 गेंद पर नाबाद 89 रन बनाए जिससे मध्य प्रदेश ने तीसरे दिन स्टंप तक कर्नाटक के खिलाफ कुल 336 रन की बढ़त बना ली। यश दुबे मध्य प्रदेश की दूसरी पारी के शुरुआती चरण में आउट हो गए। जिसके बाद मंत्री ने शुभम शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 58 रन जोड़े। लेकिन उन्होंने जल्दी जल्दी विकेअ गंवा दिए। कप्तान रजत पाटीदार और वेंकटेश अय्यर के जल्दी आउट होने से स्कोर एक विकेट पर 96 रन से चार विकेट पर 99 रन हो गया। पर मंत्री एक छोर पर टिके रहे जिससे मध्य प्रदेश अपनी बढ़त को 300 रन से ऊपर पहुंचाने में कामयाब रहा और मैच को संभवतः कर्नाटक की पहुंच से बाहर कर दिया। यह मैच अब ड्रा की ओर बढ़ रहा है। वहीं दूसरी ओर मुंबई ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप-डी मुकाबले के तीसरे दिन शनिवार को यहां फॉलोऑन देने के बाद हैदराबाद के 166 रन तक सात विकेट चटकाकर बोनस अंक के साथ जीत की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिये। मुंबई के लिए लंबे कद के स्पिनर हिमांशु सिंह ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 27 ओवर में 10 मेडन के साथ 39 रन देकर तीन विकेट झटके। तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे (68 रन पर दो विकेट) और मोहित अवस्थी (54 रन पर दो विकेट) ने भी अहम योगदान दिया। हैदराबाद ने इससे पहले मुंबई के 560 रन के जवाब में तीसरे दिन की शुरुआत दो विकेट पर 138 रन से की लेकिन उनकी पहली पारी 267 रन पर सिमट गयी। मुशीर खान, सलामी बल्लेबाज अखिल हेरवाडकर और चोटिल खिलाड़ी के स्थानापन्न ओंकार तरमाले ने एक-एक विकेट लिये। पहली पारी में 293 रन की बढ़त लेने के बाद मुंबई ने फालोऑन करने को कहा। अथर्व अंकोलेकर दूसरे दिन चोटिल होने के कारण मुकाबले से बाहर हो गए थे। अंकोलेकर को स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया था। टीम ने उनकी जगह तारमाले को एकादश में शामिल किया। हैदराबाद के बल्लेबाजों का दूसरी पारी में भी लचर प्रदर्शन जारी रहा। दूसरी पारी में मोहित अवस्थी (31 रन पर तीन विकेट) और मुशीर खान (38 रन पर तीन विकेट) ने सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया। स्टंप्स तक हैदराबाद ने दूसरी पारी में 166 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे और वह अभी भी 127 रन पीछे है।

उसके केवल तीन विकेट बचे हैं और मुकाबले का एक पूरा दिन शेष है। बेंगलुरु में ग्रुप के अन्य मैच में दिल्ली ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ शुरुआती दो दिन दबाव में रहने के बाद तीसरे दिन दूसरी पारी में जुझारूपन दिखाया। दिल्ली ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 158 रन बना लिये हैं। वह अभी भी छत्तीसगढ़ से 131 रन पीछे है। इससे पहले छत्तीसगढ़ ने दिल्ली के 216 रन के जवाब में पहली पारी में 505 रन बनाए थे। दिल्ली की ओर से दूसरी पारी में प्रियांश आर्य ने 57 गेंदों में 82 रन की आक्रामक बल्लेबाजी की। सलामी बल्लेबाज सनत सांगवान ने 40 रन बनाए और दोनों ने पहले विकेट के लिए 123 रन जोड़े। कप्तान आयुष बदोनी स्टंप्स तक 30 रन बनाकर नाबाद थे। जयपुर में हिमाचल प्रदेश ने पहली पारी में 64 रन की बढ़त हासिल करने के बाद राजस्थान के खिलाफ दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 38 रन बना लिये। हिमाचल की पहली पारी में 406 रन के जवाब में राजस्थान ने मानव सुथार (133 गेंद में 120 रन) की शतकीय पारी के बावजूद 342 रन बनाये। हिमाचल प्रदेश की ओर से आर्यमन धालीवाल ने पांच और मुकुल नेगी ने चार विकेट लिये।

# आईसीसी ने बांग्लादेश को विश्व कप से किया बाहर, स्कॉटलैंड शामिल



नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश को आगामी टी20 विश्व कप से बाहर कर उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया है क्योंकि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर किए जाने के बाद सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए अपनी टीम भारत भेजने से इनकार कर दिया था। स्कॉटलैंड के शामिल होने से एक महीने से चल रहा असंमजस खत्म हो गया क्योंकि बीसीबी लगातार जोर दे रहा था कि उनके मैच श्रीलंका में स्थानांतरित किए जाएं और यहां तक कि उसने अपने ग्रुप को आयरलैंड के साथ बदलने का भी सुझाव दिया था।

हालांकि आयरिश क्रिकेट बोर्ड ने इस सुझाव को साफ तौर पर खारिज कर दिया। आईसीसी बोर्ड की बैठक में बांग्लादेश के खिलाफ 14-2 के भारी बहुमत से फैसला हुआ कि उसे अपने मुकाबले खेलने के लिए भारत जाना चाहिए। आईसीसी ने बीसीबी को अपना रुख बदलने के लिए 24 घंटे की समय सीमा दी थी, लेकिन आसिफ नजरुल के अड़े रहने के कारण क्रिकेट के दीवाने इस देश की टी20 विश्व कप खेलने की उम्मीदें खत्म हो गईं। पता चला है कि चेयरमैन जय शाह सहित आईसीसी के वरिष्ठ अधिकारी शुक्रवार को दुबई में मौजूद थे। इसी दिन देर शाम बीसीबी अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम बुलबुल को एक ईमेल भेजकर वैश्विक संस्था के फैसले से अवगत कराया गया। आईसीसी के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, कल शाम बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष को ईमेल भेजकर सूचित किया गया कि उनके बोर्ड ने भारत आने या नहीं आने के फैसले पर 24 घंटे की समय-सीमा के भीतर आधिकारिक रूप से आईसीसी को कोई जवाब नहीं दिया, इसलिए यह निर्णय लिया गया।

सूत्र ने कहा, बीसीबी ने आईसीसी को औपचारिक जानकारी देने से पहले ढाका में प्रेस कॉन्फ्रेंस की जो प्रोटोकॉल का उल्लंघन था। उन्हें स्पष्ट रूप से बता दिया गया है कि उनकी जगह अब शामिल होने वाली टीम स्कॉटलैंड है। आईसीसी ने प्रतिभागी सदस्य देशों को भी बांग्लादेश के टूर्नामेंट से हटाए जाने के बारे में सूचित कर दिया है। बांग्लादेश के खेल मंत्रालय के सलाहकार आसिफ नजरुल ने आईसीसी की ओर से बार बार सुरक्षा आश्वासन दिए जाने के बावजूद भारत यात्रा के खिलाफ सलाह दी थी।

# हॉकी : एचआईएल में हैदराबाद व रांची की भिड़ंत

एजेंसी



भुवनेश्वर। हैदराबाद तूफान्स और रांची रॉयल्स की टीमें रविवार को यहां क्वालीफायर दो के करो या मुकाबले के लिए मैदान पर उतरेगी तो उनके पास फाइनल में जगह पक्की करने का आखिरी मौका होगा। फाइनल में जगह बनाने की जंग निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है और इस मुकाबले को जीतने वाली टीम क्वालीफायर एक और तालिका में शीर्ष पर रही कलिंगा लांसर्स के खिलाफ सोमवार को खिताबी मुकाबला खेलेगी।

हारने वाली टीम सोमवार को एचआईएल जीसी के खिलाफ तीसरे-चौथे स्थान के मैच में खेलेगी। हैदराबाद तूफान्स ने एलिमिनेटर में एचआईएल जीसी को 20 से हराकर क्वालिफायर-दो में जगह बनाई। इस मुकाबले में टीम ने सधी हुई रक्षात्मक खेल दिखाया और मिले मौकों का भरपूर फायदा उठाते हुए खिताबी दौड़ में खुद को बनाए रखा। दूसरी ओर, रांची रॉयल्स क्वालिफायर-एक में कलिंगा लांसर्स से कड़े मुकाबले में 12 से हार के बाद यहां पहुंची है।

यह मैच काफी रोमांचक रहा था और दोनों टीमों के बीच बेहद मामूली अंतर देखने को मिला। फाइनल में पहुंचने के आखिरी मौके के साथ दोनों टीमों पर जबरदस्त दबाव होगा। तूफान्स एलिमिनेटर की जीत से मिले आत्मविश्वास को बरकरार रखना चाहेगी, जबकि रॉयल्स की टीम वापसी कर अपनी चैंपियनशिप की उम्मीदों को जिंदा रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी। तूफान्स के कप्तान सुमित ने क्वालिफायर-2 को लेकर कहा, हम आक्रामक हॉकी खेलने के लिए जाने जाते हैं और एलिमिनेटर में भी हमने यही रणनीति अपनाई थी। क्वालिफायर-दो में भी हम उसी इरादे के साथ उतरेंगे।

पिछले कुछ मैचों से करो या मरो जैसी परिस्थितियां हमारे लिए सामान्य हो गई हैं, इसलिए दबाव से निपटना अब हमारे लिए सहज है। उन्होंने कहा हमारा फोकस अपनी योजनाओं पर टिके रहने, मजबूत शुरुआत करने और जल्दी गोल करने पर रहेगा, क्योंकि इससे टीम को बड़ा आत्मविश्वास मिलता है। रांची रॉयल्स के कप्तान टॉम बून भी टीम की उम्मीदों को लेकर सकारात्मक है। उन्होंने कहा, लांसर्स के खिलाफ मुकाबला बेहद करीबी और कठिन था, लेकिन अब हमारा पूरा ध्यान अगले मैच पर है।

# टीसीसी ने केएससीसी को 26 रन से हराया

लखनऊ। टीसीसी ने सधी हुई बल्लेबाजी के बाद अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत चतुर्थ अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को केएससीसी के खिलाफ 26 रन से जीत दर्ज की। केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खेले गए मैच में टीसीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में सात विकेट पर 147 रन का स्कोर बनाया। सलामी बल्लेबाज अफसर सिद्दीकी ने 40 रन और डा.प्रियेश ने 20 रन बनाते हुए पारी की शुरूआत की। फिर अफजल ने 20, सुमित गुप्ता ने नाबाद 25 व मुजम्मिल हुसैन ने 16 रन का योगदान किया। केएससीसी से मो.शरीफ व योगेंद्र सेठ को दो-दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में केएससीसी 19.1 ओवर में 121 रन ही बना सका और जीत से 26 रन दूर रह गया। मो.शरीफ ने सर्वाधिक 35 रन बनाए।

# भारत की निगाह श्रृंखला जीतने पर



एजेंसी

गुवाहाटी। पहले दोनों मैच आसानी से जीतने के बाद भारत रविवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके पांच मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा जिसमें संजू सैमसन के प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेंगी क्योंकि ईशान किशन ने पिछले मैच में शानदार वापसी करके उन पर दबाव बढ़ा दिया है। किशन की शानदार पारी से इस बात पर बहस फिर से शुरू हो जाएगी कि अभिषेक शर्मा का पसंदीदा सलामी जोड़ीदार कौन होना चाहिए, क्योंकि सैमसन अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए जूझ रहे हैं। टी20 विश्व कप के शुरू होने में अब केवल दो सप्ताह का समय बचा है और इससे पहले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ बाकी बचे तीन मैच खेलने हैं। ऐसे में भारत की टीम संयोजन काफी हद तक तय लग रहा है। भारत बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। केवल कुछ स्थान को लेकर ही टीम चिंतित होगी जिनमें से एक स्थान फिलहाल सैमसन के पास है। किशन की 32 गेंदों पर खेली गई शानदार 76 रनों की पारी ने संजू पर दबाव बढ़ा दिया है। टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल की जगह अभिषेक के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में बहाल किए गए सैमसन मौकों का पूरा फायदा उठाने में नाकाम रहे हैं, जबकि उन्हें काफी मैच खेलने का मौका मिला है। गिल तकनीकी रूप से मजबूत होने के बावजूद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कोई खास प्रभाव नहीं डाल पाए थे और इसलिए संजू को अंतिम एकादश में शामिल करने के साहसिक फैसले के तहत उन्हें बाहर कर दिया गया। लेकिन अपने पसंदीदा बल्लेबाजी क्रम में वापसी करने पर केरल का यह विकेटकीपर बल्लेबाज अभी तक उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। ऐसे में यह श्रृंखला उनके लिए निर्णायक साबित हो सकती है। तेज गेंदबाजों के सामने उनकी कमजोरी एक बार फिर उजागर हो गई है। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के दौरान वह तेज गेंदबाजों के हाथों पांच बार सस्ते में आउट हो गए। इसमें जोफ्रा आर्चर के हाथों लगातार तीन बार आउट होना भी शामिल है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो मैच में वह केवल 10 और छह रन ही बना सके और उन्हें क्रमशः काइल जैमीसन और मैट हेनरी ने आउट किया। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज डब्ल्यूवी रमन ने रायपुर में आउट होने के बाद सोशल मीडिया पर इसका सटीक वर्णन किया। रमन ने एक्स पर पोस्ट किया जब तक सैमसन गेंद की गति के अनुसार अपने बल्ले की गति को समायोजित नहीं करता, तब तक उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहेगा। सरल शब्दों में कहें तो कोई भी कार को हर समय, हर जगह एक ही गति से नहीं चला सकता। भारत के लिए यह अच्छी खबर है कि कप्तान सूर्यकुमार यादव अपनी चिर परिचित फॉर्म में लौट आए हैं। उन्होंने 37 गेंद पर 82 रन बनाकर पिछले 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय पारियों के बाद अपना पहला अर्धशतक जड़ा। भारत पांच मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे है लेकिन उसे किसी तरह के मुगालते में नहीं रहना चाहिए क्योंकि न्यूजीलैंड की टीम वापसी करने में माहिर है जैसा उसने इससे पहले खेली गई वनडे श्रृंखला में किया था। पिछले मैच में सलामी बल्लेबाज अभिषेक पहली गेंद पर आउट हो गए थे और वह यहां बड़ी पारी खेलने की कोशिश करेंगे। सैमसन और अभिषेक की जल्दी आउट होने के कारण भारत का स्कोर एक समय दो विकेट पर छह रन था इसके बाद किशन ने तूफानी पारी खेली। उन्होंने केवल 21 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया जिससे भारत 28 गेंद शेष रहते हुए मैच जीतने में सफल रहा।



# प्रतिका, वैष्णवी व क्रांति गौड़ टेस्ट टीम में शामिल

नयी दिल्ली। पिछले साल महिला वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाली सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के अलावा बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा और तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ को छह से नौ मार्च तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारत की 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी। यह टेस्ट मैच 15 फरवरी से शुरू होने वाले सीमित ओवरों के मैचों (तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे) के बाद खेला जाएगा। प्रतिका का वनडे में शानदार प्रदर्शन रहा है। उन्होंने इस प्रारूप में 24 मैचों में 50.45 के औसत से 1110 रन बनाए, जिसमें दो शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं। इसका यह भी मतलब था कि यह सलामी बल्लेबाज टखने की चोट से काफी हद तक उबर चुकी थीं।

# जोकोविच ने गैंडस्लैम में दर्ज की रिकॉर्ड जीत

एजेंसी

मेलबन। दिग्गज नोवाक जोकोविच ने टेनिस जगत नया इतिहास बनाने का सिलसिला जारी रखते हुए शनिवार को यहां ग्रैंड स्लैम में 400वीं जीत और ऑस्ट्रेलियन ओपन में 102वीं जीत दर्ज की। चौबीस बार के ग्रैंडस्लैम

**ऑस्ट्रेलिया ओपन में की फेडरर से बराबरी**

चैम्पियन जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर के मैच में बोटिक वान डे जैंडस्चुल्प को 6-3, 6-4, 7-6 से हराकर ग्रैंड स्लैम एकल मुकाबलों में 400 जीत दर्ज करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनका जीत-हार रिकॉर्ड 102-10 हो गया, जो इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक मैच जीत के मामले में रोजर फेडरर के करियर रिकॉर्ड की बराबरी है। जोकोविच अब तक



ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब 10 बार जीत चुके हैं, जो किसी भी खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक है। 38 वर्षीय जोकोविच इस बार अपने करियर का 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ ऑस्ट्रेलिया में खेल रहे हैं। वह अगर ऐसा करने में सफल रहे तो सर्वकालिक सबसे सफल टेनिस खिलाड़ी बन जायेंगे। जैंडस्चुल्प के खिलाफ मुकाबले में जोकोविच शुरू से ही पूरी तरह नियंत्रण में नजर आए। तीसरे सेट में कुछ क्षणों को छोड़कर उन्हें कोई खास परेशानी नहीं हुई। तीसरे गेम में वह फिसलकर कोर्ट पर गिर पड़े और बाद में 12वें गेम में उन्हें दो सेट प्वाइंट का सामना करना पड़ा।

तीसरे गेम के बाद चेंजओवर के दौरान उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया, जहां फिजियो ने उनके दाएं पैर के अगले हिस्से पर टेप लगाया। उन्होंने इसके बाद एक शानदार फोरहैंड विनर ने शुरुआती संकट को टाल दिया। दर्शकों ने नोले, नोले, नोले (जोकोविच का उपनाम) के नारों से उनका हौसला बढ़ाया। जोकोविच ने शानदार सर्व लगाकर टाईब्रेक तक पहुंचने के बाद सेट को अपने नाम किया। जोकोविच इस बात से खुश थे कि उन्हें रात्रि मैच खेलने का मौका मिला, खासकर ऐसे दिन जब टूर्नामेंट की अत्यधिक गर्मी नीति लागू करनी पड़ी।

# बंगाल में एसआईआर में जल्दबाजी

## लोकतांत्रिक भागीदारी को हो सकता है खतरा : अमर्त्य सेन

एजेंसी




कोलकाता। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने पश्चिम बंगाल में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर गहरी चिंता जताई और कहा कि यह कवायद अनावश्यक जल्दबाजी में की जा रही है तथा कुछ ही महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यह लोकतांत्रिक भागीदारी को खतरे में डाल सकती है। सेन (92) ने बोस्टन से पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लोकतांत्रिक महत्व पर विचार करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया तभी मताधिकारों को मजबूत कर सकती है, जब इसे सावधानी के साथ और पर्याप्त समय लेकर अंजाम दिया जाए।

उनके अनुसार, बंगाल के मामले में ये दोनों शर्तें नदारद हैं। उन्होंने कहा, मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण अगर सावधानी से और पर्याप्त समय लेकर किया जाए तो यह एक अच्छी लोकतांत्रिक प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन इस समय पश्चिम बंगाल में ऐसा नहीं हो रहा है। सेन ने कहा, एसआईआर की कवायद जल्दबाजी में की जा रही है और मताधिकार रखने वाले लोगों को आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपने अधिकार को साबित करने हेतु आवश्यक दस्तावेज जमा करने का पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहा है। यह न सिर्फ मतदाताओं के साथ अन्याय है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के साथ भी अनुचित है। बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान अपने अनुभव को साझा करते हुए सेन ने कहा कि समय का दबाव चुनाव अधिकारियों पर भी साफ दिखाई देता है। उन्होंने कहा, कभी-कभी निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के पास ही पर्याप्त समय नहीं होता है।

उन्होंने कहा कि जब शांतिनिकेतन से वह पहले भी मतदान कर चुके हैं और वहां उनके नाम-पते सहित अन्य विवरण आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज हैं, तो इसके बावजूद उनके मताधिकार पर सवाल उठाया गया तथा उनसे उनकी जन्मतिथि के समय उनकी दिवंगत मां की उम्र के बारे में पूछा गया, जबकि उनकी मां के विवरण भी निर्वाचन आयोग के रिकॉर्ड में मौजूद थे। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने दस्तावेजों से जुड़ी कठिनाइयों का भी जिक्र किया, जो ग्रामीण इलाकों में जन्मे अनेक भारतीयों के लिए आम हैं।

उन्होंने कहा, ग्रामीण भारत में जन्मे कई भारतीय नागरिकों की तरह (मेरा जन्म तत्कालीन गांव शांतिनिकेतन में हुआ था), मेरे पास जन्म प्रमाणपत्र नहीं है और मतदान करने की मेरी पात्रता के लिए मेरी ओर से अतिरिक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता पड़ी। हालांकि, उनका मामला सुलझ गया, लेकिन उन्होंने उन लोगों के लिए चिंता जताई जिनके पास ऐसी मदद उपलब्ध नहीं होती। उन्होंने व्यंग्यात्मक रूप से कहा कि वह तो दोस्तों की थोड़ी मदद से इस प्रक्रिया से निकल आए, लेकिन हर किसी के पास इतने सहायक मित्र नहीं होते। सेन ने कहा, भले ही मैं खुशी-खुशी कह सकता हूं कि ओह, मेरा अपने दोस्तों की थोड़ी मदद से काम चल गया लेकिन मुझे उन लोगों की चिंता है जिनके पास इतने वफादार दोस्त नहीं हैं। मेरे दोस्तों ने मुझे शक्तिशाली निर्वाचन आयोग की कठोर बाधा को पार करने में मदद की। मतदाता सूची में उनके और उनकी मां अमिता सेन की उम्र के अंतर को लेकर आयोग द्वारा तार्किक विसंगति पाए जाने के बाद 90 वर्षीय सेन को सुनवाई के लिए तलब किया गया था।

## निर्वाचन आयोग लोकतंत्र का रक्षक नही, वोट चोरी की साजिश का सहभागी बना : राहुल गांधी



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को गुजरात में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के तहत मुख्य विपक्षी दल समर्थक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे जाने का दावा किया और आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग अब लोकतंत्र का रक्षक नहीं, बल्कि इस वोट चोरी की साजिश का मुख्य सहभागी बन चुका है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि एसआईआर को एक व्यक्ति, एक वोट के संवैधानिक अधिकार को खत्म करने के हथियार में बदल दिया गया है, ताकि भाजपा तय करे कि सत्ता में कौन रहेगा। राहुल गांधी ने एक्स पर गुजरात कांग्रेस कमेटी के एक पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए दावा किया कि गुजरात में एसआईआर के नाम पर सुनियोजित, संगठित और रणनीतिक वोट चोरी की जा रही है। राहुल गांधी ने कहा, जहां-जहां एसआईआर, वहां-वहां वोट चोरी। गुजरात में एसआईआर के नाम पर जो कुछ किया जा रहा है, वह किसी भी तरह की प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है यह सुनियोजित, संगठित और रणनीतिक वोट चोरी है। उन्होंने दावा किया कि सबसे चौंकाने वाली और ख़तरनाक बात यह है कि एक ही नाम से हज़ारों-हज़ार आपत्तियाँ दर्ज की गईं। राहुल गांधी ने कहा, चुन-चुनकर खास वर्गों और कांग्रेस समर्थक बूथों के वोट काटे गए। जहां भाजपा को हार दिखती है, वहां मतदाता ही सिस्टम से ग़ायब कर दिए जाते हैं। यही चलन आलंद में दिखा। यही राजुरा में दिखा। और अब वही ब्लूप्रिंट गुजरात, राजस्थान और हर उस राज्य में लागू किया जा रहा है, जहां एसआईआर थोपा गया है। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर को एक व्यक्ति, एक वोट के संवैधानिक अधिकार को खत्म करने के हथियार में बदल दिया गया है - ताकि जनता नहीं, भाजपा तय करे कि सत्ता में कौन रहेगा।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, 'सबसे गंभीर सच्चाई यह है कि निर्वाचन आयोग अब लोकतंत्र का रक्षक नहीं, बल्कि इस वोट चोरी की साज़िश का मुख्य सहभागी बन चुका है।

## संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर लोग दिल्ली विधानसभा की कर सकेंगे सैर

नयी दिल्ली। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 25 और 26 जनवरी की शाम को दिल्ली विधानसभा परिसर लोगों के लिए खुला रहेगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, विधानसभा परिसर शाम पांच बजे से रात आठ बजे तक खुला रहेगा और इस दौरान लोग 115 साल पुरानी इमारत व परिसर के भीतर स्थित प्रमुख विरासत स्थलों का भ्रमण कर सकेंगे। बयान के मुताबिक, गणतंत्र दिवस समारोह के अंतर्गत, दोनों दिन एक प्रसिद्ध बैंड देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देगा। इसमें कहा गया है कि साहित्य कला अकादमी की तरफ से भी जीवंत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की जाएंगी और शाम को विधानसभा भवन तिरंगे की रोशनी से जगमगाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने दिल्लीवासियों को विधानसभा आने और देशभक्ति की सच्ची भावना से गणतंत्र दिवस मनाने के लिए आमंत्रित किया है। बयान के अनुसार, इस यात्रा के लिए पहले से पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। इसमें कहा गया है कि परिसर में शाम पांच बजे से वैध पहचान पत्र दिखाने पर सुरक्षा जांच के बाद आगंतुकों को प्रवेश दिया जाएगा।

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति राष्ट्र को करेंगी संबोधित

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान जारी करके यह जानकारी दी। शनिवार को जारी बयान में कहा गया है कि यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित होगा और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर पहले हिंदी में और फिर अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। संबोधन के दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारण के बाद, दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण होगा। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि आकाशवाणी अपने संबंधित क्षेत्रीय चैनलों पर सुबह 9:30 बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में संबोधन प्रसारित करेगा।

## 76 साल पहले भारतीय संविधान पर किये थे हस्ताक्षर

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने संविधान निर्माण की यात्रा के एक पड़ाव का जिक्र करते हुए शनिवार को कहा कि ठीक 76 साल पहले संविधान सभा के 264 सदस्यों ने

**❍ संविधान सभा के 264 सदस्यों ने**

भारत के संविधान पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किये थे। रमेश ने इस बात का भी जिक्र किया कि इन सभी सदस्यों ने एक साथ तस्वीर भी खिंचवाई थी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, आज से 76 वर्ष पहले, संविधान सभा के 264 सदस्यों ने



भारतीय संविधान पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए थे जिसे वे पहले ही 26 नवंबर 1949 को अपना चुके थे।

उन्होंने इसकी तीन प्रतियों पर हस्ताक्षर किए जिनमें से दो अंग्रेजी और एक हिंदी में हस्तलिखित थीं और उनमें शांतिनिकेतन के उन कलाकारों द्वारा बनाए गए 22 चित्रांकन शामिल थे, जिनका नेतृत्व स्वयं नंदलाल बोस ने किया था। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी में सुंदर कैलिग्राफी प्रेम बिहारी नारायण रायजादा ने की थी जबकि हिंदी में यह कार्य वसंत के. वैद्य ने किया था।

रमेश ने कहा इन हस्तलिखित प्रतियों के पहले पन्ने पर राष्ट्रीय प्रतीक अंकित था, जिसे दीनानाथ भार्गव ने डिजाइन किया था। नंदलाल बोस के आग्रह पर उन्होंने कुछ महीनों तक कोलकाता के चिड़ियाघर में जाकर शेरों का अध्ययन किया, ताकि प्रतीक में बने शेर बिल्कुल असली शेरों जैसे दिखें। उन्होंने कहा कि अगस्त 1954 में स्थापित ललित कला अकादमी ने इस चित्रित संविधान को एक मौलिक कला ग्रंथ बताया।

## पुलिस एसआई भर्ती घोटाले में कर्नाटक के आईपीएस अधिकारी की संपत्ति कुर्क

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने 2021-22 के दौरान राज्य में पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन जांच के तहत कर्नाटक कैडर के आईपीएस अधिकारी अमृत पॉल और एक हेड कांस्टेबल की संपत्तियों को कुर्क कर लिया है।

संघीय एजेंसी ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि जब्त की गई संपत्तियों में आवासीय इकाइयां शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि शुक्रवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पॉल और हेड कांस्टेबल श्रीधर एच की संयुक्त रूप से 1.53 करोड़ रुपये की संपत्ति को जब्त करने का आदेश जारी किया गया था।

भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1995 बैच के अधिकारी पॉल को 2022 में कर्नाटक अपराध जांच विभाग (सीआईडी) द्वारा एसआई भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उस समय वे अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (भर्ती) के पद पर कार्यरत थे।

## शांति वार्ता से पहले यूक्रेन पर रूस का हमला

एजेंसी

कीव। यूक्रेन में चार साल से जारी युद्ध को खत्म करने के उद्देश्य से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी में यूक्रेन, रूस और अमेरिका के वार्ताकारों के बीच शनिवार को दूसरे दिन की वार्ता से पहले रूस ने शुक्रवार रात कीव पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए, जिनमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 31 अन्य घायल हो गए।

कीव शहर के सैन्य प्रशासन प्रमुख तिमूर तकाचेंको के मुताबिक, यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस के ड्रोन हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। वहीं, खारकीव के क्षेत्रीय प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने शनिवार को बताया कि यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर रूस के ड्रोन हमलों में 27 लोग घायल हो गए। ये



हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब शनिवार को यूएई में संबंधित देशों के वार्ताकारों के बीच दूसरे दिन की वार्ता होने की संभावना थी। यह वार्ता अमेरिकी

**❍ एक व्यक्ति की मौत, 31 अन्य घायल**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के अधिकारियों की दोनों देशों के साथ हुई पहली ज्ञात बैठक है, जो वाशिंगटन की ओर से यूक्रेन में लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये वार्ताएं संवाद को बढ़ावा देने और संकट का राजनीतिक समाधान खोजने से जुड़ी कोशिशों का हिस्सा हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को हुई पहले दिन की वार्ता को सार्थक बताया।

हाल में हुए हमलों के बाद यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने इस हमले को लेकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की कड़ी आलोचना की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, पुतिन ने धूर्ततापूर्वक यूक्रेन पर एक क्रूर और व्यापक मिसाइल हमले का आदेश दिया, ठीक उसी समय जब अमेरिका के नेतृत्व वाली शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिनिधिमंडल अबू धाबी में बैठक करने वाले थे।

## ज़ुबिन के परिवार ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

एजेंसी

गुवाहाटी। असम के सांस्कृतिक प्रतीक जुबिन गर्ग के परिवार ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर पिछले साल सितंबर में सिंगापुर में उनकी मौत के संबंध में त्वरित सुनवाई और उचित राजनयिक-कानूनी कार्वाई के लिए एक विशेष अदालत गठित करने का अनुरोध किया।

परिवार ने यह भी अनुरोध किया कि न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने तक मामले के किसी भी आरोपी को जमानत न दी जाए। जुबिन की पत्नी गरिमा, बहन पाल्मी बोरठाकुर और चाचा मनोज बोरठाकुर के हस्ताक्षर वाले पत्र में परिवार ने कहा कि गायक-संगीतकार की मौत से न केवल एक परिवार शोक संतप्त है, बल्कि इसने लाखों लोगों को इस मामले में स्पष्टता

**❍ गायक की मौत के मामले में त्वरित सुनवाई की मांग की**

और कानूनी कार्वाई की मांग करने के लिए मजबूर किया है।

परिवार ने कहा कि जहां असम पुलिस की सीआईडी गुवाहाटी में मामले की जांच कर रही है, वहीं सिंगापुर के अधिकारी भी अपनी जांच कर रहे हैं और परिवार दोनों न्यायक्षेत्रों के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है। परिवार ने अब भारत में एक विशेष अदालत के गठन के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है, ताकि मामले में त्वरित सुनवाई और जनता के विश्वास की बहाली सुनिश्चित की जा सके।

जुबिन के परिवार ने उचित न्यायिक और प्रशासनिक उपायों के माध्यम से मुकदमे की कार्यवाही में तेजी लाए जाने का अनुरोध किया है, ताकि न्याय में देरी न हो और समय के साथ दलीलें कमजोर न पड़ें। परिवार ने यह भी सुनिश्चित करने की भी मांग की है कि न्याय प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी आरोपी को जमानत न दी जाए।

## कार में मृत मिले जीएसटी अधिकारी की पत्नी

बीड। महाराष्ट्र के बीड जिले में पिछले सप्ताह एक कार में मृत पाए गए जीएसटी अधिकारी की पत्नी ने दावा किया है कि कार्यस्थल पर लगातार मानसिक उत्पीड़न के कारण उन्होंने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को बताया कि जिले के वस्तु एवं सेवा कर विभाग के एक अधिकारी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का एक मामला दर्ज किया गया है। सचिन जाधवर 17 जनवरी को धुले-सोलापुर राजमार्ग के कपिलधरवाड़ी खंड में एक कार में मृत पाए गए थे। उस समय पुलिस ने दावा किया था।




## वायनाड के पीड़ितों का ऋण माफ करेंने का अनुरोध

एजेंसी

वायनाड (केरल)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से पत्र लिखकर वायनाड में मुंडक्कई-चूरलमाला आपदा के पीड़ितों द्वारा लिए गए ऋणों को माफ करने का निर्देश देने का आग्रह किया है। पार्टी ने शनिवार को यह जानकारी दी।



एक बयान में कहा गया है कि कांग्रेस सांसद ने प्रधानमंत्री से आपदा राहत कार्यों के लिए राज्य को दिए गए ऋणों को अनुदान में परिवर्तित करने का भी आग्रह किया है। पार्टी ने कहा है कि मुंडक्कई-चूरलमाला भूस्खलन के संबंध में वायनाड को कोई केंद्रीय सहायता नहीं मिलने के बाद, केरल के सभी सांसदों ने दिसंबर 2024 में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की थी। इसके बाद फरवरी 2025 में प्रियंका ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर यह बताया था कि भूस्खलन के छह महीने बाद पुनर्वास के लिए ऋण के रूप में धन उपलब्ध कराना अन्यायपूर्ण और अमानवीय था।

उन्होंने प्रधानमंत्री से आपदा में अपनी आजीविका खो चुके जीप और ऑटो रिक्शा चालकों, छोटे व्यापारियों और होमस्टे संचालकों के ऋण माफ करने का भी अनुरोध किया था। वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पिछले साल अक्टूबर में एक अन्य पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री से दोबारा यह अनुरोध किया था। उन्होंने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) से बैंकों को निर्देश देने का भी अनुरोध किया था कि वह अपनी वैधानिक शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए आपदा पीड़ितों को दिए गए ऋण माफ कर दें। बयान में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने अदालत में यह रुख अपनाया था कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम में संशोधन के बाद ऋण माफ नहीं किए जा सकते।

हालांकि, केरल उच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी की थी कि संविधान के अनुच्छेद 73 के तहत केंद्र सरकार द्वारा ऋण माफी के संबंध में कोई बाधा नहीं है।

संविधान का अनुच्छेद 73 केंद्र सरकार की कार्यकारी शक्तियों की सीमा निर्धारित करता है। जुलाई 2024 में वायनाड के मुंडक्कई-चूरलमाला क्षेत्र में हुए भूस्खलन में 200 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और सैकड़ों घर नष्ट हो गए थे।







## दिल्ली में विभिन्न मामलों में वांछित झपटमार मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में एमबी रोड के पास पुलिस के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद फोन झपटमारी की कई घटनाओं में कथित रूप से शामिल एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने कुख्यात झपटमार सतीश भाटी (22) की आवाजाही के बारे सूचना मिलने पर शुक्रवार को छठ घाट पार्क के पास जाल बिछाया। उन्होंने बताया कि देर रात जब सतीश नजर आया और उसे रुकने का इशारा किया गया, तो उसने कथित तौर पर भागने की कोशिश की, लेकिन उसकी मोटरसाइकिल फिसल गई, जिससे वह गिर गया। अधिकारी के मुताबिक, लेकिन सतीश ने भागने की कोशिश में पुलिस दल पर गोली चला दी। उन्होंने बताया आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी कार्वाई की। संक्षिप्त गोलीबारी के बाद उसे पकड़ लिया गया। इस घटना में कोई भी पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K